# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-03-2023

# हत्या के प्रयास के जुर्म में दो को 83 माह की कैद

**गोरखपुर(एसएनबी)।** हत्या के प्रयत्न का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार ने पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर बड़का टोला निवासी राम आशीष गुप्ता व श्यामसुंदर गुप्ता को 83 माह के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 25 सौ रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा का कहना था कि वादी जयकरन राजभर पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर बड़का टोला का निवासी है।उसका लड़का अनिल राजभर 24 मार्च 2013 को शाम को घर से शौच के लिए निकला था। घर वापस आते समय शाम आठ बजे जब वादी का लड़का दरवाजे पर पहुंचा तो अभियुक्तगण उसे पटक कर मारने लगे और सीसे की बोतल तोड़कर जान मारने की नियत से उसके पेट में बार कर दिए। जिससे वादी के लड़के को प्राणघातक चोटें आई।

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी, केस दर्ज

**गोरखपुर(एसएनबी)।** कैन्ट इलाके के आदर्श नगर सिंघड़िया में विदेश भेजने वाली कम्पनी की गलती का खामियाजा बेरोजगार युवक को उठाना पड़ा। युवक को कंपनी ने बिना होटल का विवरण दिए विदेश भेज दिया। जिसके कारण युवक को तीन दिन मलेशिया के जेल में बितानी पड़ी। किसी तरह 30 हजार जुर्माना चुका कर वह वंहा से छुटा और इंडिया आया। जिसके बाद उसने कम्पनी व उसके संचालक के खिलाफ 1 लाख 40 हजार व जुमनि का 30 हजार लेकर कुल 1 लाख 70 हजार रुपये हड़पने व धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

**होटल का नहीं दिया डिटेल भेज दिया विदेश, तीन दिन मलेशिया के जेल में रहना पड़ा युवक को**

जानकारी के अनुसार मूल रूप से बिहार के मडसरा रुकुन्दीपुर निवासी रंजन महतो शाहपुर के बशारतपुर में रहते हैं। कैन्ट के सिंघड़िया आदर्शनगर स्थित विदेश भेजने वाली जयकारा ट्रेनिंग एंड टेस्ट सेंटर पर विदेश जाने के लिए सम्पर्क किया। कम्पनी के हरीश उर्फ हरेंद्र यादव ने रंजन महतो से 1 लाख 40 हजार रुपये लेकर मलेशिया का फर्जी बीजा दे दिया। बाद में कम्पनी ने उसे दूसरा बीजा दिया। रंजन महतो उस बीजा पर मलेशिया चले गए। वंहा पहुंचे तो पता चला कि बीजा में होटल का विवरण नही है। इस वजह से रंजन महतो को 8 मार्च 2023 से लेकर 10 मार्च 2023 तक कुल 3 दिन मलेशिया के जेल में रहना पड़ा। किसी तरह 30 हजार जुर्माना भरकर वह जेल से छुटा और भारत लौटा। इसके बाद उसने हरेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला से मोबाइल लूटा राहगीरों ने दबोचा

गोरखपुर। नौका विहार से पैदल घर जा रही महिला से पैडलेगंज में बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया। महिला के शोर मचाने पर बाइक सवार बदमाश गिर पड़े। आसपास के लोगों ने एक बदमाश को दबोच लिया, जबकि उसका साथी भाग गया। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

बिछिया के जंगल तुलसीराम निवासी रोहित सिंह की पत्नी आस्था गुरुवार की शाम नौकायन गई थीं। शाम सात बजे के करीब पैदल ही पैडलेगंज की तरफ आ रही थी। इसी बीच पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया। महिला ने शोर मचाया तो राहगीरों ने बाइक से बदमाशों का पीछा किया।


इस दौरान बाइक अनियंत्रित होने से बदमाश गिर गए। एक बदमाश फरार हो गया जबकि एक पकड़ा गया। पकड़े गए बदमाश की पहचान गोरखनाथ के पचपेड़वा निवासी अनिल साहनी के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास से महिला से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया।

# खनन माफिया ने किसान को पीटा, फसल किया नष्ट

**भटहट (एसएनबी)**। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल हरपुर के एक किसान को खनन माफियाओं ने लाठी-डंडों से पीटने के साथ ही उसकी फसल को नष्ट कर दिया।

किसान का आरोप है कि खनन माफिया उसके द्वारा रेहन लिए गए खेत के बगल से मानक से अधिक मिट्टी निकाल रहे थे। जिसका उसने विरोध किया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद एवं पांच अज्ञात के विरुद्ध मारपीट बलवा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। जंगल हरपुर के गोविंदपुर टोला निवासी पाना देवी पत्नी ध्रुव निषाद ने तहरीर देकर बताया कि रेहन खेत लेकर उसके द्वारा सब्जी की खेती की जाती है। उसके सब्जी के खेत के बगल में ही अवैध मिट्टी खनन करने वाले मानक से अधिक गहराई में खनन कर रहे थे, जिसका उसके द्वारा विरोध किया गया था।

कृष्ण गोपाल मिश्र




चैत्र मास की 11, प्रविष्टे। ारम्भ। भरणी नक्षत्र अप. म्भ। चन्द्रमा मेष राशि का ब्रह्मवत: (बिठूर) में सिद्ध

छी धूप निकलेगी।

# दो दर्जन चौकी प्रभारियों का तबादला

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने बीती रात चौकी प्रभारियों और थाने पर तैनात दारोगाओं की कार्यो की समीक्षा करने के बाद दो दर्जन चौकी प्रभारियों के कार्य क्षेत्र बदले गए है। इनमे से पांच चौकी प्रभारियों को कार्यो में शिथिलिता बरतने के मामले में चौकी से लाइन हाजिर कर दिया।

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में तैनात दारोगा धर्मवीर को चौकी प्रभारी सोनबरसा , विशाल उपाध्याय चौकी प्रभारी सोनबरसा से हटाकर चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर, अभय कुमार उपाध्याय चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर से चिलुआताल थाने पर अटैच किया।

इसी क्रम में विकास मिश्रा को खोराबार थाने से चौकी प्रभारी मछली गांव,शशि किरन थाना कैंट से चौकी प्रभारी नई बाजार, राधेश्याम सेहरा गुलरिहा थाने से चौकी प्रभारी सरहरी, कमलेन्द्र सिंह कैंपियरगंज थाने से गुलरिहा थाने के चौकी प्रभारी भटहट, सदानन्द सिन्हा चौकी प्रभारी घासीकटरा से चौकी प्रभारी बसन्तपुर, खुर्शीद अहमद चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग कालेज से चौकी प्रभारी घासीकटरा, एसएसपी पीआरओ विवेक मिश्रा को रेलवे चौकी प्रभारी,अवधेश मिश्रा चौकी प्रभारी धर्मशाला बाजार से चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग कालेज, विकास कुमार गोला थाने से चौकी प्रभारी चिड़ियाघर,चंदन चौकी प्रभारी पादरी बाजार से चौकी प्रभारी जेल रोड, रुपेश पाल चौकी प्रभारी नई बाजार से चौकी प्रभारी आजाद चौक, आशीष सिंह चौकी प्रभारी आजाद चौक से चौकी प्रभारी पादरी बाजार, पुरुषोत्तम सिंह चौकी प्रभारी आजाद चौक से चौकी प्रभारी झरना टोला, अभय नरायन सिंह चौकी प्रभारी झरना टोला से चौकी प्रभारी आजाद नगर, मनोज कुमार वर्मा खोराबार एसएसआई से चौकी प्रभारी धर्मशाला बाजार,दिग्जिय सिंह परमार चौकी प्रभारी रहमतनगर से हटाकर थाना रामगढ़ताल,रविन्द्र नाथ चौबे, पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी रहमत नगर ,सुदेश कुमार शर्मा चौकी प्रभारी सरहरी से थाना गुलरिहा, आशीष तिवारी चौकी प्रभारी बसंतपुर से थाना खोराबार अजय कुमार चौकी प्रभारी चिड़ियाघर और महिला दारोगा चौकी प्रभारी जेल रोड से थाना रामगढ़ताल थाने पर तैनाती दी गई है।

**पांच चौकी प्रभारियों को एसएसपी ने भेजा लाइन**

**कैंपियरगंज थाने पर तैनात कमलेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी भटहट**

**खोराबार एसएसआई मनोज वर्मा धर्मशाला चौकी प्रभारी बने**

# किशोरी के अपहरण का केस

**पिपराइच (एसएनबी)।** थाना पुलिस ने एक किशोरी को बहलाफुसलाकर अपहृत किए जाने के आरोपित युवक के विरूद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है। क्षेत्र के निवासी एक डॉक्टर ने बहलाफुसलाकर अपनी भांजी को अपहृत कर ले जाने का आरोप रजहीं कैंप निवासी मदन उर्फ साहिल निषाद पर लगाया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश और लड़की की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

# पांच किन्नरों पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**सहजनवा (एसएनबी)।** तान्या किन्नर को गोली मारकर घायल करने के आरोपितो के गिरफ्तारी के लिए सहजनवा थाने पर हंगामा करने,राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने, ईंट पत्थर चलाने व लोगों भय पैदा करने के आरोप में एसआई के रिपोर्ट के बाद पुलिस ने किन्नर दिव्या,सिद्धि,निकिता,बिजली,सोनी समेत बीस अज्ञात पर 147,149,283,341एवं दण्ड विधि संशोधन अधिनियम 7 के तहत सहजनवा पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# खोराबार पुलिस ने प्रधान पति को किया शांति भंग में चालान

**खोराबार (एसएनबी)।** बीते दिनों तमंचा के साथ सोशल मीडिया पर वीडियों वायरल के मामले में प्रधान पति को पुलिस हिरासत में लेकर खानापूर्ति के तौर पर शांतिभंग में चालान कर दिया। जबकि अन्य किसी व्यक्ति का मामला होता तो पुलिस फौरी तौर पर एक्शन में आ जाती है। वैसे पुलिस का दलील है कि फोटो पुराना है लिहाजा जिस व्यक्ति के पास असलहा मिला था उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। खोराबार थाना क्षेत्र के गौर के प्रधान पति राज जायसवाल का किसी ने असलहे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। पुलिसिया जांच पड़ताल के बाद यह तथ्य सामने आया कि सोशलमीडिया पर असलहे के साथ फोटो का मामला पुराना है। पुलिस कुछ वर्ष पूर्व में मामले में असलहे रखने वाले व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर चुकी है। शुक्रवार को पुलिस गौर के प्रधान पति राज जायसवाल को गिरफ्तार करके उसका शांति भंग में चालान कर दी।

# हत्या के जुर्म में तीन को उम्रकैद

**गोरखपुर(एसएनबी)।** हत्या कर लाश छिपाने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने शाहपुर थाना क्षेत्र के घोसीपुरवा निवासी अभियुक्त फखरुद्दीन अली उर्फ बग्गा,शिवपुर सहबाजगंज पादरी बाजार निवासी अभियुक्त सुमित कुमार मिश्र व तिवारीपुर थाना क्षेत्र के अधियारीबाग निवासी अभियुक्त सुशील कुमार को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 15 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि वादी नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के चाचा राजेश श्रीवास्तव की धर्मपुर तिराहे पर दुकान है। 30 जुलाई 2006 की रात करीब 11 बजे तक जब वादी के चाचा घर नहीं आए तो परिवार के लोग उन्हें तलाशने लगे। 11.30 बजे वादी को सूचना मिली कि उसके चाचा की लाश उनके दुकान के सामने नाले में पड़ी है। दौरान विवेचना अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया और पता चला कि अभियुक्तों ने मिलकर वादी के चाचा की हत्या कर लाश छिपाने के लिए उसे नाले में डाल दिया।

# 'कोरोना के दौरान रिहा कैदी आत्मसमर्पण करें'

## सुप्रीम कोर्ट ने 15 दिन के भीतर आत्मसमर्पण करने का दिया आदेश



**NEW DELHI (24 March, Agency) :** सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना महामारी के दौरान कारागारों में भीड़ कम करने के लिए रिहा किए गए सभी दोषियों एवं विचाराधीन कैदियों को 15 दिन में आत्मसर्मण करने का शुक्रवार को आदेश दिया.

जस्टिस एमआर शाह और सीटी रविकुमार की बेंच ने कहा कि महामारी के दौरान एहतियात के तौर पर आपातकालीन जमानत पर रिहा किए गए विचाराधीन कैदी सरेंडर के बाद सक्षम अदालतों से नियमित जमानत का अनुरोध कर सकते हैं. कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने से रोकने के लिए दोषियों और विचाराधीन कैदियों को रिहा किया गया था.

### सजा निलंबन के लिए कर सकेंगे अनुरोध

बेंच ने कहा, कोरोना के दौरान रिहा किए गए सभी दोषी सरेंडर के बाद अपनी सजा के निलंबन के लिए सक्षम अदालतों से अनुरोध कर सकते हैं. कई दोषियों और विचाराधीन कैदियों को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों पर विभिन्न राज्यों से रिहा किया गया था. इनमें अधिकतर कैदियों के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज हैं, जो जघन्य प्रकृति के नही हैं.

# बिकाऊ है खाकी, 300 में स्टार, बोलो खरीदोगे

**दुकान पर बेरोक-टोक कोई भी ले सकता है पुलिस की वर्दी**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (24 March):** कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं. यह डायलॉग तो आप सभी के जेहन में होगा, पर शायद अब अपराधियों ने पुलिसिया तरकीबों को अख्तियार कर अपराध करना शुरू कर दिया है. रामगढ़ताल और शाहपुर एरिया में पकड़ी गई नकली पुलिस इसकी बानगी है. वैसे तो पुलिस और कानून व्यवस्था सख्त है, लेकिन कानून तोड़ने वालों के लिए खाकी वर्दी को पाना बेहद आसान और सस्ता है. गोरखपुर में आधा दर्जन से अधिक दुकानें हैं, जहां पर पुलिस की वर्दी और अन्य सामान मिलते हैं. यहां से कोई भी पुलिस की वर्दी 3-4 हजार रुपए में खरीद सकता है. वर्दी खरीदने की प्रॉसेस आसान होने की वजह से ही इसका अब मिस्यूज भी होने लगा है. यही वजह है कि इधर हुई कई घटनाओं में नकली पुलिस असली पुलिस के लिए सिर दर्द बनी है.

**i SHOCKING**



रेलवे स्टेशन की दुकानों पर मिलती है ड्रेस.

### पुलिस युनिफार्म का प्राइज (रुपए में)

| | |
|---|---|
| वर्दी | 3500-4000 |
| टोपी | 400 |
| पुलिस बैज | 70 |
| फ्लैप बाजू बैंड | 70 |
| 4 स्टार | 300 |
| डोरी सिटी | 150 |
| बेल्ट | 500 |
| जूता | 1500-1600 |
| मोजा | 150 |
| पिस्टल डोरी | 100 |
| नेम प्लेट | 60-100 |
| यूपीपी बैच | 40-50 |

### यहां मिलती है वर्दी

गोरखपुर में आधा दर्जन से अधिक दुकानों पर स्पेशली पुलिस की वर्दी मिलती है. रेलवे स्टेशन, गोलघर, बक्शीपुर, पुलिस लाइन के सामने और कूड़ाघाट में पुलिस की वर्दी मिलती है.

**" जो भी दुकान है उनको पुलिस की वर्दी देते समय आईकार्ड जरूर देखना चाहिए. खाकी वर्दी का गलत इस्तेमाल जो भी करेगा उस पर कड़ी कार्रवाई होगी.**

कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी

### तीन हजार में वर्दी खरीदकर बन गया दरोगा

CASE 01 रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने 22 मार्च (बुधवार) को एक ठग को पकड़ा, जो तीन हजार रुपए में वर्दी खरीदकर नकली दरोगा बन गया. कुशीनगर का मूल निवासी और हाल पता रामगढ़ताल के पास रहने वाला अपूर्व राय वर्दी पहनकर खुद को दरोगा बताता था. नौकायन पर लगी दुकानों से दरोगा बनकर वसूली करता था. यही नहीं वो गोंडा के एक कॉलेज से बीसीए कर रहा था, लेकिन उसने अपने घर पर बताया था कि वो पुलिस की ट्रेनिंग भी ले रहा है. अपूर्व वर्दी में दो स्टार और साथ में पुलिस का फर्जी आईकार्ड भी रखता था.

### पुलिस बनकर प्रेमी जोड़े से वसूली

CASE 02 21 मार्च (मंगलवार) की दोपहर में खोराबार एरिया के कुसम्ही जंगल में पिपराइच के प्रेमी जोड़े घूमने आए थे. वहां पर एक युवक आया और खुद को पुलिसकर्मी बताकर प्रेमी जोड़े को घेर लिया. प्रेमी की पिटाई कर फर्जी पुलिसकर्मी ने उसके जेब से 1450 रुपए भी निकाल लिए. इसके बाद वो लड़की को जबरदस्ती जंगल में ले जाने लगा. शोर मचाने पर लोगों को अपनी ओर आता देख फर्जी पुलिसकर्मी फरार हो गया. प्रेमी ने खोराबार थाने में इसकी लिखित शिकायत की है.

### वर्दी पहनकर रील बनाते धराया युवक

CASE 03 शाहपुर एरिया में 19 मार्च को एक युवक पुलिस की वर्दी पहनकर पार्क में रील बना रहा था. कालोनी वासियों की जानकारी पर पुलिस पहुंची तो युवक को देखकर चौंक गई. युवक से पूछताछ में पता चला कि उसका नाम हरिराम है. उसने रील बनाने के लिए पुलिस की वर्दी खरीदी थी.

### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

- 16 फरवरी 2016 में कुसम्ही में फर्जी दरोगा बनकर प्रेमी युगल से वसूली करने के आरोप में पुलिस ने रजही निवासी प्रदीप उर्फ झीनक और विजय को अरेस्ट किया था.
- 30 जुलाई 2017 कुशीनगर के कप्तानगंज पुलिस ने फर्जी दरोगा दिग्विजय को अरेस्ट किया था.
- 9 जनवरी को देवरिया के रुद्रपुर पुलिस ने रामनगीना नाम के युवक को अरेस्ट किया. वह पुलिस बनकर वसूली करता था.

### एसएसपी ने किया था सावधान

अगस्त माह में कई टप्पेबाजी की घटनाएं सामने आई थी, जिसमें ठग पुलिस बनकर लोगों से ठगी कर लिए थे. इसके बाद गोरखपुर एसएसपी ने फर्जी पुलिस से सभी को सावधान रहने को कहा था. यही नहीं शहर और रूरल एरियाज में पब्लिक को सावधान करने के लिए अनाउंसमेंट भी करवाई गई थी.

# महिला से उचक्कों ने लूटा मोबाइल फोन, पकड़े गए

**24 घंटे में पकड़ लिए गए दोनों लुटेरे, गुरुवार को हुई थी छिनैती**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (24 March):** नौकायन घूम कर पैदल घर जा रही महिला से पैडलेगंज में बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया. महिला के शोर मचाने पर राहगीरों ने पीछा किया. इस दौरान बाइक सवार बदमाश गिर गए, तभी लोगो ने एक लुटेरे को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया. जबकि उसका साथी फरार हो गया. दूसरे बदमाश को भी 24 घंटे के अंदर पुलिस ने शुक्रवार को अरेस्ट कर लिया.



पुलिस गिरफ्त में लूटपाट के आरोपित.

### नौकायन गई थी महिला

बिछिया के जंगल तुलसीराम निवासी रोहित सिंह की पत्नी आस्था गुरुवार शाम नौकायन घूमने गई थी. वह 7 बजे के करीब पैदल ही पैडलेगंज की तरफ आ रही थी. तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर बुद्ध गेट के पास उनका मोबाइल छीन लिया. महिला ने शोर मचाया तो राहगीर बाइक से बदमाशो का पीछा शुरू कर दिया. इस दौरान बाइक सवार बदमाश अनियंत्रित होकर गिर गए. एक बदमाश मौके पर ही पकड़ लिया गया. इधर, पकड़े गए बदमाश की पहचान गोरखनाथ के पचपेड़वा निवासी अनिल साहनी और आनंद चौहान के रूप में हुई. उसके लूटा मोबाइल भी बरामद हुआ. आस्था की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों बदमाशों को जेल भेज दिया.

# एसएसएफ ने संभाली एयरपोर्ट की सुरक्षा

## प्रदेश सरकार ने नई यूनिट का किया है गठन, दिल्ली से ट्रेनिंग के बाद आए जवान

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एयरपोर्ट की सुरक्षा अब उप्र एसएसएफ (उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स) ने संभाल ली है। दिल्ली से ट्रेनिंग लेकर लौटे 73 जवानों को सुरक्षा में तैनात कर दिया गया है। इस फोर्स का गठन प्रदेश सरकार ने किया है और इसे कई विशेष अधिकार दिए गए है। सबसे बड़ी बात यह है कि फोर्स को जांच और गिरफ्तारी के लिए किसी से वारंट लेने की जरूरत नहीं होगी।

### आम फोर्स से यह है अलग

13 सितंबर 2020 को उप्र सरकार ने एक विशेष सुरक्षा बल का गठन किया। बिना वारंट गिरफ्तार करने और बिना वारंट तलाशी लेने का अधिकार है। एडीजी स्तर के आईपीएस अफसर इसके मुखिया हैं। इस फोर्स के पास सिर्फ मेट्रो रेल, हवाई अड्डों, औधोगिक संस्थानों, अदालतों, धार्मिक स्थानों, बैंकों की सुरक्षा की ही जिम्मेदारी दी जाएगी।

*एयरपोर्ट की सुरक्षा विशेष बल संभाल रही है। इसमें पीएसी और पुलिस वालों को शामिल किया गया है। विशेष प्रशिक्षण के बाद इनकी तैनाती कर दी गई है। यूपी पुलिस भी साथ में लगी है।*

***- विजय कौशल, मुख्य सुरक्षा अधिकारी, एयरपोर्ट***

उप्र एसएसएफ में पीएसी और उत्तर प्रदेश पुलिस से शामिल किए गए तेज तर्रार पुलिस वालों को शामिल किया गया। सभी का दिल्ली में सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) की तर्ज पर प्रशिक्षण कराया गया है। इसके बाद इन्हें पहले चरण में एयरपोर्ट सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। नागरिक पुलिस सुरक्षा में मदद करेगी। दूसरे चरण में एसएसएफ के जवानों को कचहरी व गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश एसएसएफ का गठन राज्य सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की तर्ज पर किया है। गोरखपुर समेत प्रदेश के पांच शहरों में बटालियन का गठन किया गया है।

# हत्या के जुर्म में तीन को आजीवन कारावास

गोरखपुर। हत्या कर लाश छिपाने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने शाहपुर थाना क्षेत्र के घोसीपुरवा निवासी अभियुक्त फखरुद्दीन अली, शिवपुर सहबाजगंज पादरी बाजार निवासी अभियुक्त सुमित मिश्र व तिवारीपुर थाना क्षेत्र के अधियारीबाग निवासी अभियुक्त सुशील कुमार को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 15 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है।

# हत्या के प्रयास के जुर्म में दो को 83 माह की सजा

गोरखपुर। हत्या के प्रयत्न का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार ने पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर बड़का टोला निवासी राम आशीष गुप्ता व श्यामसुंदर गुप्ता को 83 माह के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 25 सौ रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा ने दलीले रखी।

# सीएम 28 मार्च की शाम पहुंचेंगे भारत सेवाश्रम !

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** वासंतिक नवरात्र पर भारत सेवाश्रम संघ परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस चार दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन 28 मार्च की शाम 4.30 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पहुंचेंगे और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित भी करेंगे।

भारत सेवाश्रम संघ गोरखपुर के सचिव स्वामी निःश्रेयसानंद ने बताया कि 27 से 30 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पिछले कई वर्षो से मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस बार



28 मार्च महासप्तमी के अवसर पर सेवाश्रम संघ आएंगे और मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना करेंगे। इस कार्यक्रम में भारत सेवाश्रम संघ के मुख्य सचिव स्वामी विश्वात्मानंद जी महाराज भी शामिल होंगे। कुरुक्षेत्र से स्वामी तारानन्द, रायपुर से स्वामी शिवरूपानन्द, वाराणसी से स्वामी विष्णुदेवानन्द, निमसार से स्वामी शांतिनाथानन्द भी आएंगे।

**महाषष्ठी को स्थापित की जाएगी प्रतिमा:** स्वामी निःश्रेयासानन्द ने बताया कि 27 मार्च को महाषष्ठी पर प्रतिमा स्थापित होगी। 28 मार्च को सप्तमी विहित पूजा, पुष्पांजलि एवं शाम सात बजे मां की संध्या आरती होगी। रात आठ बजे समूह नृत्य प्रस्तुत होगा।

**तीन दिन होंगे विशेष आयोजन:** 29 मार्च को रात 9.55 बजे से संधि पूजा शुरू होगी और 10.42 बजे तक चलेगी। 30 मार्च को अन्नकूट उत्सव, हवन व महाप्रसाद बंटेगा। 31 मार्च को सुबह दशमी विहित पूजा होगी।

# शहर पहुंचा राजयोग मेडिटेशन अभियान

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से तनाव प्रबन्धन, स्व प्रबन्धन और कार्यकुशलता के लिए चलाया जा रहा देशव्यापी अभियान शुक्रवार को गोरखपुर पहुंच गया। यहां इसका भव्य शुभारंभ हुआ। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की भगिनी संस्था राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के सुरक्षा सेवा प्रभाग की ओर से संपूर्ण भारत में आर्मी, पैरा मिलिट्री और सुरक्षा से जुड़े विभागों में यह अभियान चलाया जा रहा है।

शाहपुर केन्द्र की संचालिका बीके पारुल ने बताया कि भारतीय वायु सेना,



पुलिस लाइन में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि द्वारा कार्यक्रम।

रेलवे सुरक्षा विशेष बल, पुलिस लाइन, 26वीं वाहिनी पीएसी, एसएसबी, जिला जेल, ब्रह्मकुमारीज मोहद्दीपुर, शाहपुर, मायाबाजार स्थित सेवा केन्द्र पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान केरल से आए ब्रह्मकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय स्तर के वक्ता प्रो. ईवी स्वामीनाथन, दिल्ली से आए बीके संजीव, मीनाक्षी, राधा, ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउण्ट आबू से आए सुरक्षा प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बीके शैलेन्द्र आदि रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुड़दंग, ईंट फेंकने वाले किन्नरों पर केस

सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद। सहजनवा थाना क्षेत्र के भीमापार की रहने वाली किन्नर तान्या को गोली मारने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उसकी साथी किन्नरों ने कुछ दिन पहले सहजनवा थाना के सामने पिपरा तिराहे पर जमकर हंगामा किया था।

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित करते हुए जमकर हुड़दंग मचाया था। सड़क पर ईंट पत्थर फेंकते हुए गत्ते जलाए थे। इससे आने जाने वाले लोगो में भय व्याप्त हो गया था। ठेला और दुकान चलाने वाले लोग अपनी दुकान छोड़कर भाग गए थे। अब तान्या किन्नर पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद सहजनवा पुलिस ने हुड़दंग करने वाले किन्नरों पर भी मुकदमा दर्ज किया है। सहजनवा थाने के उपनिरिक्षक चंदन नारायण की तहरीर पर थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्रा ने पांच नामजद किन्नर दिव्या, सिद्धि, निकिता, बिजली, सोनी सहित 20 अज्ञात के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## दुकान से नकदी व मोटर चोरी का केस दर्ज

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के रामनगर चौराहे पर बिल्डिंग मटैरियल व हार्डवेयर की दुकान से नकदी व मोटर की चोरी हुई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जैनपुर टोला अकटहवा निवासी सत्येन्द्र पाण्डेय की बिल्डिंग मटैरियल की दुकान है। 21 मार्च की रात में उसकी दुकान से चोरों ने दुकान में मोटर व 15 हजार नकदी उठा ले गए।

# मऊ भेजे जाएंगे 327 सजायाफ्ता बंदी

गोरखपुर। जिला कारागार में निरुद्ध 327 सजायाफ्ता बंदी अब मऊ जेल जाएंगे। जेल में बढ़ रही ओवरलोडिंग की रिपोर्ट पर शासन ने यह फैसला लिया है। सजायाफ्ता बंदियों को वहां भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है। गोरखपुर जिला कारागार में 1050 बंदियों को रखने की क्षमता है लेकिन दोगुना से ज्यादा बंदी वर्तमान में हैं। बंदियों की क्षमता को देखते हुए अन्य जिलों में नई जेल तो बनाई गई लेकिन बंदियों की संख्या बढ़ने से हर बैरक में क्षमता से दोगुना बंदी रखे जा रहे हैं।

# जिला कारागार से मऊ भेजे जाएंगे 327 सजायाफ्ता कैदी

गोरखपुर : जिला कारागार में निरुद्ध रहे 327 सजायाफ्ता कैदी मऊ जेल भेजे जाएंगे। जेल में बढ़ रही ओवरलोडिंग की रिपोर्ट के आधार पर शासन ने यह फैसला लिया है। वर्ष 1891 में बने जिला कारागार में 822 बंदियों को रखने की क्षमता थी। उस समय कारागार में कुल 23 बैरक थीं। पांच नई बैरक बनने के बाद जिला कारागार में 1050 बंदियों को रखा जा सकता है। इस समय जिला कारागार में बंदियों की संख्या 2350 हो गई है, जिसमें 450 सजायाफ्ता भी शामिल हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ओपी कटियार ने बताया कि जेल प्रशासन ने इन सजायाफ्ता बंदियों को मऊ जेल में शिफ्ट करने के लिए एसएसपी से पुलिसबल मांगा है। (जासं)

# ठगी के तीन उचक्के चढ़े पुलिस के हत्थे

गोरखपुर। जेवरात साफ करने का झांसा देकर ठगी करने के वाले तीन उचक्कों को गोरखनाथ पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से जेवरात साफ करने का पाउडर, 11700 नकदी, दो बाइक व जेवरात बरामद किया है।

धर्मशाला बाजार में कुछ दिन पहले बाइक से पहुंचे दो युवक बर्तन बेचने का सेल्स मैन बनकर पहुंचे। बर्तन साफ करने वे एक महिला के घर पहुंचे। वह झांसा देकर जेवरात साफ करने के लिए ले लिए और बाद में कागज में कंकड़ लेपट दे दिए। जबतक महिला को जालसाजी की जानकरी होती वह फरार हो चुके थे। जिनकी पहचान बिहार प्रांत के पूर्णिया जिले के रानीपटरा क्षेत्र के विलौरा निवासी विक्की शाह, कटिहार जिले के समेली निवासी रोहित कुमार शाह और कटिहार जिले के ही फल्का क्षेत्र के हसेली पीरमकाम निवासी मनोहर शाह के रूप में हुई।

# 20 चौकी इंचार्ज बदले, 7 से छिनी चौकी, नौ को जिम्मेदारी

**तबादला**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस महकमे में फेरबदल का दौर जारी है। एक साथ 20 थानों के प्रभारी बदलने के साथ ही एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने एक बार फिर चौकियों और थानों में बड़ा फेरबदल किया है। 18 चौकी प्रभारियों के तबादले के साथ ही सात दरोगा से चौकी का प्रभार छीन लिया है। नौ नए दरोगाओं पर भरोसा जताते हुए उन्हें चौकियों की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ ही थानों पर तैनात 65 अन्य दरोगाओं का भी ट्रांसफर किया है।

पुलिस लाइन में तैनात धर्मवीर को चौकी प्रभारी सोनबरसा बनाया गया है। सोनबरसा चौकी प्रभारी विशाल उपाध्याय को चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर बनाया गया। फर्टिलाइजर चौकी प्रभारी रहे अभय कुमार उपाध्याय से चौकी की कमान छीनकर उन्हें पुलिस लाइन भेजा गया। विकास मिश्रा को थाना खोराबार से चौकी प्रभारी मछलीगांव, शशि किरण को थाना कैंट से चौकी प्रभारी नई बाजार, राधेश्याम सेहरा को थाना गुलरिहा से चौकी प्रभारी सरहरी, कमलेंद्र सिंह को कैंपियरगंज से चौकी प्रभारी भटहट, सदानंद सिन्हा को चौकी प्रभारी घासीकटरा से चौकी प्रभारी बसंतपुर, खुर्शीद को इंजीनियरिंग कॉलेज से चौकी प्रभारी बसंतपुर बनाया गया है।

**65** दरोगा भी जनपद में इधर से उधर किए गए

## नए दरोगाओं को चौकी की जिम्मेदारी

एसएसपी के पीआरओ रहे विवेक मिश्रा को चौकी प्रभारी रेलवे, धर्मशाला बाजार चौकी प्रभारी अवधेश मिश्रा को इंजीनियरिंग कॉलेज, विकास कुमार को थाना गोला से चिड़ियाघर, चंदन को चौकी प्रभारी पादरीबाजार से जेल रोड, रुपेश पाल को चौकी प्रभारी नई बाजार से आजाद चौक, आशीष सिंह को चौकी प्रभारी आजाद चौक से पादरी बाजार, पुरुषोत्तम आनंद सिंह को चौकी प्रभारी आजाद नगर से झरना टोला बनाया गया है।

## कई से छिनी चौकी की कमान

अजय नारायण सिंह को चौकी प्रभारी झरना टोला से आजाद नगर, खोराबार एसएसआई मनोज कुमार वर्मा को धर्मशाला बाजार, चौकी प्रभारी रहमतनगर दिग्विजय सिंह परमार को थाना रामगढ़ताल भेज दिया गया है। पुलिस लाइन में तैनात रविंद्र नाथ चौबे को रहमतनगर, सरहरी चौकी प्रभारी सुदेश शर्मा को थाना गुलरिहा, चौकी प्रभारी बसंतपुर आशीष तिवारी को थाना खोराबार, चौकी प्रभारी चिड़ियाघर अजय को पुलिस लाइन, चौकी प्रभारी जेल रोड राजकुमारी को थाना रामगढ़ताल और चौकी प्रभारी मछलीगांव विशाल शुक्ला को एसएसआई कोतवाली बनाया गया है।

# एसएसएफ ने संभाली एयरपोर्ट की सुरक्षा

गोरखपुर, वसं। उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) ने अब गोरखपुर एयरपोर्ट के सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है। दिल्ली से प्रशिक्षण के बाद लौटे 73 जवानों को एयरपोर्ट पर तैनात कर दिया गया है। अगले चरण में गोरखनाथ मंदिर, कचहरी सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी एसएसएफ को दी जाएगी।

यूपी एसएसएफ का गठन राज्य सरकार ने सीआईएसएफ की तर्ज पर किया है। गोरखपुर समेत प्रदेश के पांच शहरों में इस बटालियन का गठन किया गया है। 26वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक को विशेष सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। शासन की मंशा के अनुरूप पहले चरण में पुलिस व पीएसी जवानों का एसएसएफ में शामिल करते ट्रेनिंग को भेजा है।

## 100 पुलिसकर्मियों की रहती थी सुरक्षा ड्यूटी

एयरपोर्ट पर 100, गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में पुलिस के 300, और सिविल कोर्ट की सुरक्षा में करीब 30 जवान तैनात किए जाते हैं। लेकिन अब एयरपोर्ट की सुरक्षा में 73 जवान तैनात कर दिए। कुछ पुलिसवालों को अभी सहयोग में रखा गया है हालांकि अन्य जवानों के आने के बाद पूरी तरह से यहां से फोर्स हटा दिया जाएगा।

# बदमाशों ने लूटा डिप्टी रेंजर की पत्नी का मोबाइल फोन

## एक बदमाश को राहगीरों व दूसरे को कैंट थाना पुलिस ने दबोचा, पैडलेगंज के पास हुई घटना

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : चिड़ियाघर के डिप्टी रेंजर की पत्नी का मोबाइल गुरुवार की रात पैडलेगंज में बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिया। नौकायन से परिवार के साथ वह घर लौट रही थी। शोर मचाने पर राहगीरों ने बाइक सवार एक बदमाश को दबोच लिया। पूछताछ के बाद कैंट थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह घटना में शामिल उसके साथी को घर से गिरफ्तार किया। दोपहर बाद आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

बिछिया के जंगल तुलसीराम निवासी रोहित सिंह चिड़ियाघर में डिप्टी रेंजर हैं। उनकी पत्नी आस्था सिंह गुरुवार की रात को परिवार के साथ नौकायन घूमने गई थीं। रात आठ बजे वह पैदल ही पैडलेगंज की तरफ आ रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया। शोर मचाने पर राहगीरों ने बदमाशों का पीछा शुरू कर दिया।



कैंट थाना पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए बदमाश • जागरण

इस दौरान बाइक सवार बदमाश अनियंत्रित होकर गिर गए। एक बदमाश मौका देख फरार हो गया जबकि दूसरे को लोगों ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान गोरखनाथ के पचपेड़वा निवासी अनिल साहनी के रूप में हुई। फरार बदमाश आनंद चौहान को कैंट थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह रामजानकी नगर स्थित आवास से गिरफ्तार कर उसके पास से लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

### चमकाने के बहाने गहने उड़ाने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : चमकाने के बहाने गहने उड़ाने वाले तीन बदमाशों को धर्मशाला चौकी प्रभारी ने शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। बिहार के रहने वाले आरोपितों ने गोरखनाथ, कोतवाली व पिपराइच क्षेत्र में तीन वारदात की थी। उनके कब्जे से गहनों को बेचकर रखे गए 11,700 रुपये व घटना में इस्तेमाल बाइक, ब्लीचिंग पाउडर, नग बरामद हुए। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गोरखनाथ के जटेपुर दक्षिणी निवासी अनन्त कुमार मिश्रा ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में लिखा था कि चमकाने के बहाने बदमाश गहने लेकर फरार हो गए। इन्हीं बदमाशों ने कोतवाली व पिपराइच क्षेत्र में भी वारदात की थी। शुक्रवार की सुबह धर्मशाला चौकी प्रभारी अवधेश मिश्रा ने सुमेर सागर के पास बाइक सवार तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी पहचान बिहार के पूर्णिया जिले के रानीपटरा, विलौरा निवासी विक्की कुमार शाह, कटिहार के कुलसेला थाना क्षेत्र स्थित समेली गांव निवासी रोहित कुमार शाह और फल्का थाना क्षेत्र के हसेल पीरमकाम निवासी मनोहर शाह के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपितों ने जुर्म स्वीकार कर लिया।

# चमकाने के बहाने गहने उड़ाने वाले तीन जालसाज गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखनाथ पुलिस ने चमकाने के बहाने गहने उड़ाने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों ने बताया कि बिहार के कई युवकों का गिरोह है, जो यही काम करता है। उनके पास से पुलिस ने गहनों को बेचकर रखे गए 11, 700 रुपये बरामद कर लिए हैं। इसके अलावा ब्लीचिंग पाउडर, नग आदि भी बरामद किया।

आरोपियों की पहचान बिहार के पूर्णिया जनपद के रानीपटरा निवासी विक्की कुमार शाह, कुलसेला निवासी रोहित कुमार शाह और मनोहर शाह के रूप में हुई। ब्यूरो

# बिना होटल ब्योरा के भेज दिया विदेश, तीन दिन जेल में गुजारे

## लौटने के बाद पीड़ित ने कैंट थाने में दर्ज कराया मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट इलाके के आदर्श नगर सिंघड़िया में विदेश भेजने वाली कंपनी की गलती से एक युवक तीन दिन मलेशिया के जेल में गुजारा। बाद में 30 हजार रुपये जुर्माना देने के बाद छूटा। देश लौटने के बाद पीड़ित ने कैंट थाने में आरोपी के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही।

जानकारी के मुताबिक, बिहार के सिवान के मूल निवासी रंजन महतो शाहपुर के बशारतपुर में रहते हैं। तहरीर में उन्होंने लिखा है कि विदेश जाने के लिए सिंघड़िया आदर्शनगर स्थित विदेश भेजने वाली जयकारा ट्रेनिंग एंड टेस्ट सेंटर पर गए थे।

कंपनी के हरीश उर्फ हरेंद्र यादव ने रंजन महतो से एक लाख 40 हजार रुपये लेकर मलेशिया का फर्जी वीजा दे दिया। बाद में कंपनी ने उसे दूसरा वीजा दिया। रंजन महतो उस वीजा पर मलेशिया चले गए।

वहां पहुंचे तो पता चला कि वीजा में होटल का विवरण नहीं है। इस वजह से रंजन महतो को आठ मार्च 2023 से लेकर 10 मार्च 2023 तक कुल तीन दिन मलेशिया के जेल में रहना पड़ा। उसने हरेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन व मां दुर्गा की पूजा करेंगे मुख्यमंत्री

जासं, गोरखपुर : वासंतिक नवरात्र के अवसर पर यहां आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 मार्च को सुबह 11 बजे आर्थिक रूप से कमजोर किडनी रोगियों के लिए डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन करेंगे। दस बेड की यह यूनिट गोला ब्लाक के भरौली गांव में बांबे इंटेलीजेंस सिक्योरिटी (बीआइएस) द्वारा बनाई गई है। यूनिट शुरू होने से मात्र एक रुपये में रोगियों की डायलिसिस हो सकेगी। बीआइएस के महाप्रबंधक मनोज सिंह ने बताया कि यूनिट का खर्च प्रतिमाह करीब 10 से 11 लाख रुपये आएगा। यूनिट के संचालन में किडनी रोग विशेषज्ञ डा. आनंद बंका सहयोग करेंगे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री भारत सेवाश्रम संघ परिसर में 28 मार्च को शाम करीब 4.30 बजे मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करेंगे। परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।


सीएम योगी आदित्यनाथ • फाइल फोटो

# एयरपोर्ट की सुरक्षा में विशेष सुरक्षा वाहिनी

जासं, गोरखपुर: एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसएसएफ (विशेष सुरक्षा वाहिनी) के हवाले कर दी गई है। दिल्ली से प्रशिक्षण के बाद लौटे 73 जवानों को यहां तैनात कर दिया गया है। दूसरे चरण में एसएसएफ के जवानों को कचहरी व गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश एसएसएफ का गठन राज्य सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की तर्ज पर किया है। गोरखपुर समेत प्रदेश के पांच शहरों में बटालियन गठित की गई है। गोरखपुर में 26वीं वाहिनी पीएसी/एसएसएफ के कमांडेंट कुंतल किशोर ने बताया कि प्रशिक्षण कर लौटे जवानों को एयरपोर्ट की सुरक्षा में लगाया गया है। बटालियन में फोर्स बढ़ने के बाद कचहरी के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थल की सुरक्षा में भी बल को लगाया जाएगा।

# गोरखनाथ थानेदार हुए लाइन हाजिर

- सात चौकी प्रभारी भी हटे, 83 दारोगाओं का कार्यक्षेत्र बदला
- धर्मवीर को दूसरी बार सोनबरसा पुलिस चौका का प्रभार



जागरण संवाददाता, गोरखपुर : एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार की सुबह लापरवाही के आरोप में गोरखनाथ थानेदार दुर्गेश सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। यहां अभी किसी की तैनाती नहीं हुई है। जनसुनवाई व विवेचना निस्तारण में रुचि न लेने वाले सात दारोगा से चौकी का प्रभार छीन गया है। लंबे समय से एक की चौकी पर तैनात 18 प्रभारियों समेत थानों पर तैनात 65 दारोगा का कार्यक्षेत्र बदला है।

पुलिस लाइंस में तैनात धर्मवीर को दूसरी बार सोनबरसा चौकी का प्रभार मिला है। इससे पहले लारवाही के आरोप में यहीं से निलंबित हुए थे। सोनबरसा में तैनात विशाल उपाध्याय को चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर बनाया गया, यहां तैनात रहे अभय कुमार उपाध्याय को चिलुआताल थाने भेजा गया है। विकास मिश्रा को थाना खोराबार से चौकी प्रभारी मछलीगांव, शशि किरण को थाना कैंट से चौकी प्रभारी नई बाजार, राधेश्याम सेहरा को थाना गुलरिहा से चौकी प्रभारी सरहरी, कमलेंद्र सिंह को कैंपियरगंज से चौकी प्रभारी भटहट, सदानंद सिन्हा को चौकी प्रभारी घासीकटरा से चौकी प्रभारी बसंतपुर, खुर्शिद को इंजीनियरिंग कालेज से चौकी प्रभारी बसंतपुर भेजा गया है। इसी तरह एसएसपी ने पीआरओ रहे विवेक मिश्रा को चौकी प्रभारी रेलवे, धर्मशाला बाजार चौकी प्रभारी अवधेश मिश्रा को चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग कालेज, विकास कुमार को थाना गोला से चौकी प्रभारी चिड़ियाघर, चंदन को चौकी प्रभारी पादरीबाजार से चौकी प्रभारी जेल रोड, रुपेश पाल को चौकी प्रभारी नई बाजार से चौकी प्रभारी आजाद चौक, आशीष सिंह को चौकी प्रभारी आजाद चौक से चौकी प्रभारी पादरी बाजार, पुरुषोत्तम आंदन सिंह को चौकी प्रभारी आजाद नगर से चौकी प्रभारी झरना टोला बनाया है, यहां तैनात रहे अजय नारायण सिंह को आजाद नगर चौकी का प्रभार मिला है। एसएसआइ खोराबार मनोज कुमार वर्मा को चौकी प्रभारी धर्मशाला बाजार, चौकी प्रभारी रहमतनगर दिग्विजय सिंह परमार को थाना रामगढ़ताल भेज दिया गया। वहीं, पुलिस लाइन में तैनात रविंद्र नाथ चौबे को चौकी प्रभारी रहमतनगर, चौकी प्रभारी सरहरी सुदेश शर्मा को थाना गुलरिहा, चौकी प्रभारी बसंतपुर आशीष तिवारी को थाना खोराबार, चौकी प्रभारी चिड़ियाघर अजय कुमार को पुलिस लाइन, चौकी प्रभारी जेल रोड राजकुमारी को थाना रामगढ़ताल और चौकी प्रभारी मछलीगांव विशाल शुक्ला को एसएसआइ कोतवाली बनाया गया है।

# खनन माफिया पर मुकदमा दर्ज

जासं, भटहट: गुलरिहा थाना पुलिस ने 12 दिन बाद चार नामजद व पांच अज्ञात खनन माफियाओं के विरुद्ध मारपीट, बलवा का मुकदमा दर्ज किया है।

जंगल हरपुर के गोविंदपुर टोला निवासी ध्रुव निषाद की पत्नी पाना देवी ने बताया कि उसके पति रेहन पर खेत लेकर सब्जी की खेती किए थे। उसके बगल में ही मिट्टी का अवैध खनन करने वाले मानक से अधिक खनन कर रहे थे। इससे सब्जी की खेती खराब हो गयी। पति ने विरोध किया तो नाराज होकर खनन माफिया अकटहवा निवासी फेंकू यादव व विक्की यादव, पिपरहवा निवासी अजय, विकास और इनके साथ पांच अज्ञात लोगों ने पति को दौड़ाकर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपित फरार हो गये। पाना देवी ने बताया कि 12 मार्च को थाने पर तहरीर देकर शिकायत की थी। बावजूद इसके पुलिस ने कुछ नहीं किया।

# हत्या कर लाश छिपाने में तीन को आजीवन कारावास

गोरखपुर : हत्या कर लाश छिपाने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने शाहपुर थाना क्षेत्र के घोसीपुरवा निवासी अभियुक्त फखरुद्दीन अली उर्फ बग्गा, शिवपुर सहबाजगंज पादरी बाजार निवासी अभियुक्त सुमित कुमार मिश्र व तिवारीपुर थाना क्षेत्र के अंधियारीबाग निवासी अभियुक्त सुशील कुमार को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 15 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि वादी नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के चाचा राजेश श्रीवास्तव की धर्मपुर तिराहे पर दुकान है। 30 जुलाई 2006 की रात करीब 11 बजे तक जब वादी के चाचा घर नहीं आए, तो परिवार के लोग उन्हें तलाशने लगे। 11.30 बजे वादी को सूचना मिली कि उनकी लाश उनके दुकान के सामने नाले में पड़ी है। दौरान विवेचना अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया।

## दो को 83 माह का कारावास

गोरखपुर : हत्या के प्रयास का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार ने पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर बड़का टोला निवासी राम आशीष गुप्ता व श्यामसुंदर गुप्ता को 83 माह के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 25 सौ रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा का कहना था कि वादी जयकरन राजभर पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर बड़का टोला का निवासी है। उसका लड़का अनिल राजभर 24 मार्च 2013 की शाम को शौच के लिए निकला था। रात आठ बजे अनिल वापस अपने दरवाजे पर पहुंचा। अभियुक्तगण उसे पटक कर मारने लगे।

## दो पक्षों में मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**जासं, गजपुर बाजार** : गगहा थाना क्षेत्र के पांडेयपार में गुरुवार की रात एक श्वान के बाइक पर चढ़ जाने से दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बुद्धिसागर ने तहरीर में बताया कि उनका भतीजा श्वान को टहला रहा था। इसी बीच रवींद्र बाइक से कहीं जा रहा था। श्वान बाइक पर चढ़ गया। इसे लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। बाद में रवीन्द्र व उसके भाई सुरेंद्र, भतीजा विशाल व पिता जोगी ने भतीजे के साथ पत्नी व अन्य लोगों की पिटायी कर दी। घटना के संबंध में दूसरे पक्ष ने भी तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

## युवतियों को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**जासं, सहजनवां** : सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को भगाने के आरोप में पुलिस ने शुभम के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। युवती के पिता ने तहरीर देकर बताया है कि आरोपित उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पूछने पर धमकी दे रहा है। वहीं, उनवल संवाददाता के अनुसार खजनी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को भगाने पर पुलिस ने मिंटू उर्फ गोविंद के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। युवती के पिता ने तहरीर में बताया है कि आरोपित पुत्री को धमकी देकर भगा ले गया।

असुरन चौराहे पर लोगों के भारी विरोध के बीच पुलिस-प्रशासन ने दुकानों को ध्वस्त कराया। संवाद

## *कार्रवाई के दौरान जाम से भी लोग हुए परेशान*

***ध्वस्तीकरण** के दौरान असुरन से बिछिया, पिपराइच रोड के साथ मेडिकल रोड पर गाड़ियों का लंबा रेला लग गया। इसकी वजह से लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी। दरअसल, कौवाबाग पुलिस चौकी के अलावा मेडिकल कॉलेज रोड पर भी चौपहिया वाहनों को जाने से रोक दिया गया था। हालांकि ट्रैफिक पुलिस के जवान और पुलिस के जिम्मेदार सक्रिय नजर आए। स्कूली बसों को भी लंबा चक्कर लगाना पड़ा। हर कोई कार्रवाई की तस्वीर मोबाइल में कैद करता दिखा।*





दुकान टूटने के बाद मलबे में सामान खोजता बच्चा और मौके पर तैनात पुलिस फोर्स। संवाद

# डीएम साहब! मंदिर मार्ग पर मीट की दुकानों को कराएं बंद

**चौरीचौरा।** जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने शुक्रवार को एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर के साथ तरकुलहा देवी माता का दर्शन-पूजन किया।

इस दौरान डीएम से कुछ लोगों ने मुख्य मार्ग से लेकर तरकुलहा देवी मंदिर तक मीट की दुकानों को हटवाने की मांग की। डीएम ने एसडीएम को तरकुलहा मेला में साफ-सफाई व शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी, एसडीएम चौरीचौरा शिवम सिंह, एएसपी मानुष पारीक, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, ईश्वर चंद जायसवाल, विशाल जायसवाल, दिनेश त्रिपाठी, सुनील कुमार गुप्ता, रमेश राय, हिमाचल साहनी, राजेश जायसवाल आदि मौजूद रहे। संवाद

# 18 चौकी प्रभारी बदले 65 दरोगा पुलिस लाइंस से थाने भेजे गए

**गोरखपुर।** एसएसपी ने कानून व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर दिया।

इस बार 18 चौकी प्रभारियों का ट्रांसफर कर दिया। सात दरोगाओं से चौकी का प्रभार छीन लिया गया। जबकि, नौ नए दरोगाओं को चौकियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके साथ ही एसएसपी ने पुलिस लाइंस और अन्य थानों पर तैनात 65 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में भी फेरबदल किया। ब्यूरो

# हत्या के तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। हत्या कर लाश छिपाने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने घोसीपुरवा के फखरुद्दीन अली उर्फ बग्गा, शिवपुर सहबाजगंज के सुमित कुमार मिश्र व अंधियारीबाग के सुशील कुमार को सजा सुनाई है। प्रत्येक को 15 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि वादी नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के चाचा राजेश श्रीवास्तव की धर्मपुर तिराहे पर दुकान है। 30 जुलाई 2006 की रात करीब 11 बजे तक जब वादी के चाचा घर नहीं आए तो परिवार के लोग उन्हें तलाशने लगे।

रात 11:30 बजे वादी को सूचना मिली कि उसके चाचा की लाश उनके दुकान के सामने नाले में पड़ी है। दौरान विवेचना अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया और पता चला कि अभियुक्तों ने मिलकर वादी के चाचा की हत्या कर लाश छिपाने के लिए उसे नाले में डाल दिया था।

## हत्या की कोशिश के अभियुक्तों को सजा

गोरखपुर। हत्या के प्रयत्न का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार ने पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर बड़का टोला निवासी राम आशीष गुप्ता व श्यामसुंदर गुप्ता को 83 माह के कठोर कारावास व 25 सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। ब्यूरो

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गगहा पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान धर्मसेन देवकली निवासी सद्दाम अली के रूप में हुई। एसओ सूरज सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# युवती लापता, अपहरण का केस दर्ज

**सहजनवां।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के लापता होने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। तहरीर में युवती के पिता ने लिखा है कि उनकी 22 वर्षीय बेटी को बृहस्पतिवार गांव से एक बच्चे का पिता लेकर फरार हो गया। मामला गांव का होने की वजह से उसके घर उलाहना लेकर गए तो मारपीट की गई। ब्यूरो

# आभूषण चोरी करने के गिरोह के तीन गिरफ्तार

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से सोने की एक अंगूठी व तीन चेन बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपियों में गोरखपुर का खजनी, सहजूपुर निवासी सुरेंद्र, कैलाश वर्मा निवासी सहजनवां थाना गोरखपुर और धनंजय मद्धेशिया निवासी तरकुलवा देवरिया शामिल हैं। संवाद

# तीन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**सरदारनगर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के डुमरी खास बसंत टोला निवासी दिनेश गुप्ता ने चौरीचौरा पुलिस को मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। ब्यूरो

# तमंचा के साथ फोटो वायरल होने पर प्रधान पति गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

खोराबार। सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ प्रधान पति राज जायसवाल का फोटो वायरल होने पर शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। जमानत पर प्रधान पति रिहा हो गया। पुलिस की जांच में पता चला कि फोटो तीन साल पुराना है और तब तमंचा बरामद कर जेल भेजा गया था, अब किसी ने फोटो को फिर वायरल कर दिया।

बताया गया कि कुछ दिन पहले गांव में एक कार्यक्रम का है। वीडियो में दिख रहा है कि प्रधान पति हाथ में तमंचा लेकर लहरा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वीडियो व फोटो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान में ले लिया। लेकिन, तब पुलिस ने छोड़ दिया और अब फिर वायरल होने पर उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जय नारायण शुक्ला का कहना है कि मामला पहले का है। उस समय तमंचा बरामद कर कार्रवाई की गई थी। शुक्रवार को शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

## खेत में टमाटर तोड़ रहे युवक को पीटा, केस दर्ज

गुलरिहा (गोरखपुर)। इलाके के जंगल हरपुर के गोविंदपुर में खेत में टमाटर तोड़ रहे विजय को मनबढ़ों ने पीट दिया। मां की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ पुलिस ने बलवा, मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक, गोविंदपुर निवासी पाना देवी पत्नी धुप निषाद का आरोप है कि 12 मार्च को बच्चों के साथ घर पर वह अकेली थी। पति सब्जी बेचने बाजार गए थे। बड़ा बेटा विजय खेत में टमाटर तोड़ रहा था। इसी बीच पीटा गया। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-03-2023

रा० सहारा दि० 25.03.2023

## जान से मारने की धमकी देने व मारपीट के मामले में केस

लार (एसएनबी)। लार थाना क्षेत्र के खेमादेई गांव के युवक को जान से मारने की धमकी देने व मारपीट करने के मामले में लार पुलिस ने केस दर्ज किया है। वेद प्रकाश सिंह पुत्र स्वर्गीय योगेन्द्र सिंह निवासी खेमादेई थाना लार ने लार पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि मैं गांव से ड्यूटी के लिए जा रहा था। पावर हाउस के पहले गांव मोड के पास पहुंचा तो देखा कि पूलिया पर मरे गांव के यादवेन्द्र सिंह पुत्र मानवेन्द्र सिंह, रजनीश सिंह पुत्र पुरंजय सिंह, आखिला विराम सिंह पुत्र पुरंजय सिंह एवं उनके रिस्तेदार राकेश कुमार सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी मुडा खाप थाना दरौली जिला सिवान (बिहार) बैठे थे। उक्त लोगों ने मुझको रोककर और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। उक्त संबंध में थानाध्यक्ष लार नवीन चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के ही चार लोगों के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 व 427 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया है।

शिव कुमार, नवीन शाह आदि मौजूद रहे।

रा० सहारा दि० 25.03.2023

## रंजिश में झोपड़ी फूंकने पर केस

रुद्रपुर। एकौना थानाक्षेत्र के ग्राम जगरनाथपुर निवासी बाकेलाल पाल पुत्र बादू पाल ने पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि हम प्रार्थी शिवानन्द नायक ग्राम जगरनाथपुर के निजी भूमि की बटाई बोते हैं, तथा वहीं पर झोपड़ी डालकर रहते हैं। 2 मार्च को किसी ने रंजिशवश में झोपड़ी में आग लगा दिया। इस मामले में पुलिस ने मोतीचन्द, मनोज, सुरसती निवासी जगरनाथपुर के खिलाफ धारा 436, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

रा० सहारा दि० - 25.03.2023

## चालक पर केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कलेन्द्र पुत्र स्व. भागीरथी बिशुनपुर बगही थाना एकौना ने कहा कि 15 मार्च को शाम 7 बजे पचलड़ी डीह चौराहे से जीप में अन्य साथियों के साथ सवार होकर रुद्रपुर आ रही मेरी पत्नी रीना देवी की जीप में कार सवार द्वारा ठोकर मारने से गड्ढे में पलट गयी, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने वादी के तहरीर पर कार व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रा॰सहारा दि॰25.03.2023

# मैरेज हाल में तोड़फोड़ पर 17 पर केस

सलेमपुर (देवरिया)। कोतवाली के औरंगाबाद में एक मैरेज हालपर तोड़ फोड़ करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने 17 लोगों के विरूद्ध मारपीट और तोड़ फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की अनीता गुप्ता ने पुलिस को तहरीर में कुछ लोगों द्वारा घर में घुसकर मारने पीटने तथा मेरे घर में अवैध रूप से कब्जा किए जाने पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। हरैया वार्ड के रहने वाले अजय कुमार विश्वकर्मा का औरंगाबाद में मैरेज हाल है। जमीन के बगल में अनीता गुप्ता ने उनके भाई से जमीन बैनामा ली है। उस जमीन पर भी मैरेज हाल के बगल में उनके ही पट्टीदार से खरीदी गई अनीता देवी पत्नी इंद्रदेव गुप्ता का भी जमीन है। उसी जमीन की पैमाइश के लिए वृहस्पतिवार की शाम कोनायब तहसीलदार डा भागीरथी सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और विवादित भूमि की पैमाइश करने लगे। आरोप है कि अनीता के स्वजन जब विवादित जमीन पर निर्मित कट्टैन में घुसे तो अजय के पक्ष के लोगों ने रोकना चाहा। इसके बाद एक पक्ष ने तोड़ फोड़ व पथराव करना शुरू कर दिया। जिससे शीशा लगा मुख्य गेट टूट गया। इस मामले में अजय कुमार विश्वकर्मा की तहरीर पर पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र के मटियरा गांव निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य व भाजपा नेता नागेंद्र गुप्ता मईल थाना क्षेत्र के बगहां गांव निवासी इंद्रदेव गुप्ता राहुल, अनीता देवी रमेश गुप्ता के अलावा 12 अज्ञात लोगों पर 147, 323, 227, 452, 506 में केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के अनीता गुप्ता ने एक दर्जन से अधिक लोगों पर मारपीट करने तथा घर में घुसकर जमीन कब्जा करने की तहरीर दी है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने कहा कि एक पक्ष से तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

रा॰सहारा दि॰25.03.2023

# 361 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे

देवरिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जनपद में आज महाराजा अग्रसेन इण्टर कलेज, देवरिया के प्रांगण में 361 जोड़ों का विवाह कराया गया, जिसमें 340 हिन्दू एवं 21 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है।



सामूहिक विवाह का चित्र।

उक्त वैवाहिक कार्यक्रम में राज्यमंत्री ग्राम्य विकास एवं समग्र विकास तथा ग्रामीण अभियन्त्रण विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक रामपुर कारखाना सुरेन्द्र चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन मिश्रा, एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि तथा जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें। उक्त कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें, जिन्होनें वैवाहिक जोड़ों को उनके सफल जीवन के लिये आर्शीवाद प्रदान किया। उक्त योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों, जिनकी वार्षिक आय रू0 02 लाख (रू दो लाख) हो, के पुत्रियों की शादी हेतु संचालित है। योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जोड़ें पर रू0 51000 व्यय किया गया, जिसमें विवाहित कन्या के खातें में रू0 35000 अन्तरित किया जाता है। रू0 10000 की कन्या को गृहस्थी की सामग्री एवं वस्त्र आभूषण आदि दिया गया तथा रू6000 भोजन, टेन्ट आदि पर व्यय किया गया।

रा॰सहारा दि॰-25.03.23

# शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार

**बनकटा/अकटही बाजार (एसएनबी)** स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी रामनवमी व रमजान पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह के नेतृत्व बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक से मुखातिब होते हुए थानाध्यक्ष ने लोगों से शान्ति पूर्ण और आपसी सौहार्द से त्यौहार मनाने की बात कही तथा बैठक में आये हुए ग्राम प्रधान व धर्म गुरूओं से रामनवमी व रमजान पर्व के जुलूस के बारे में आवश्यक जानकारी ली साथ ही थानाप्रभारी ने चेताया कि किसी भी तरह के खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपनिरीक्षक रिंददवन सिंह सुभाष चन्द्र छेटेलाल निगम श्रीप्रकाश पाण्डेय कांस्टेबल मृत्युंजय राम शशिप्रकाश, आशीष सिंह, सर्वेश तिवारी, राकेश तिवारी, अमित कुमार व आम जन के रूप में शाहनवाज आलम, सखावत हुसैन, अरशद खां, रामाश्रय यादव अरविंद मिश्रा ग्राम प्रधान इंद्रजीत यादव अजीत कुमार गौड़ चन्दन शर्मा लालबहादुर कुशवाहा धर्मेन्द्र कुशवाहा बैरिस्टर चौहान ष्णदेव सिंह इन्द्रासन यादव राजित यादव रामबिलास कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

रा०सहारा दि० 25.03.2023

## केस दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के सुरौली थानाक्षेत्र निवासी प्रार्थनी के पति राजेश यादव ने दिये गये तहरीर में कहा कि सरौरा मंगरू चौराहे के समीप अपाची मोटरासाईकिल लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मार दिया। जिससे गंभीर चोटें आयी हैं। इस मामले में पुलिस ने अपाची बाइक चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर शशिप्रकाश मिश्र पुत्र अछैबर मिश्र निवासी कतरारी के तहरीर पर पुलिस ने धीरज, सुशील, हरेश्याम, अभिषेक, श्रीराम यादव, सत्यप्रकाश यादव के खिलाफ धारा 147, 452, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

खोरीबारी। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोरीबारी में पिछले 28फरवरी को दिन में हुई मारपीट के मामले में भटनी पुलिस ने तीन लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। मुख्तार अंसारी पुत्र रज्जाक अंसारी ने भटनी पुलिस को तहरीर दिया कि हमारे गांव के सुल्तान पुत्र रज्जाक और उनके परिवार ने पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर मारपीट किया तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में बाये पैर की हड्डी टूट गई। पुलिस ने धारा 323,325,504,452,व506 के तहत मामला दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० - 25.03.2023

# किशोरी का अपहरण करने वाले पर केस दर्ज

देवरिया। किशोरी का अपहरण करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने एक युवक व उसके परिवार के लोगों के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली उसकी भांजी को 21 मार्च को उसके गांव के दो युवकों ने अपहरण कर लिया।

हिन्दुस्तान दि०. 25.03.23

# आधा दर्जन पर कई धाराओं में केस दर्ज

लार। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ छेड़खानी समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया है कि गांव के ही अखिलानन्द, बलवन्त, सुनील, प्रेमशंकर, प्रवीण, अभिमन्यु घर में घुसकर मारपीट कर मेरा साड़ी फाड़ दिया। बीच बचाव में आये मेरे लड़के व पति को भी गाली गुप्ता देते हुए मारने पीटने लगे। पुलिस ने आरोपियों के केस दर्ज किया है।

# मैरेज हॉल में तोड़फोड़ मामले में छह पर केस दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के औरंगाबाद में रोड पर स्थित एक मैरेज हाल में पुलिस के मौजूदगी में गुरुवार को हुई तोड़ फोड़ एवं पथराव मामलें में पुलिस ने पांच नामजद समेत 12 अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शुक्रवार को विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। जिसमें अजय विश्वकर्मा ने दिए तहरीरके आधार पर पुलिस ने इन्द्रदेव गुप्त उनकी पत्नी अनिता देवी, रमेश गुप्त, नागेन्द्र गुप्त, राहुल मिश्र व 12 पर नाम पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि०-25.03.2023

# सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए 361 जोड़े

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में किया गया आयोजन

देवरिया, निज संवाददाता। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत महाराजा अग्रसेन इण्टर कॉलेज के प्रांगण में शुक्रवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इसमें 361 जोड़ों ने एक दूसरे का साथ निभाने का संकल्प लिया। विवाहित जोड़ों को योजनानुसार आवश्यक सामान व नकद धनराशि खाते में भेजी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम्य विकास एवं समग्र विकास और ग्रामीण अभियन्त्रण राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, रामपुर कारखाना के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया की मौजूदगी में शुरू हुआ। गायत्री परिवार के पुरोहित बाबू सिंह, सुदामा, रामाश्रय, सुरेंद्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 340 हिन्दू जोड़े विवाह संस्कार में सात फेरे लेकर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किए। वहीं 21 मुस्लिम जोड़ों को मुस्लिम धर्मगुरुओं ने निकाह पढ़ाया। सभी ने एक दूसरे के साथ गृहस्थ जीवन के उतार चढ़ाव के सफर को पूरा करने का वचन दिया। इन जोड़ों में शामिल कन्या के खाते में 53 हजार रुपये, 10 हजार रुपये का ग्रहस्थी का सामान, वस्त्र व आभूषण प्रदान किया गया। सभी जोड़ों और उनके परिजनों को भोजन कराकर विदा किया गया। इन जोड़ों को भाजपा के जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र, एमएलसी देवेंद्र सिंह के प्रतिनिधि राजू मणि, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर, जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवाल लाल बहादुर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय ने आशीर्वाद दिया।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का शुक्रवार को दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक सुरेंद्र चौरसिया, डीएम व अन्य।



शुक्रवार को आयोजित सामूहिक विवाह में शामिल जोड़े। • हिन्दुस्तान

दैनिक जागरण दि०-25.03.2023

# पत्नी ने शव लेने से किया इन्कार तो चाचा को सौंपा शव

जासं, बनकटा, देवरिया: प्रतापपुर चीनी मिल के सहायक विक्रय अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में पत्नी आशा देवी ने दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। वह गुरुवार को पूरे दिन श्रीरामपुर थाने में डटी रही, लेकिन पुलिस ने मृतक की दो पत्नी होने का हवाला देकर मुकदमा दर्ज नहीं किया। पत्नी ने शव लेने से इन्कार किया तो पुलिस ने शुक्रवार की भोर में चाचा वीरेंद्र शर्मा व भतीजा सोनू को शव सौंप दिया। सहायक विक्रय अधिकारी सुमेंद्रनाथ शर्मा हरदोई जिले के धीमी तुसौरा गांव के रहने वाले थे। 21 मार्च की रात करीब नौ बजे चीनी मिल आवास में पंखे के सहारे उनका शव बिस्तर पर लटकता पाया गया था। उनके दोनों पैर घुटने से टिके थे। जिसको लेकर मृतक की पत्नी ने हत्या का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

हिन्दुस्तान दि०-25.03.2023

# सीबीआई ने सरयू के बरहज घाट का किया निरीक्षण

- जांच टीम ने घाटों का बनाया नजरी-नक्शा
- खनन अधिकारी से भी टीम ने ली जानकारी

देवरिया, निज संवाददाता। अवैध बालू खनन के मामले में साक्ष्य के लिए सीबीआई ने जिला खनन अधिकारी से जानकारी लिया। नवीनीकरण में आवश्यक रिकार्ड और बालू खननन के लिए ठेका देते समय प्रत्येक तीन वर्ष की दर वृद्धि के बारे में ब्योरा जुटाया। इसके बाद वह बरहज घाट पहुंच कर बालू खनन और घाट का नजरी नक्शा बनाए। वहीं दो सदस्य गोरखपुर चले गए थे।

जिले में अवैध बालू खनन के मामले की जांच दिल्ली यूनिट की तीन सदस्यीय सीबीआई टीम कर रही है। 22 मार्च को सीबीआई टीम ने जिले में पहुंचने के बाद पट्टाधारक फूलबदन निषाद से पूछताछ की थी। इसके बाद टीम का नेतृत्व कर रहे सीबीआई के डिप्टी एसपी अशरफ सिद्दीकी ने जिला खनन अधिकारी जितेन्द्र शर्मा से जानकारी लिया। उनसे खनन घोटाला से जुड़े पत्रावली मांगी। जिस पर अधिकारी ने पत्रावली पूर्व के अधिकारियों द्वारा ले जाने की जानकारी दी। डिप्टी एसपी ने खनन अधिकारी से विभाग में पट्टाधारक के नवीनीकरण के प्रक्रिया के बारे में जानकारी लिया। नवीनीकरण के दौरान किन किन कागजातों की आवश्यकता होती है। इसके साथ ही पट्टा के नवीनीकरण के समय दर बढ़ाने के बारे में भी चर्चा किया। खनन अधिकारी ने सीबीआई टीम के सदस्यों को इसके बारे में जानकारी दिया। इसके बाद सीबीआई के डिप्टी एसपी बरहज के लिए रवाना हो गए। जहां पहुंचने के बाद घाघरा के तट पर बालू खनन के घाटों के बारे में जानकारी लिया। इसके साथ ही खनन वाले घाटों का नजरी नक्शा बनाया। सूत्रों की माने तो टीम के सदस्यों को बालू खनन में अधिकारियों द्वारा लापरवाही सामने आने के बारे में साक्ष्य मिले हैं।

विभाग ने पट्टा सामाप्त होने के काफी दिनों बाद नवीनीकरण किया है, जिसमें दिशा निर्देशों को ताक पर रख कर लाभ पहुंचाया गया है। जिले को खनन घोटाला में कितना नुकसान हुआ है उसका आलकन टीम के सदस्य कर रहे हैं। वहीं टीम के दो सदस्य जांच से जुड़ी कुछ पत्रावली को लाने के लिए गए गोरखपुर गए हुए हैं। टीम को घोटाला से जुड़े हुए कुछ अहम सुराग हाथ लगे हुए हैं।

**मारपीट में चार के विरुद्ध मुकदमा :** रामपुर कारखाना : पानी बहाने को लेकर दो पक्षों में डीहा खुर्द में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने दीनानाथ की तहरीर पर उमेश, संजय, धनंजय व मुकेश के विरुद्ध मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

दैनिक जागरण दि० 25.03.2023

**सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप**

जासं, बनकटा : बनकटा जगदीश के रहने वाले रामनाथ कुशवाहा ने एसडीएम से शिकायत की है। जिसमें उन्होंने ग्राम सभा की भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाया है। शिकायत मिलने के बाद लेखपाल ने कार्य बंद करा दिया है।

दैनिक जागरण दि० 25.03.2023

# सीबीआइ टीम ने पत्रावलियों के बारे में ली जानकारी

जासं, देवरिया : बालू के अवैध खनन की जांच में जुटी सीबीआइ टीम ने शुक्रवार को खनन अधिकारी से पत्रावलियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नवीनीकरण की प्रक्रिया के बारे में पूछा। साथ ही बरहज के घाटों का निरीक्षण भी किया। सीबीआइ नई दिल्ली के डिप्टी एसपी अशरफ सिद्दीकी के नेतृत्व में आई तीन सदस्यीय टीम जांच में जुटी है। शुक्रवार को टीम के दो सदस्य कहीं दूसरी जगह गए थे। डिप्टी एसपी ने खनन अधिकारी जितेंद्र शर्मा से पत्रावलियों के बारे में पूछा।

अमर उजाला दि० 25.03.2023

# पंखे से लटका मिला विवाहिता का शव, हत्या की रिपोर्ट दर्ज

## हरपुर बिंदवलिया गांव में हुई घटना, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव कब्जे में लिया

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर कारखाना (देवरिया)। क्षेत्र के हरपुर बिंदवलिया गांव में बृहस्पतिवार की देर रात एक विवाहिता का शव पंखे से लटका मिला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया। मृतका के मायके वालों ने सास पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति और सास पर रिपोर्ट दर्ज कर सास को गिरफ्तार कर लिया है।

कुशीनगर के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गंगुआ गांव की रहने वाली सायरा खातून (21) की शादी जुलाई 2022 में रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के हरपुर बिंदवलिया

### कुशीनगर में है मायका, परिजनों ने सास पर लगाया दहेज हत्या का आरोप

निवासी इमरान अंसारी से हुई थी। दोनों अच्छी तरह रहते थे। फरवरी में काम की तलाश में पति मुंबई चले गए। पिता निजामुद्दीन दुबई में रहते हैं।

घर पर सायरा और उसकी सास मजरूननिशा थीं। इसी बीच किसी बात को लेकर उनमें अनबन हो गई। बृहस्पतिवार रात सायरा अपने कमरे में चली गई। सुबह देर तक दरवाजा न खोलने पर सास ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद आसपास के लोग जुट गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फाटक तोड़ा तो कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे शव लटका था।

उधर, खबर मिलने पर मृतका के मायके के लोग पहुंच गए। वे दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। मामले में मृतका के पिता ईश मोहम्मद अंसारी की तहरीर पर पुलिस ने सास और पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थानेदार राजेश कुमार पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक कलह का लग रहा है। विवाहिता के मायके वालों के आरोप के आधार पर सास को गिरफ्तार कर लिया गया है। पति मुंबई मे है। उस पर भी प्रताड़ित करने का आरोप है।

### *दहेज के लिए प्रताड़ना से तंग आकर की खुदकुशी*

*रामपुर कारखाना। थाना क्षेत्र के हरपुर विंदवलिया गांव में मृतका सायरा खातून के दादा ईश मोहम्मद और उनके परिवार के लोगों का आरोप था कि अभी उनकी पोती का आठ माह पहले विवाह हुआ था। उसकी सास और पति आए दिन रुपये के लिए उसे परेशान किया करते थे। बृहस्पतिवार की रात भी इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ था। इससे तंग आकर उनकी पोती आत्महत्या करने को मजबूर हुई। संवाद*

दैनिक जागरण दि०-25.03.2023

# तोड़फोड़ के मामले में 17 पर मुकदमा

जासं, सलेमपुर: उत्सव स्थली व उसके सटे भूमि की पैमाइश के दौरान हुए विवाद में मारपीट करने करने, तोड़फोड़ व हंगामा करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। एक पक्ष की तहरीर पर पांच नामजद समेत 17 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## नायब तहसीलदार की मौजूदगी में हुआ था विवाद व हंगामा

उपनगर के हरैया वार्ड के रहने वाले अजय कुमार विश्वकर्मा का औरंगाबाद में उत्सव स्थली है। उसी के बगल में उनके पट्टीदार से अनीता देवी पत्नी इंद्रदेव गुप्ता ने भी भूमि खरीदी है। इसकी पैमाइश के लिए गुरुवार को नायब तहसीलदार डा.भागीरथी सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। राजस्व कर्मी भूमि की पैमाइश करने लगे। आरोप है कि अनीता के स्वजन जब उत्सव स्थली पर बने कटरैन में घुसे तो अजय के पक्ष के लोगों ने उन्हें रोकना चाहा। इसके बाद एक पक्ष ने तोड़फोड़ व पथराव करना शुरू कर दिया। जिससे मुख्य गेट में लगा शीशा टूट गया। अजय कुमार विश्वकर्मा की तहरीर पर पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र के मटियरा गांव के रहने वाले क्षेत्र पंचायत के पूर्व सदस्य व भाजपा नेता नागेंद्र गुप्ता मईल थाना क्षेत्र के बगहा गांव निवासी इंद्रदेव गुप्ता राहुल, अनीता देवी रमेश गुप्ता के अलावा 12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट व तोड़फोड़ समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया हैं। दूसरे पक्ष की अनीता गुप्ता ने भी 12 से अधिक लोगों पर मारपीट करने, घर में घुसकर भूमि कब्जा करने की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने बताया कि एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

दैनिक जागरण दि॰ 25.3.23

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, सास गिरफ्तार

जासं, रामपुर कारखाना: दहेज के लिए विवाहिता की गुरुवार की रात हत्या कर दी गई। विवाहिता के दादा इसमोहम्मद अंसारी की तहरीर पर पुलिस ने पति व सास के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

कुशीनगर के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गंगुआ गांव की रहने वाली सायरा खातून की शादी जुलाई 2022 में थाना क्षेत्र के हरपुर बिंदवलिया के रहने वाले इमरान अंसारी से हुई थी। दोनों ठीक-ठाक से रहते थे। बीते दिनों पति रोजी रोटी की तलाश में बाहर कमाने चला गया।

ससुर दुबई में रहते हैं। इसी बीच गुरुवार की रात विवाहिता का शव पंखे में दुपट्टा से लटका मिला। पुलिस ने सास मजरून निशा तथा पति इमरान अंसारी के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि सास को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दैनिक जागरण दि० 25.03.2023

# ब्लाक परिसर में बवाल, 18 के विरुद्ध लूट का मुकदमा

**जासं, भटनी :** क्षेत्र पंचायत की बैठक में शुक्रवार को विवाद के बाद माहौल गर्म हो गया। बैठक खत्म होने के बाद दोबारा हुए विवाद के दौरान मारपीट हो गई। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने ब्लाक प्रमुख रनिया देवी के पति रमाशंकर यादव, खैराट के प्रधान राजकिशोर यादव समेत 18 व्यक्तियों के विरुद्ध मारपीट, लूट, एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में बीईओ राजेश यादव सरकार अपनी बात रख रहे थे। इसी बीच जिला पंचायत सदस्य अजीत सिंह ने गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में पढाने की योजना के बारे में जानकारी देने को कहा। जिस पर खैराट के प्रधान राजकिशोर यादव यादव ने टोका। इसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी व मारपीट होने लगी। भरहेचौरा गांव के रहने वाले रवि शाह ने आरोप लगाया कि वह जिला पंचायत सदस्य अजीत सिंह के साथ ब्लाक परिसर में गए थे। क्षेत्र पंचायत की बैठक के दौरान वह हाल के बाहर खड़े थे। इसी बीच करीब 11.30 बजे बैठक में शोर सुनाई दिया। पुलिस ने रवि शाह की तहरीर पर राजकिशोर यादव, रमाशंकर यादव, पिपरा विठ्ठल के दिनेश यादव, चंदौली गांव के संतोष सिंह, अभय पटेल, कलाम, भरहेचौरा के रंजीत पटेल, देवघाट के मुसाफिर व 10 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

अमर उजाला दि॰ 25.03.2023

# पुलिस ने भतीजे को सौंपा सोमेंद्र का शव, पत्नी की नहीं सुनी गुहार

**भाटपाररानी।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर चीनी मिल के सहायक विक्रय अधिकारी सोमेंद्र नाथ शर्मा की मौत के मामले में पत्नी थाने में बृहस्पतिवार को मुकदमा दर्ज कराने के लिए गुहार लगाती रही और पत्नी होने का प्रमाण भी दिया। पर पुलिस ने उसे अनसुनी कर दी और दो दिन बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज की। वहीं रात में सोमेंद्र के भतीजे को गांव धीनी तुसौरा से बुलाकर चुपके से शव सौंप दिया। सूचना मिलने पर पत्नी भी थाने से शुक्रवार सुबह गांव चली गई।

मृतक सोमेंद्रनाथ की दूसरी पत्नी आशा देवी ने बताया कि पहली पत्नी से तलाक का कागज, एलआईसी के नामनी और आधार कार्ड आदि का प्रमाण देने और तहरीर देने पर भी श्रीरामपुर पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। मैं थाने पर थी। उधर जनपद मुख्यालय पर मोर्चरी में रखे पति के शव को गुपचुप तरीके से गांव से भतीजे शुभम शर्मा को पुलिस ने बुलाया और उसे शव सौंप दिया।

### आधार कार्ड और एलआईसी का नॉमनी देने पर भी नहीं मान रही पुलिस

उसने बताया कि वह धीमीतुसौरा गांव में है। आशा का कहना है कि उसके पति का शव उसे न सौंपकर पुलिस ने चुपके से उनके भतीजे को बुलाकर सौंप दिया। आशा ने आरोप लगाया कि उसकी तहरीर पर पुलिस कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। सोमेंद्र की हत्या कर किसी ने उनका शव लटका दिया था।

थानाध्यक्ष श्रीरामपुर राजू सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कार्बन कॉपी आई है। उसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है। इससे मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सका है। मूल कॉपी आने पर ही स्पष्ट होगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोमेंद्र के भतीजे को बृहस्पतिवार रात उनका शव सौंप दिया गया। संवाद

अमर उजाला दि॰ 25.03.23

अमर उजाला दि॰-25.03.2023

# दो पक्षों में मारपीट, 10 पर रिपोर्ट दर्ज

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख पति व समर्थकों के बीच हुआ विवाद



भटनी थाने में मारपीट की शिकायत करते जिला पंचायत सदस्य व अन्य। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**भटनी।** ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। बैठक में सरकारी योजनाओं को बताने को लेकर ब्लॉक प्रमुख के जेठ व ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य आपस में भिड़ गए। इसकी जानकारी होने पर दोनों पक्षों के समर्थक मौके पर पहुंच गए। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों ओर से जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। पुलिस ने 50 लोगों को आरोपी बनाया है। वहीं ब्लॉक प्रमुख पति समेत 10 लोगों पर केस दर्ज हुआ है। भटनी ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक चल रही थी। बैठक में बीडीओ, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य आदि शामिल थे। इसी दौरान खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव सरकारी योजनाओं के बारे में सदस्यों को जानकारी दे रहे थे। तभी जिला पंचायत सदस्य अजित कुमार सिंह ने प्राइवेट स्कूलों में गरीब छात्रों के निःशुल्क शिक्षा देने की अपील की। इसे लेकर ग्राम प्रधान खैराट व ब्लॉक प्रमुख के जेठ राजकिशोर यादव से उनकी बहस होने लगी।

इससे नाराज प्रधान राजकिशोर जिला पंचायत सदस्य को मारने दौड़ पड़े। अन्य लोगों के बीच-बचाव करने पर मामला शांत हो गया। इसकी खबर जब दोनों परिवारों को मिली तो वे अपने समर्थकों के साथ ब्लॉक पर पहुंच गए।

देखते ही देखते पुलिस के सामने ही दोनों पक्ष मारपीट करने लगे। यह देख पुलिस के पसीने छूट गए। किसी तरह पुलिस ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया। बाद में थाने पर पहुंचकर जिला पंचायत सदस्य अजित सिंह और ग्राम प्रधान राजकिशोर यादव ने मारपीट में शामिल करीब 50 लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। एसओ श्यामानंद राय ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### चंद मिनटों में सोशल साइट्स पर वायरल होने लगा मारपीट का वीडियो

**भटनी।** ब्लॉक सभागार में जिला पंचायत सदस्य और ब्लॉक प्रमुख परिवार के बीच विवाद होने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। घटना के बाद चंद मिनटों में सोशल साइट्स पर विवाद और मारपीट का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो देख लोग अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। शुक्रवार शाम तक घटना की वीडियो हर किसी के मोबाइल में आ चुका था। कुछ लोग इसे चुनावी रंजिश तो कुछ जातीय दबंगई बता रहे हैं। संवाद

### ब्लॉक प्रमुख के परिवार से पूर्व में भी लोगों से हुए हैं विवाद

**भटनी।** ब्लॉक प्रमुख के पति और जेठ से पूर्व में भी कई लोगों से विवाद हो चुका है। ब्लॉक प्रमुख चुनाव में ब्लॉक प्रमुख के पति रमाशंकर यादव व भाजपा प्रत्याशी मानवेन्द्र नाथ तिवारी से विवाद हुआ था। मामले में दोनों पक्षों पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था। संवाद

अमर उजाला दि॰ 25.03.2023

अमर उजाला दि. 25.03.23

# आभूषण चोरी करने के गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

बस्ती। थाना लालगंज पुलिस ने एसओजीटीम के संयुक्त प्रयास से चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से सोने की एक अंगूठी व तीन चेन बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपी में गोरखपुर के खजनी थानाक्षेत्र के सहजूपुर निवासी सुरेंद्र जायसवाल भी शामिल हैं।

जिसे 2022 में गौर थाने की पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। उस पर बभनान कस्बे के स्वर्ण व्यावसायी की पत्नी को चकमा देकर जेवरात लेकर फरार होने का आरोप था। इस पर वाल्टरगंज, देवरिया के रामपुर कारखाना सहित अन्य थानों में कुल सात केस दर्ज हैं।

पुलिस कार्यालय के अनुसार पकड़े गए अन्य आरोपियों में कैलाश वर्मा निवासी सहजनवां थाना जनपद गोरखपुर और धनंजय मद्धेशिया निवासी तरकुलवा थाना तरकुलवा जनपद देवरिया शामिल हैं। कैलाश वर्मा और धनंजय मद्धेशिया पर चोरी का माल खरीदने का आरोप है। संवाद

अमर उजाला दि॰ 25.03.2023

# मैरिज हॉल में तोड़फोड़ करने वालों पर केस दर्ज

## विवादित भूमि की पैमाइश करने के दौरान हुआ था विवाद

सलेमपुर। विवादित भूमि पर पैमाइश करने पहुंची पुलिस व राजस्व विभाग की टीम के सामने मैरिज हाल में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने पांच नामजद समेत 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने कुछ लोगों का शांति भंग में चालान भी किया है।

नगर के हरैया वार्ड निवासी अजय कुमार विश्वकर्मा ने कोतवाली थाना क्षेत्र के औरंगाबाद अपनी भूमि पर एक मैरिज हाल बनवाया है। आरोप है कि बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार डॉ. भागीरथ सिंह पुलिस बल के साथ उनके मैरिज हाल के पास पहुंचे और बिना किसी को सूचना दिए पास की एक विवादित भूमि की पैमाइश कराना शुरू कर दिए।

इसी बीच मौके पर पहुंचे दूसरे पक्ष के लोगों ने उनके मैरिज हाल पर पथराव करना शुरू कर दिया। जिससे शीशा का लगा मैरिज हाल का मुख्य गेट टूट गया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने मैरिज हाल के संचालक अजय कुमार की तहरीर पर कोतवाली थाना क्षेत्र के मटियरा गांव निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य व भाजपा नेता नागेंद्र गुप्ता, मईल थाना क्षेत्र के बगहा गांव निवासी इंद्रदेव गुप्ता, अनीता देवी, रमेश गुप्ता व राहुल मिश्रा समेत 12 अज्ञात के खिलाफ तोड़फोड़, मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष के इंद्रदेव गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि मैरिज हाल के संचालक की तहरीर पर पांच नामजद समेत 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच चल रही है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-03-2023

# छापेमारी कर चार ट्रैक्टर ट्रॉलियां सीज

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** जिला खनन अधिकारी जितेंद्र कुमार शर्मा ने शुक्रवार की भोर हनुमानगंज थाना क्षेत्र के पनियहवा में छापेमारी कर फर्जी रायल्टी पर्ची पर बिहार से लायी जा रही चार बालू लदी टैक्टर ट्राली को पकड़ उसे सीज करते हुए हनुमानगंज पुलिस को सुपुर्द कर दिया। खनन अधिकारी की इस कार्रवाई से बालू तस्करों में हड़कंप मच गया है।

बिहार के हरनाटाड़ से फर्जी रायल्टी पर्ची पर बालू कारोबारी रात के अंधेरे में गाड़ियों पर बालू लाद कर हनुमानगंज खड्डा क्षेत्र में ले जाकर मुहमांगे दामों पर बेचते हैं। इसकी शिकायत किसी ने खनन अधिकारी से की। इस पर खनन अधिकारी जितेंद्र कुमार शर्मा ने टीम के साथ शुक्रवार की भोर हनुमानगंज पुलिस की मौजूदगी में पनियहवा में छापेमारी की। इस दौरान बिहार से लादकर लायी गयी बालू लदी चार गाड़ियों को पकड़ा। हालांकि सभी चालक व बालू कारोबारी गाड़ी छोड़कर अंधेरे का लाभ लेते हुए फरार हो गये। खनन अधिकारी ने चारों गाड़ियों को सीज करते हुए उसे हनुमानगंज पुलिस को सुपुर्द कर दिया। खनन अधिकारी द्वारा इस कार्रवाई से बालू कारोबारियों ने हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में हनुमानगंज एसओ रामसहाय चौहान ने कहा कि बिहार से पनियहवा क्षेत्र में लाये जाने पर बालू लदी गाड़ियों को सीज किया गया।



जिला खनन अधिकारी द्वारा पकड़ी गयी बालू लदी ट्रॉली।

# वर्दी के साथ कार्यस्थल भी स्वच्छ रखें : एसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पुलिस लाइन में शुक्रवार को विशेष स्वच्छता अभियान चला। परिसर को साफ-सूथरा बनाने के लिए एसपी धवल जायसवाल स्वयं सफाई करने उतरे। इसके साथ ही मातहत भी इसमें जुट गए। एक घंटे से अधिक समय तक चले इस अभियान के बाद परिसर और भी साफ सुथरा बन गया। एसपी ने कहा कि हमें सिर्फ साफ-सुथरी वर्दी ही नहीं पहननी है अपने आसपास का वातावरण तथा कार्यस्थल को भी बेहतर बनाए रखना है। सुबह आठ बजे से पुलिस लाइन में शुरू स्वच्छता अभियान की एसपी ने स्वयं कमान संभाली। उन्हें सफाई करते देख अन्य पुलिसकर्मी भी इसमें जुट गए। एसपी ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। अपने आसपास सफाई रख इस जिम्मेदारी का निर्वहन हम ठीक ढंग से कर सकते हैं। स्वस्थ वातावरण में ही व्यक्ति स्वस्थ व निरोग रह सकता है। कहा कि हमें नियमित सफाई की आदत डालनी है। अपने आवास, कार्यस्थल के अलावा आसपास के परिसर की नियमित सफाई कर उसे स्वच्छ रखना है। एक घंटे से अधिक समय तक श्रमदान कर एसपी व मातहतों ने सफाई की। सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, आरआई रूपेश कुमार, पीआरओ भुपेंद्र कुमार दुबे सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## फिट रहने के लिए नियमित योग-व्यायाम जरूरी: पुलिस अधीक्षक

एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि परेड पुलिस विभाग का अनिवार्य हिस्सा है। इसमें शामिल होने से पूर्व जरूरी बातों का पुलिसकर्मी ध्यान रखें। उन्होंने मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सिपाहियों की दौड़ कराई। नियमित योग, ध्यान करने तथा बेहतर टर्न आउट के निर्देश दिए। वे शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर इसमें शामिल पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। परेड के दौरान आरआई रूपेश कुमार व पुलिसकर्मियों ने एसपी को सलामी दी। पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहे, इसलिए एसपी ने उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। कहे कि परेड में शामिल होने के पूर्व पुलिसकर्मी आवश्यक बातों का पूरा ख्याल रखें। वर्दी साफ-सुथरी हो। अनुशासन पुलिस विभाग की रीढ़ है। इसे बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। परेड के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को शाबासी दी। आरआइ रूपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# एक दुकान में चोरी दो में किया प्रयास

विशुनपुरा। जटहां बाजार थाना क्षेत्र के पड़री पिपरपाती चौराहे पर चोरों ने गुरुवार की रात एक साथ तीन दुकानों में हाथ साफ करने का प्रयास किया। दो दुकानों के सामान चुराने में तो असफल हो गए लेकिन एक बंद ठेला को तोड़कर शीशे का जार सहित अन्य सामान उठा ले गए।

पडरौना-जटहा मार्ग पर पड़री पिपरपाती चौराहा स्थित है । गुरूवार रात दुकानदार अपनी दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे । इसी बीच चोरों ने तीन दुकानों से सामान चोरी करने का प्रयास किया । चोर मुन्ना अंसारी एवं इलाबुद्दीन के दुकान को तोड़कर सामान चुराने का प्रयास किया मगर कामयाब नहीं हो सके । हालांकि शारदा मद्धेशिया के ठेला जो बंद था उसे तोड़कर उसमें एक दर्जन शीशे का जार सहित अन्य सामान चुरा ले गए । इसके बाद दुकानदारों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।



एसपी कार्यालय में विजेता पुलिसकर्मियों के साथ एसपी धवल जायसवाल।

# पुलिस खेल प्रतियोगिता में अव्वल खिलाड़ी पुरस्कृत

**पडरौना, निज संवाददाता।** टेनिस, हैण्डबाल एवं योगा अन्तर्जनपदीय प्रतियोगिता वर्ष 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जनपद कुशीनगर पुलिस टीम को एसपी द्वारा सम्मानित किया गया।

एसपी ने विजेता टीम को शुक्रवार को प्रशस्ति पत्र व नगदी देकर सम्मानित किया। बीते 14 मार्च से 17 मार्च तक रिजर्व पुलिस लाइन्स जनपद देवरिया में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में कुशीनगर पुलिस टेबल टेनिस पुरुष वर्ग सिंगल्स में मुख्य आरक्षी अब्दुल मन्नान खां ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# चार को पुलिस ने भेजा जेल

**मंसाछापर :** जटहां बाजार पुलिस ने अलग-अलग मुकदमों के चार आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। मठियां प्रसिद्ध तिवारी गांव के वसरुद्दीन, एकवनही खुर्द गांव के बेचू, मदन व गुड्डू मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने यह जानकारी दी। (जासं)

# अव्वल कुशीनगर पुलिस टीम को एसपी ने किया सम्मानित

## टेबल टेनिस पुरुष सिंगल वर्ग व हैंडबाल में जोन में मिला पहला स्थान, योगा व टेबल टेनिस महिला वर्ग में भी जिला दूसरे स्थान पर

**जागरण संवाददाता,पडरौना:** जोन स्तरीय टेनिस, हैंडबाल तथा योगा प्रतियोगिता में जनपदीय पुलिस टीम के शानदार प्रदर्शन पर एसपी धवल जायसवाल ने शुक्रवार को खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हैंडबाल प्रतियोगिता में कुशीनगर को गोरखपुर जोन में पहला और टेबल टेनिस व योगा महिला वर्ग में दूसरा स्थान मिला है।

शाम को एसपी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में एसपी ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र तथा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कहा कि सुरक्षा व सेवा के साथ खेल में भी शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का यह प्रयास सराहनीय है।

बता दें कि बीते 14 से 17 मार्च तक पुलिस लाइन देवरिया में टेनिस, हैंडबाल व योगा जोन स्तरीय प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। इसमें जोन के सभी 11 जनपदों की टीम शामिल रही। टेबल टेनिस पुरुष वर्ग सिंगल्स में कांस्टेबल अब्दुल मन्नान खां ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हैंडबाल प्रतियोगिता में जिले की टीम ने जोन स्तर पर पहला स्थान प्राप्त कर जनपदीय पुलिस का गौरव बढ़ाया। टेबल टेनिस व योगा में महिला पुलिसकर्मियों ने भी जोन में दूसरा स्थान प्राप्त कर जनपद का मान बढ़ाया है।



जोन स्तरीय प्रतियोगिता में पहला स्थान पाने वाली पुलिस टीम को सम्मानित करने के बाद मौजूद एसपी धवल जायसवाल • जागरण

### टीम में ये रहे शामिल

- हैंडबाल टीम
- दारोगा राम मिलन यादव, अखिलेश कुमार यादव, हेका. का0 सुमित सिंह, बसंत, शिवधनी यादव, प्रदीप राय, का. राहुल यादव, अनीश, निर्भय सिंह, सुजीत पटेल, दुर्गेश शर्मा, अजीत यादव,

### टेबल टेनिस महिला वर्ग

- हेका .शीला यादव, का.प्रियंका पटेल, खुश्बू सिंह, ज्योति तिवारी, अंतिमा सिंह

### योगा टीम महिला वर्ग

- हेका .शीला यादव, का.अंशिका भारती, पूनम, गौरी, कृष्णा, क्षमा सिंह, कामिनी, श्वेता मिश्रा, मनु सिंह, पूजा उपाध्याय

## वर्दी के साथ कार्यस्थल भी स्वच्छ रखें : एसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पुलिस लाइन में शुक्रवार को विशेष स्वच्छता अभियान चला। परिसर को साफ-सूथरा बनाने के लिए एसपी धवल जायसवाल स्वयं सफाई करने उतरे। इसके साथ ही मातहत भी इसमें जुट गए। एक घंटे से अधिक समय तक चले इस अभियान के बाद परिसर और भी साफ सुथरा बन गया। एसपी ने कहा कि हमें सिर्फ साफ-सुथरी वर्दी ही नहीं पहननी है अपने आसपास का वातावरण तथा कार्यस्थल को भी बेहतर बनाए रखना है। सुबह आठ बजे से पुलिस लाइन में शुरू स्वच्छता अभियान की एसपी ने स्वयं कमान संभाली। उन्हें सफाई करते देख अन्य पुलिसकर्मी भी इसमें जुट गए। एसपी ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। अपने आसपास सफाई रख इस जिम्मेदारी का निर्वहन हम ठीक ढ्ग से कर सकते है। स्वस्थ वातावरण में ही व्यक्ति स्वस्थ व निरोग रह सकता है। कहा कि हमें नियमित सफाई की आदत डालनी है। अपने आवास, कार्यस्थल के अलावा आसपास के परिसर की नियमित सफाई कर उसे स्वच्छ रखना है। एक घंटे से अधिक समय तक श्रमदान कर एसपी व मातहतों ने सफाई की। सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, आरआई रूपेश कुमार, पीआरओ भुपेंद्र कुमार दुबे सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### फिट रहने के लिए नियमित योग-व्यायाम जरूरी : पुलिस अधीक्षक

एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि परेड पुलिस विभाग का अनिवार्य हिस्सा है। इसमें शामिलहोने से पूर्व जरूरी बातों का पुलिसकर्मी ध्यान रखें। उन्होंने मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सिपाहियों की दौड़ कराई। नियमित योग, ध्यान करने तथा बेहतर टर्न आउट के निर्देश दिए। वे शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर इसमें शामिल पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। परेड के दौरान आरआई रूपेश कुमार व पुलिसकर्मियों ने एसपी को सलामी दी। पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहे, इसलिए एसपी ने उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। कहे कि परेड में शामिल होने के पूर्व पुलिसकर्मी आवश्यक बातों का पूरा ख्याल रखें। वर्दी साफ-सुथरी हो। अनुशासन पुलिस विभाग की रीढ है। इसे बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। परेड के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को शाबासी दी। आरआइ रूपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अंतरजनपदीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। रिजर्व पुलिस लाइन देवरिया में हुए अंतरजनपदीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को एसपी ने सम्मानित किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र दिया।

एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि प्रतिस्पर्धा में शामिल होने पर व्यक्ति के भीतर सर्वांगीण विकास होता है। विजेता पुलिसकर्मियों ने जिले का मान बढ़ाया है।

इसके बाद उन्होंने पुरुष वर्ग के टेबल टेनिस में मुख्य आरक्षी अब्दुल मन्नान खां को प्रथम स्थान पाने पर पुरस्कृत किया।

हैंडबाल प्रतियोगिता में एसआई राम मिलन यादव, एसआई अखिलेश कुमार यादव, हेड कांस्टेबल सुमित सिंह को पुरस्कृत किया गया।

हेड कांस्टेबल बसंत, हेड कांस्टेबल शिवधनी यादव, हेड कांस्टेबल प्रदीप राय, कांस्टेबल राहुल यादव, कांस्टेबल अनीश, कांस्टेबल निर्भय सिंह, कांस्टेबल सुजीत पटेल, कांस्टेबल दुर्गेश शर्मा, कांस्टेबल अजीत यादव को सम्मानित किया गया।



खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए एसपी धवल जायसवाल। संवाद

### टेबल टेनिस में मुख्य आरक्षी अब्दुल मन्नान खां को मिला है प्रथम स्थान

महिला टेबल टेनिस टीम में हेड कांस्टेबल शीला यादव, कांस्टेबल प्रियंका पटेल, कांस्टेबल खुशबू सिंह, कांस्टेबल ज्योति तिवारी, अंतिमा सिंह को पुरस्कृत किया।

महिला योगा टीम के लिए हेड कांस्टेबल शीला यादव, कांस्टेबल अंशिका भारती, पूनम, गौरी, कृष्णा, क्षमा सिंह, कामिनी कुमारी, श्वेता मिश्रा, मनु सिंह, पूजा उपाध्याय को पुरस्कृत किया।

# खनन अधिकारी ने सीज की बालू लदी चार ट्रालियां

जागरण संवाददाता, पनियहवा: हनुमानगंज थाने के पनियहवा पुलिस पिकेट के समीप शुक्रवार की सुबह जिला खनन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बिहार से आ रही बालू लदी चार ट्रालियों को पकड़ कर सीज कर दिया। खनन अधिकारी की कार्रवाई से क्षेत्र के बालू के धंधेबाजों की चिंता बढ़ गई है।

बिहार से यूपी में बालू का अवैध धंधा की सूचना मिलने पर खनन अधिकारी सुबह पनियहवा चौराहे पर पहुंच गए। विभागीय टीम के साथ बालू लदी ट्रालियों के आने की प्रतिक्षा करने लगे। कुछ समय बाद बिहार की तरफ से बालू लदी चार ट्रैक्टर-ट्रालियां पनियहवा पिकेट के समीप पहुंचीं तो उन्होंने चालकों को रोकने का ईशारा किया। पूछताछ के दौरान चालकों की ओर से बालू का कोई वैध कागजात नहीं प्रस्तुत किया जा सका। उसके बाद ट्रालियों को सीज कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने बताया कि पकड़ी गई ट्रालियों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-03-2023

# एसएसबी जवान को कुचलने का प्रयास, केस

**निचलौल।** निचलौल थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जवान को बीते नौ मार्च को एक वाहन चालक ने कुचलने का प्रयास किया। गनीमत रही कि सुरक्षा में तैनात जवान को जमीन पर गिरने से मामूली चोट लगी। साथ ही रायफल का बट प्लेट टूट गया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इस मामले में निचलौल पुलिस ने शुक्रवार को जवान की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

बॉर्डर के झुलनीपुर बीओपी में तैनात आरक्षी सामान्य धनंजय कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते नौ मार्च की रात 2 बजे बार्डर पर वह विशेष नाका ड्यूटी कर रहा था। इसी बीच एक चारपहिया वाहन नेपाल राष्ट्र से भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास करने लगा। वाहन में कोई सामान लदा होने की आशंका पर टीम के साथ मिलकर वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वाहन चालक ने तेज रफ्तार में वाहन को आगे बढ़ा दिया। इस दौरान वह गिर कर घायल हो गया।

# अमृतपाल के नेपाल भागने की आशंका पर लगे पोस्टर

**नेपाल सीमा**

**सोनौली (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद।** पंजाब से फरार चल रहे वारिस पंजाब दे के मुखिया अमृतपाल सिंह की तलाश में इंडो-नेपाल बॉर्डर पर हाईअलर्ट कर दिया गया है। उसके नेपाल भागने की आशंका के मद्देनजर महराजगंज के सोनौली बॉर्डर पर अमृतपाल के पोस्टर लगाए गए हैं। साथ ही सशस्त्र सीमा बल और पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। भारत से नेपाल जाने वाले वाहनों और लोगों की सघन तलाशी ली जा रही है। होटलों, बस पार्क और सार्वजनिक स्थलों पर भी पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।



अमृतपाल के नेपाल भागने की आशंका को देखते हुए सीमा पर जांच तेज हो गई है।




सीमा पर लगे अमृतपाल सिंह के पोस्टर

- भारत-नेपाल सीमा के सभी नाकों पर लगाए गए अमृतपाल के पोस्टर
- एसएसबी और पुलिस ने बढ़ाई चौकसी, ली जा रही है सघन तलाशी

अमृतपाल 19 मार्च की रात को हरियाणा के शाहाबाद आया था और वहां से अपने सहयोगी पपलप्रीत के साथ फरार हो गया। अमृतपाल जब से फरार हुआ है, उसने न केवल हुलिया बदला है बल्कि वाहन भी बदल रहा है। इसको लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकन्नी हैं। नेपाल सीमा के सभी नाकों पर जवान सतर्कता बरत रहे हैं।

**सभी नाकों पर लगाई गईं तस्वीरें**

सोनौली ही नहीं बल्कि महराजगंज जिले से लगी 84 किलोमीटर की नेपाल सीमा केर सभी नाकों पर अमृतपाल की तस्वीरें चस्पा कर दी गई हैं। सोनौली एसएसबी के उपनिरीक्षक प्रथम सिंह ने बताया कि जबसे अमृतपाल सिंह के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया गया है, तभी से सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी है। हर आने-जाने वाले पर पैनी नजर रखी जा रही है। सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा दस हजार का इनामी

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** लूट व छिनैती जैसे संगीन मामलों में फरार चल रहे दस हजार रुपये के इनामी अपराधी को जिले की कोल्हुई पुलिस ने दबोच लिया है। गोरखपुर के बिछिया कैंप के रहने वाले इस आरोपित को विगत एक साल से गोरखपुर की एसटीएफ तलाश कर रही थी। यह कोल्हुई थाने का इनामिया है।

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि विगत 24 दिसंबर-2021 को गोरखपुर सिकरीगंज थाना क्षेत्र निवासी अरविंद दूबे से स्कॉर्पियो सवार अज्ञात बदमाशों ने कोल्हुई क्षेत्र में तमंचे की नोंक पर 515000 रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। इसमें छानबीन के बाद कोल्हुई थाने में लूट सहित विभिन्न धाराओं में आठ आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ था।



पुलिस कार्यालय में इनामी के पकड़े जाने की जानकारी देते एसपी डॉ. कौस्तुभ।

- कोल्हुई थाने ने घोषित किया था इनाम, गोरखपुर के बिछिया कैंप का रहने वाला है
- लूट की घटना में वांछित था, कोल्हुई पुलिस ने गिरफ्तार किया

लूट में शामिल सात आरोपित रामप्रवेश, अनिल पासवान, प्रवीण चौहान, रजनीश मिश्रा, संजय कुमार, चंद्रशेखर राजभर, तथा जितेंद्र पासवान जेल भेजे जा चुके हैं। घटना में शामिल बिछिया टोला गोरखपुर निवासी दीनदयाल राजभर घटना के बाद से फरार चल रहा था। बाद में उसकी गिरफ्तारी पर दस हजार रुपये का इनाम भी घोषित हुआ था। उसे शुक्रवार की भोर में मुखबिर की सूचना पर कोल्हुई एसओ महेंद्र यादव की टीम ने गोरखपुर सोनौली रोड पर भारीवैसी मोड़ के पास जंगल के किनारे दबोच लिया। बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध कोल्हुई थाने में दो मुकदमों के साथ कई जगहों पर लूट व छिनैती के मुकदमें पहले से दर्ज हैं।

# बसडीला कांड के दो और आरोपित पकड़े गए

- बसडीला में हुए खूनी संघर्ष में दो की हुई थी मौत
- मामले में पांच आरोपित जा चुके हैं जेल

सिसवा, हिन्दुस्तान संवाद। कोठीभार थाना क्षेत्र के बसडीला गांव में रविवार को हुए खूनी संघर्ष के मामले में मुकामी पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, गुरुवार की देर शाम दूसरे पक्ष के दो आरोपितों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

इसके पूर्व एसओजी व कोठीभार पुलिस टीम ने बीते बुधवार को एक पक्ष के आरोपित राजमोहन, नवरंग व चंद्रशेखर उर्फ दीपू को सिसवा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया था। इसके बाद गुरुवार की देर शाम दूसरे पक्ष के दो आरोपित भी पुलिस की गिरफ्त में आ गए। मुखबिर की सूचना पर मुकामी पुलिस ने इस्टेट चौराहे के पास से बाहर भागने की फिराक में लगे श्यामबहादुर व श्रीकांत को भी दबोच लिया। बसडीला में बीते रविवार की शाम रामाश्रय, श्याम बहादुर व शिवशरण के बीच ट्राली पर गन्ना लादने को लेकर मारपीट हुई थी। इसमें घायल शिवशरण ने मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। अगले दिन सोमवार को रामाश्रय के बहनोई मधवलिया निवासी केशव व शिवशरण के परिजनों के बीच मारपीट हो गई। इसमें इलाज के दौरान केशव की भी सिसवा पीएचसी पर मौत हो गई।

एसओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि बसडीला कांड के पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# दुष्कर्म मामले में अभियुक्त को 10 वर्ष की सजा

जासं, महराजगंज: विशेष न्यायाधीश पाक्सो विनय कुमार सिंह की अदालत ने वर्ष 2014 के एक दुष्कर्म के मामले में आरोपित जावेद को दोषी सिद्ध करते हुए 10 वर्ष के कारावास तथा 10 हजार रुपये के अर्थदंड के जुर्माने से दंडित किया है। अर्थदंड का भुगतान न करने पर अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। विशेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 में पीड़ित किशोरी की मां ने कोठीभार थाने में गांव के ही आरोपित जावेद के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के बाद पुलिस ने मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# छापेमारी में 286 बोरी मटर बरामद

जासं, निचलौल: उपजिलाधिकारी राम सजीवन मौर्य पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य और एसएसबी की संयुक्त टीम ने मटरा धमउर में तीन जगहों पर रखे गए 286 बोरी का मटन बरामद किया।

# डकैती में वांछित आठवां आरोपित गिरफ्तार

- कोल्हुई में दो व्यापारियों से एसटीएफ व पुलिसकर्मी बन वसूले थे रुपये
- छह लोगों को एसटीएफ ने पूर्व में ही कर लिया था गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, महराजगंज : खुद को एसटीएफ व पुलिसकर्मी बताकर दिसंबर 2021 में कोल्हुई थाना क्षेत्र से दो मनी कनवर्जन एजेंसी के कैरियरों से हुई डकैती मामले में कोल्हुई पुलिस ने इनामी वांछित आरोपित दीनदयाल को गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से इसे गोरखपुर एसटीएफ व महराजगंज की पुलिस ढूंढ रही थी, तथा इसके ऊपर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी है।

पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि वर्ष 2021 में गोरखपुर निवासी व सोनौली अंतरराष्ट्रीय बार्डर पर मनी कनवर्जन एजेंसी दो संचालकों में थाना सिकरीगंज के मरखौना निवासी अरबिंदु कुमार दुबे और गोरखनाथ थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी अर्जुन यादव के साथ कोल्हुई थाना क्षेत्र से स्वंय को एसटीएफ व पुलिसकर्मी बताकर कुल आठ आरोपितों ने 10.15 लाख रुपये वसूल लिया था।

इस मामले में पहले संचालकों ने भी शिकायत नहीं दर्ज कराई थी, लेकिन बाद में उनके द्वारा इसकी शिकायत एसटीएफ में की गई। जिसपर मामले में हड़कंप मच गया था, और जुलाई 2022 में दोनों पीड़ितों की तहरीर पर कोल्हुई थाने पर पुलिस ने डकैती और जालसाजी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामला हाईप्रोफाइल होने के कारण इस मामले में एसटीएफ भी आरोपितों को ढूंढ रही थी, जिसके बाद एसटीएफ ने गोरखपुर जिले के थाना शाहपुर वार्ड नंबर 18 बिछिया जंगल निवासी रामप्रवेश राजभर, चंद्रशेखर राजभर, खोराबार खास निवासी अनिल पासवान, नौतनवा के मधुबननगर निवासी प्रवीण चौहान, शाहपुर के सिंहासनपुर निवासी रजनीश मिश्रा व जितेंद्र पासवान तथा खजनी थाना खजुरी निवासी संजय कुमार को गिरफ्तार कर मामले में जेल भेज दिया था, लेकिन मामले में गोरखपुर शाहपुर थाना क्षेत्र बिछिया कैंप जंगल तुलसीराम टोला खजुरिया निवासी दीनदयाल तभी से फरार चल रहा था, जिसके पीछे एसटीएफ की टीमें भी लगी हुई थी, और उसे कोल्हुई पुलिस ने शुक्रवार की भोर में गोरखपुर सोनौली रोड से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपित को न्यायालय चालान किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ व गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस टीम •जागरण

# सोनौली सीमा पर भगोड़े अमृतपाल का पोस्टर चस्पा

- भगोड़े अमृतपाल की तलाश में तेज हुई जांच-पड़ताल
- होटलों, बस, पार्क और सार्वजनिक स्थलों पर भी पुलिस की पैनी नजर

जासं, सोनौली : भारत नेपाल की सोनौली सीमा पर खालिस्तान समर्थक व पंजाब पुलिस के वांछित अमृतपाल सिंह और पपलप्रीत के पोस्टर लगाए गए हैं। पंजाब से फरार चल रहे वारिस पंजाब दे के मुखिया अमृत पाल सिंह की तलाश में भारत नेपाल की सीमा समेत देश से जुड़ी अन्य अंतर राष्ट्रीय सीमा पर लुक आउट नोटिस जारी किया गया है, जिसके मद्देनजर सशस्त्र सीमा बलऔर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। भारत से नेपाल जाने वाले वाहनों और लोगों की सघन तलाशी ली जा रही है। होटलों ,बस पार्क और सार्वजनिक स्थलों पर भी पुलिस की पैनीनजर बनी हुई है। अमृतपाल 19 मार्च की रात को हरियाणा के शाहाबाद आया था और वहां से अपने सहयोगी पपलप्रीत के साथ फरार हो गया। अमृतपाल जब से फरार है। उसने हुलिया व वाहन भी बदल रहा है। इसको लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकन्ना हैं, सभी नाकों पर जवान सतर्कता बरत रहे हैं। एसएसबी के 22वीं वाहिनी के सेनानायक एलपी उपाध्याय ने बताया कि पंजाब पुलिस के वांछित अमृतपाल व उसके सहयोगी के नेपाल जाने की आशंकावश शासन और गृह मंत्रालय के निर्देश पर पोस्टर लगाए गए हैं।




सोनौली सीमा पर लगाया गया अमृतपाल सिंह का पोस्टर • जागरण

# कपड़ा व पिकअप के साथ एक गिरफ्तार

जासं , बरगदवा : इंडो नेपाल सीमा से सटे गांव कनरी में शुक्रवार की शाम पिकअप से नेपाल भेजे जा रहे 20 बंडल कपड़ा को पुलिस ने पकड़ लिया। साथ ही एक तस्कर को भी हिरासत में ले लिया। बरामद सामान व तस्कर को अग्रिम कार्रवाई के लिए निचलौल कस्टम को सिपुर्द कर दिया गया। पुलिस टीम के जयहिंद कुमार , कांस्टेबल अमन सिंग ,पंकज कुमार ,अरविंद यादव शुक्रवार की शाम कनरी गांव में वाहन की सघन जांच कर रहे थे। इसी दौरान नेपाल की तरफ जा रही एक पिकअप को रोककर तलाशी लेने पर 20 बंडल कपड़ा बरामद हुआ। तस्कर कलीम अंसारी निवासी पिपरा को हिरासत में ले लिया गया। थानाध्यक्ष बरगदवा पुरुषोत्तम राव ने बताया कि बरामद सामान व हिरासत में लिए गए तस्कर को कस्टम को सिपुर्द कर दिया गया।

# मारपीट के मामले वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जासं, सिंदुरिया: सिंदुरिया की पुलिस ने शुक्रवार को एक मारपीट के मामले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के लिए रवाना किया है। प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन ने बताया कि मोहनापुर निवासी धनेश न्यायालय द्वारा मारपीट के माम्मले में वांछित है।

# मारपीट के मामले वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जासं, सिंदुरिया: सिंदुरिया की पुलिस ने शुक्रवार को एक मारपीट के मामले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के लिए रवाना किया है। प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन ने बताया कि मोहनापुर निवासी धनेश न्यायालय द्वारा मारपीट के मामले में वांछित है।

# नीदरलैंड के नागरिक के पास नहीं मिला वीजा, जेल

**एसएसबी व पुलिस ने गश्त के दौरान श्यामकाट बगीचे के समीप पकड़ा, जांच-पड़ताल के बाद कोतवाल ने की कारर्वाई**

**जागरण संवाददाता, सोनौली :** भारत -नेपाल की सोनौली के पगडंडी मार्ग से गुरुवार की शाम अवैध रूप से नेपाल में प्रवेश करते नीदरलैंड के नागरिक को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि एसएसबी 22 वीं वाहिनी के इंस्पेक्टर जयंत घोष अपने जवान व पुलिस संयुक्त रूप बार्डर पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक नागरिक श्यामकाट बगीचे कोतवाली सोनौली के समीप से नेपाल में दाखिल करता दिखाई दिया। जिसको जवानों ने पकड़ा लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रोज बर्ट डेविड निवासी फोकेनबर्ग स्ट्रीट वोसबर्ग (नीदरलैंड) बताया। जांच पड़ताल के दौरान आरोपित वीजा व पासपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर पाया । गहनता से पूछताछ में नागरिक ने बताया कि उनके समस्त कागजात नेपाल के एक व्यक्ति के पास है। जांच में विदेशी नागरिक दोषी पाया गया। जिस पर विदेशी विषयक नियम कानून के तहत जेल भेजा गया है।

**पूछताछ में यह बताई बात :** नीदरलैंड के नागरिक बर्ट डेविड रीग ने एसएसबी को पूछताछ में बताया कि वह बीते 25 वर्ष से कुछ टूर ऐंड ट्रेवेल के भारत -नेपाल के कर्मियों के संपर्क से भारत व नेपाल की यात्रा कर रहा है। इसी क्रम में पिछली बार वह नीदरलैंड से दिल्ली के लिए हवाई मार्ग से छह नवंबर वर्ष 2022 को दिल्ली आया था। सात नवंबर को वह उसे दिल्ली से काठमांडू के लिए रवाना हुआ। क्योंकि उसकी वीजा अनुमति भारत द्वारा स्वीकार नहीं की गई थी। वह काठमांडू के हैप्पी होटल में आठ माह तक रहा। उसने सोनौली से भारत-नेपाल सीमा को अवैध रूप से पार किया है। दिल्ली-मंडी-गोकर्ण (कर्नाटक) जैसे स्थानों का दौरा किया और अवैध रूप से रहा। वह पिछले 25 वर्षों से भारत का दौरा कर रहा था और मंडी कुल्लू गोकर्ण आदि जगहों पर पहले भी रुक चुका है।



सोनौली कोतवाली में विदेशी नागरिक के साथ पुलिस टीम • जागरण

# चार के विरुद्ध मुकदमा

जासं, फुलमनहा: बृजमनगंज के ग्राम पंचायत गुजरौलिया निवासी चार युवकों के विरुद्ध छह माह पूर्व हुए मारपीट के मामले में न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को बृजमनगंज थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया। गुजरौलिया के सेमरहवा निवासी पीड़ित राजेंद्र ने बताया कि सितंबर माह में बाढ़ राहत सामाग्री के संबंध में गुजरौलियां गांव में गया था। वापस घर आते वक्त गांव के चार लोगों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपशब्द कहने लगे। मना करने पर मारने पीटने लगे। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर गुजरौलिया निवासी धनंजय सिंह, सोनू सिंह, आशीष व हनुमंत के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# हमले के मामले में मुकदमा

जासं, कोठीभार: ग्राम बगही के ग्राम प्रधान के पति पर हुए जानलेवा हमला और छिनैती के मामले में कोठीभार पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को चालान कर दिया। प्रधान के पति जितेंद्र कुमार मिश्र द्वारा कोठीभार पुलिस को दिए गए तहरीर में कुछ मनबढ़ों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर जानलेवा हमला और छिनैती का आरोप लगाया था। मामले मे कोठीभार पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी मुरली, राम्सनेही, अनूप व अन्य लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। एसओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि तीन नामजद व अन्य खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# अपहृत किशोरी बरामद एक के विरुद्ध मुकदमा

जासं, बागापार : सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव से बीते बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब नाबालिग लड़की को पुलिस ने शुक्रवार को बरामद कर लिया। इस मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर नदुआ बाजार निवासी धर्मेंद्र यादव के विरुद्ध अपनी पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बताया कि अपहृता की मां की तहरीर पर एक आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया गया है।

# ड्यूटी में तैनात जवान को वाहन से कुचलने का प्रयास, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल बॉर्डर पर ड्यूटी में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जवान को एक संदिग्ध वाहन चालक ने कुचलने का प्रयास किया। गनीमत रही कि सुरक्षा में तैनात जवान को जमीन पर गिरने से मामूली चोट लगी और रायफल की बट प्लेट टूट गई। संदिग्ध वाहन चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को जवान की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है।

भारत-नेपाल बॉर्डर के झुलनीपुर बीओपी में तैनात आरक्षी सामान्य धनंजय कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि एसएसबी 22वीं वाहिनी के भारत-नेपाल बॉर्डर पर झुलनीपुर बीओपी में कार्यरत है। नौ मार्च की रात दो बजे बॉर्डर के पिलर संख्या 502/7 के पास विशेष नाका ड्यूटी कर रहे थे। इसी बीच बीमा नंबर का एक चारपहिया वाहन नेपाल से भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास करने लगा। वाहन में कुछ संदिग्ध सामान लदा होने की आशंका पर टीम के साथ मिलकर वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने तेज रफ्तार में वाहन को आगे बढ़ा दिया। इससे जवान जमीन पर गिरकर घायल हो गया। सुरक्षा में ररी एमएम इंसास रायफल की बट प्लेट टूट गई।

## *जानलेवा हमले के मामले में मुकदमा दर्ज*

***सिसवा बाजार।*** *कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्राम बगही के ग्राम प्रधानपति पर हुए जानलेवा हमला और छिनैती के मामले में शुक्रवार को केस दर्ज हुआ है। ग्राम प्रधान के पति जितेंद्र कुमार मिश्र ने तहरीर देकर हमला होने का आरोप लगाया था। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी मुरली, रामसनेही, अनूप व अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर चालान कर दिया गया। संवाद*

# कोल्हुई पुलिस ने दस हजार के इनामी को दबोचा

## चार पहिया वाहन में सवार होकर लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हुए थे आरोपी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** कोल्हुई पुलिस ने 10,000 रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी को भारीवैसी जंगल के पास मोड़ पर दबोचा है। पुलिस को इसकी लंबे समय से तलाश थी। वांछित इनामिया दीनदयाल राजभर निवासी जंगल तुलसीराम बिछिया टोला खजुरिया, थाना शाहपुर, जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, लूट के मामले में वांछित की तलाश में पुलिस टीम जुटी थी। घटना में शामिल सात आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चालान कर चुकी है। एक आरोपी फरार चल रहा था।

शुक्रवार को पुलिस टीम को सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने मामले का पर्दाफाश करते हुए पुलिस को मिली कामयाबी की सराहना की।

मामला यह है कि मरखौना थाना सिकरीगंज, जनपद गोरखपुर के रहने वाले अरविंद कुमार दुबे ने 24 दिसंबर 2021 को पुलिस को सूचना दी। मोटरसाइकिल से वापस आते समय सफेद रंग के वाहन पर सवार बदमाशों ने बैग में रखे 5,15,000 रुपये बंदूक दिखाकर छीन लिए। थाना कोल्हुई में केस दर्ज हुआ था।

दुर्गा यादव निवासी लक्ष्मीपुर, थाना गोरखनाथ, जनपद गोरखपुर के साथ भी इसी वाहन में सवार बदमाशों ने 5,00,000 रुपये लूट लिया था। इसका भी केस कोल्हुई थाने में दर्ज हुआ।

### इनको पहले ही भेजा गया था जेल

**विवेचना** के दौरान प्रकाश में आए आठ आरोपियों में से सात रामप्रवेश राजभर निवासी वार्ड नं 18 बिछिया जंगल तुलसीराम, थाना शाहपुर, जनपद गोरखपुर, अनिल पासवान निवासी खोराबाद ,थाना खोराबाद, जनपद गोरखपुर, प्रवीण चौहान निवासी मधुबननगर वार्ड नं 8 थाना नौतनवां, जनपद महराजगंज, रजनीश मिश्रा निवासी सिंहासनपुर, थाना शाहपुर, जनपद गोरखपुर, संजय कुमार निवासी खजुरी, थाना खजनी, जनपद गोरखपुर, चन्द्रशेखर राजभर निवासी बिछिया जंगल तुलसीराम, थाना शाहपुर, जनपद गोरखपुर, जितेन्द्र पासवान निवासी 339 बी, सिंहासनपुर, थाना शाहपुर, जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा जा चुका है।

# भारत-नेपाल बॉर्डर पर अमृतपाल और पपलप्रीत के लगे पोस्टर

## नेपाल भागने की आशंका, अलर्ट जारी, आने-जाने वाले यात्रियों की हो रही जांच

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सोनौली।** पंजाब से फरार चल रहे खालिस्तान समर्थक ''वारिस पंजाब दे'' संगठन के अमृतपाल सिंह की तलाश में भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। नेपाल भागने की आशंका को देखते हुए सोनौली बॉर्डर पर अमृतपाल और पपलप्रीत के पोस्टर लगाए गए हैं।

सशस्त्र सीमा बल और पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। भारत से नेपाल आने-जाने वाले वाहनों और यात्रियों की सघन जांच की जा रही है। वहीं, होटलों, बसों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। बताया जा रहा है कि अमृतपाल 19 मार्च की रात को हरियाणा के शाहाबाद आया था। वहां से अपने सहयोगी पपलप्रीत के साथ फरार हो गया। अमृतपाल जब से फरार हुआ है, तबसे न केवल हुलिया बदला है बल्कि वाहन भी बदल रहा है। इसको लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकन्ना हैं। सरहद के सभी नाकों पर जवान सतर्कता बरत रहे हैं।



सोनौली सीमा पर अमृतपाल और पपलप्रीत के पोस्टर लगाए गए। संवाद

सीमा पर खुफिया विभाग दो दिन से अलर्ट पर है। नेपाल प्रशासन को भी अलर्ट कर दिया है। पोखरा, काठमांडो के रास्तों पर नेपाल पुलिस की भी पैनी नजर है। कुछ महीने पहले ही भारतीय खुफिया विभाग ने अलर्ट किया जारी किया था। बांग्लादेश, पाकिस्तान के आतंकी संगठन, खालिस्तान विद्रोहियों से मिलकर नेपाल में भारत के खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

### *सभी सीमाओं पर लगीं तस्वीरें*

*सोनौली ही नहीं बल्कि जिले से लगी 84 किलोमीटर की सीमा के सभी नाकों पर अमृतपाल और पपलप्रीत की तस्वीरें चस्पा कर दी गई हैं। सोनौली प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि जब से अमृतपाल सिंह के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया गया है, तभी से सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। एजेंसी अलर्ट मोड पर है। नेपाल जाने वाले सभी लोगों और वाहनों की सघनता से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही लोगों को नेपाल जाने की अनुमति दी जा रही है।*

# कुल्फी बेच रहे युवक को मारापीटा

**अड्डा बाजार।** गजरहा में कुल्फी बेच रहे मोनू (24) को शुक्रवार दोपहर को कुछ युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। ठेला हटाने को लेकर विवाद हुआ था। बभनी निवासी मोनू ने बताया कि सड़क के किनारे ठेला लगाया था। युवकों ने बीच सड़क से ठेला हटाने के लिए अपशब्द बोला। विरोध करने पर मारापीटा। क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# बसडीला हत्याकांड का आरोपी श्यामबहादुर गिरफ्तार

**सिसवा बाजार।** ट्रॉली खड़ी करने को लेकर मारपीट में दो लोगों की मौत के मामले में कोठीभार पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी श्याम बहादुर को भी गिरफ्तार कर चालान किया। ग्राम बसडीला कांड के दूसरे पक्ष के आरोपी श्याम बहादुर को पुलिस ने सिसवा कस्बे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अब तक मृतक शिवसरन के पक्ष के तीन और दूसरे ज्ञानभारत के पक्ष दो लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि अन्य आरोपी भी जल्द गिरफ्तार होंगे। संवाद

# शांति भंग में छह का चालान

**महराजगंज।** भिटौली थानाध्यक्ष सुनील कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार को शांति भंग में रितेश सिंह निवासी शिकारपुर, ओंकार निवासी पिपरा खादर, सदानंद, सूरज भारती निवासी गंगराई, परशुराम और उपेंद्र निवासी पिपरा खादर का चालान कर दिया गया। संवाद

# दो पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**सिसवा बाजार।** अपराधियों पर अंकुश लगाने के क्रम में कोठीभार पुलिस ने थाना क्षेत्र के शेषपुर के सुधीर व बेलवा चौधरी के अब्दुल पर गुंडा एक्ट अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने दी। संवाद

# अपहृत किशोरी एक गांव से मिली

बागापार। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव से बीते बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता किशोरी को पुलिस ने शुक्रवार को बरामद कर लिया। इस मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर सदर कोतवाली क्षेत्र के युवक के विरुद्ध अपनी पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी को ढूंढ निकाला गया है। संवाद

# तीन घरों पर छापा मारकर 286 बोरी हरा मटर बरामद

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के भारत नेपाल बॉर्डर से सटे मटरा गांव में बृहस्पतिवार रात को एसडीएम, क्षेत्राधिकारी और एसएसबी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीनों घरों पर छापा मारा। तीनों घरों में 286 बोरी अवैध विदेशी मटर बरामद हुआ। मौके से आरोपी व्यक्ति भागने में सफल रहे। एसडीएम रामसजीवन मौर्य ने बताया कि सूचना के आधार पर टीम के साथ तीनों संदिग्ध घरों पर छापा मारा गया। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-03-2023

# दो आरोपियों को दस वर्ष का कारावास, 15 हजार अर्थदण्ड

**बस्ती (एसएनबी)।** ओपरेशन शिकंजा के तहत पैरवी सेल द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दो अभियुक्तों को दस-दस वर्ष कारावास व रुपये पन्द्रह पन्द्रह हजार रूपये के अर्थदंड की न्यायालय ने सुनाई है।



थाना नगर में वर्ष 1995 में एक युवती ने तहरीर देकर दो लोगो पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का अरोप लगाया था। जिसके सम्बन्ध में नगर पुलिस ने आरोपी रामसजीवन पुत्र भगौती निवासी ग्राम भरवलिया बाबू थाना वाल्टरगंज व रामसागर पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम भरपूरा थाना दुबौलिया के विरुद्ध धारा 368, 376 आईपीसी व धारा 3 (1)(12), 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए दोनो को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

मामले की सुनवाई एससी एसटी एक्ट के न्यायालय में चल रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल एवं थाना नगर पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से 23 मार्च को न्यायालय अनन्य विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) द्वारा अभियुक्त रामसजीवन पुत्र भगौती व रामसागर पुत्र मेवालाल को दस-दस वर्ष कारावास व रुपये 15 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# थाने पर आये फरियादियों से करें विनम्र व्यवहार : एसपी

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने थाना कलवारी का आकस्मिक निरीक्षण किया। थाने पर पहुंचते ही एसपी को पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद उन्होंने कार्यालय, मेस, बन्दीगृह सहित अन्य गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मातहतो को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने थाना परिसर, थाना कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय, बैरक आदि का भ्रमण कर थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया । थाना परिसर में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण के साथ मीटिंग कर उन्हें सख्ती के साथ चेताया कि हर हाल में जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाले आगंतुकों के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल उन पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी कलवारी, थानाध्यक्ष कलवारी, पीआरओ पुलिस अधीक्षक व थाने के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें। इसी क्रम में एसपी ने नगर थाने पर भी निरीक्षण करने पहुंच गये। जहां पर थाना परिसर, थाना कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय, बैरक आदि का भ्रमण करने के बाद थाने के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर शान्ति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को जाना। उन्होंने त्यौहारो को सकुशल एवं सौहार्द पूर्वक सम्पन्न कराये जाने का निर्देश दिया। चौकी प्रभारियों एवं हल्का प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए हर सम्भव अराजक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा किसी भी समाज विरोधी गतिविधियों की सूचना तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को देने के लिए निर्देश दिया।



अपराध रजिस्टर को चेक करते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी। फोटो : एसएनबी

# शादी का झांसा देकर युवती को भगा ले जाने का केस

**बभनान (एसएनबी)।** पैकोलिया थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी एवं बालिका की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार पैकोलिया क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के पेडार निवासी शलमान पुत्र मोहम्मद रफीक उसकी 22 वर्षीया पुत्री को शादी का झांसा देकर भगा ले गया। पीडित की तहरीर पर पुलिस आरोपी के विरूद्ध अपराध संख्या 42/2023 धारा 366 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच पडताल शुरू किया। थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी एवं बालिका की तलाश की जा रही है।

## मुकदमेबाजी के विवाद में युवक को पीटा, केस

**बस्ती ।** मुकदमेबाजी के विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के बिहरा गांव में पुराने मकान के मुकदमें की रंजिश को लेकर कुछ लोगो ने धारदार हथियार से संजय गौड़ के उपर हमला कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में संजय गौड़ के सिर में गम्भीर चोट भी लगी। मामले में पीड़ित संजय गौड पुत्र भावनी फेर निवासी बिहरा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जीतेन्द्र, वीरेन्द्र पुत्रगण रामदीन तथा रामदीन निवासीगण बिहरा थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 452, 324 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## मार्ग दुर्घटना में युवक घायल, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** कोतवाली क्षेत्र के मिश्रौलिया स्थित कैली अस्पताल में ड्यूटी करने जा रहे रामपाल की बाइक संख्या यूपी 51 एआर/ 6221 में सामने से अन्य वाहन संख्या यूपी 51 एएस/ 8433 के चालक ने लापरवाही पूर्वक आकर ठोकर मार दिया। जिससे बाइक गिर गयी और रामपाल के हाथ व पैर में गम्भीर चोट आयी। मामले में घायल के भाई रामधोर पुत्र रामबली निवासी बेदौला पोस्ट भानपुर थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## खेल-खेल के विवाद में मारपीट, दो पर केस

**बस्ती ।** नगर थाना क्षेत्र के बक्सर गांव में खेल-खेल के दौरान हुए विवाद को लेकर कुछ लोगो ने रिन्टू को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़ित रिन्टू पुत्र राजाराम निवासी बक्सर थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रितिक पुत्र मनोज, प्रिंस पुत्र दिनेश निवासीगण बक्सर थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, केस दर्ज

**बस्ती ।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सरैया गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर एक युवक को आरोपी रामू गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़ित के पिता रामधनी पुत्र रामदास निवासी सरैया थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामू पुत्र गंगाराम निवासी सरैया थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## अंगूठी व सीकड़ चोरी, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** लालगंज थाना क्षेत्र के देईसांड़ गांव की रहने वाली गायत्री पाण्डेय अपनी अंगूठी व सीकड़ साफ करने के बाद निकाल कर बाहर कुर्सी पर रखकर बाथरूम में नहाने चली गयी। जब वापस आयी तो देखा दोनो आभूषण गायब थे। मामले में महिला के बेट रवीचन्द पान्डेय पुत्र चिन्ताहरण पान्डेय ग्राम सजहरा पोस्ट देईसाड़ थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## कार में टकराने पर स्कूटी सवार को पीटा, केस

**बस्ती ।** सोनहा थाना क्षेत्र के बनवधिया गांव के पास कार संख्या यूपी 51 आर/ 1001 खड़ी थी, जिसमें चार लोग सवार थे। वही संजय कुमार अपनी स्कूटी से उसी रास्ते कहीं जा रहे थे। इसी दौरान उनकी स्कूटी कार टकरा गयी। जिससे कार सवार लोग नाराज हो गये और संजय को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित संजय कुमार पुत्र गब्बू लाल निवासी असनहरा बाजार थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने कार में बैठे चारो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**छावनी।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नंदलाल सरोज, कांसटेबल सुरेन्द्र कुमार व अवधेश ने अपराध संख्या 1413/2012 में वांछित चल रहे गुलाम मोहम्मद पुत्र इद्रीश तथा शहरत अली पुत्र असगर अली निवासी रूपगढ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उन्हे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# एनडीपीएस के आरोपी को एक वर्ष की सजा

**बस्ती ।** थाना पुरानी बस्ती द्वारा पिछले वर्ष प्लास्टिक काम्प्लेक्स स्थित डायट तिराहा से आरोपी शरद शुक्ला पुत्र रामफेर को अल्प्राजोलम की 480 गोलियों के साथ गिरफ्तार कर 8/21 एनडीपीएस में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजा था। जिसकी पैरवी सेल बस्ती एवं थाना पुरानी बस्ती पुलिस की पैरवी से शुक्रवार को न्यायालय अपर जनपद न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम) बस्ती द्वारा एक वर्ष के कठोर कारावास तथा 5,000 रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

# दुबौलिया पहुंचे डीएम-एसपी ने जांची व्यवस्था

**दुबौलिया।** ब्लॉक के धरमूपुर स्थित एडी एकेडमी में 28 मार्च को सीएम योगी के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को दोपहर में डीएम व एसपी ने एडी एकेडमी के परिसर में पहुंच कर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

परिसर के बगल में ही हेलीपैड तैयार करने का निर्देश पीडब्लूडी एक्सईन को दिया। कार्यक्रम को लेकर पूर्व एमएलसी व प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ स्व. डॉ. वाई डी सिंह के पुत्र इंजीनियर श्वेतांक शेखर सिंह से भी जानकारी ली। सीएम विद्यालय परिसर में ही स्थापित उनके पिता की प्रतिमा का अनावरण, पुस्तक विमोचन और विद्यालय का लोकार्पण करेंगे। इस मौके एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, एडीएम कमलेश बाजपेयी, एसडीएम गुलाब चंद्र, सीओ विनय चौहान, दुबौलिया थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# तीन चोर चढ़े पुलिस के हत्थे चोरी के जेवरात बरामद

**बस्ती (एसएनबी)।** जिले की लालगंज पुलिस ने थाने में वांछित चल रहे दो चोरो को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी के जेवरात भी बरामद हुए है। पुलिस ने बरामद समान को जब्त करते हुए दोनो आरोपियों को जेल भेजने की कार्यवाही किया है।

थाना लालगंज पुलिस व एसओजी टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही मे थाना लालगंज पर में धारा 379, 411, 413 आईपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त सुरेन्द्र जायसवाल पुत्र जोखन जायसवाल निवासी थुनी बाजार थाना झंगहा जनपद गोरखपुर हाल पता ग्राम सहजूपार थाना खजनी जनपद गोरखपुर तथा कैलाश वर्मा पुत्र जयप्रकाश वर्मा ग्राम सहजनवा थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर के साथ ही धारा 411, 413 आईपीसी से संबंधित धनंजय मद्धेशिया पुत्र सुदर्शन मद्धेशिया निवासी तरकुलवा थाना तरकुलवा जनपद देवरिया को गिरफ्तार तीनो के पास से एक सोने की अँगूठी, तीन सोने की चैन बरामद हुआ। अभियुक्तो को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय रवाना किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त सुरेन्द्र जायसवाल के विरूद्ध पूर्व में धारा 379, 411, 413 आईपीसी थाना लालगंज, वर्ष 2022 धारा 392, 411 थाना गौर, धारा 307, 504, 506 थाना गौर, धारा 25/27 व 3/5 आर्म्स अधिनियम थाना गौर, वर्ष 2021 में धारा 420 आईपीसी थाना वाल्टरगंज, धारा 420, 406, 411, 413 आईपीसी थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया तथा वर्ष 2019 में धारा 420 आईपीसी थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। वही कैलाश वर्मा का आपराधिक इतिहास में वर्ष 2023 में धारा 411, 413 आईपीसी थाना लालगंज तथा धनंजय मद्धेशिया के विरूद्ध थाना रामपुर कारखाना में धारा 411, 413 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह, प्रभारी एसओजी गजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल उप निरीक्षक शशिकान्त, वरिष्ठ उप निरीक्षक रामभवन प्रजापति, उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार थाना लालगंज, मुख्य आरक्षी विरेन्द्र गोविन्द राव, आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी अनन्त यादव, आरक्षी कर्मचन्द, आरक्षी अभिषेक सिंह, आरक्षी गजेन्द्र प्रताप सिंह, आरक्षी साजिद जमाल एसओजी टीम बस्ती शामिल रहे।



**बस्तीः पुलिस हिरासत मे आरोपी।** फोटो : एसएनबी

सीएम के दौरा

# डीएम, एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

दुबौलिया (एसएनबी)। ब्लाक के धरमूपुर स्थित एडी एकेडमी मे 28 मार्च को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर है। शुक्रवार को दोपहर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने एडी एकेडमी के परिसर मे पंहुच कर कार्यक्रम स्थल का गहनता से निरीक्षण किया व परिसर के बगल ही हेलीपैड तैयार करने का दिशा निर्देश पीडब्लू डी एक्सीयन केशव लाल को दिया।

कार्यक्रम को लेकर पूर्व एमएलसी व प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ स्व. डा. वाई डी सिंह के पुत्र ईंजीनियर श्वेतांक शेखर सिंह से भी जानकारी ली। उन्होने बताया की सीएम विद्यालय परिसर मे ही स्व. डा. वाई डी सिंह की प्रतिमा का अनावरण, पुस्तक विमोचन तथा उक्त विद्यालय का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। पांडाल आदि बनाए जाने लगे है मुख्यमंत्री लगभग एक घंटे कार्यक्रम मे मौजूद रहेंगे। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, एडीएम कमलेश चंद्र, एसडीएम गुलाब चंद्र, सीओ विनय चौहान, प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक, विनय सिंह, अजय सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



निरीक्षण करतीं डीएम। फोटो : एसएनबी

# टप्पेबाज गोरखपुर व देवरिया से गिरफ्तार

## शिकंजा

**महादेवा, हिन्दुस्तान संवाद।** जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में टप्पेबाजी करने वाले एक शातिर को बस्ती और उसके दो अन्य साथियों को गोरखपुर व देवरिया से गिरफ्तार किया गया है। एसओ लालगंज महेश सिंह ने बताया तीनों शातिरों के खिलाफ जिले के अन्य थानों में भी केस दर्ज है। सभी को जेल भेज दिया गया है।

थानान्तर्गत देईसाड़ में 12 मार्च को अज्ञात चोर रविचंद्र पांडेय के घर उनकी मां से टप्पेबाजी कर सोने की अंगूठी और चेन उड़ा ले गए थे। सूचना पर लालगंज थाना पुलिस और एसओजी टीम ने शुक्रवार की सुबह



लालगंज पुलिस की गिरफ्त में टप्पेबाज। • हिन्दुस्तान

सुरेंद्र जायवाल निवासी थुनी बाजार थाना झंगहा एवं मौजूदा पता ग्राम सहजूपार खजनी गोरखपुर को देईसाड़ से गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद टीम ने कैलाश वर्मा निवासी सहजनवां और धनंजय मद्धेशिया निवासी थाना तरकुलवा जिला देवरिया को उनके आवास से ही दबोच लिया।

आरोपी कैलाश के खिलाफ देवरिया जिले के रामपुर कारखाना में केस दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई रामभवन प्रजापति, एसओजी प्रभारी एसआई गजेन्द्र प्रताप सिंह, एसआई महेन्द्र, हेकां. विरेन्द्र गोविन्द , अनंत , कां. धर्मेंद्र , कर्मचन्द, अभिषेक , गजेन्द्र प्रताप सिंह, साजिद रहे।

# स्कूल व तालाब से हटा अवैध कब्जा

बनकटी। ब्लॉक के ग्राम तुरकौलिया बरगाह में शुक्रवार को विद्यालय की भूमि और रास्ते की भूमि का राजस्व टीम द्वारा सीमांकन करवाया गया।

अतिक्रमण कारियों को अवैध कब्जा हटाने के लिए पहले नोटिस भी दिया गया था इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों नहीं हटाया तब एनटी घनश्याम शुक्ल पुलिस टीम के साथ गांव में स्कूल की भूमि और सांऊघाट में तालाब की जमीन को खाली करवा कर ग्राम सभाओं को भूमि सुपुर्द कर दिया गया।

# मारपीट के तीन मामले में आधा दर्जन पर केस

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई कर दिया। इस मामले में पुलिस ने रामधनी निवासी सरैया थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर गांव के ही रामू के खिलाफ मारपीट व जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज किया है। नगर थाने की पुलिस ने रिंटू निवासी बक्सर की तहरीर पर गांव के रितिक और प्रिंस के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। मारपीट का कारण खेल-खेल में हुआ विवाद बताया जा रहा है। कप्तानगंज पुलिस ने विशुनपुरा गांव में हुई मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में कृष्णा उपाध्याय निवासी विशुनपुरा की तहरीर पर सद्दाम निवासी कटरा बुजुर्ग, विशाल सिंह निवासी अभयपुरा, सुजीत यादव निवासी करमिया थाना कप्तागंज के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# रेलकर्मियों से पुलिस की मारपीट पर डीजीपी को पत्र

बस्ती, वरिष्ठ संवाददाता। चलती ट्रेन में आए दिन सीट और टिकट को लेकर ऑन ड्यूटी रेल कर्मियों से मारपीट के प्रकरण को पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। डीआरएम लखनऊ ने हाल ही में बस्ती और लखनऊ के बीच चलती ट्रेन में पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट एवं धमकाने के मामले में यूपी पुलिस के डीजीपी को पत्र लिखा है। कहा है कि ऐसी घटनाओं से रेलवे एवं पुलिस की छवि भी धूमिल हो रही है। लिहाजा इन दोनों घटनाओं के मद्देनजर ऐसा दिशा-निर्देश जारी करें जिससे भविष्य में ऐसी कोई अन्य घटना न हो।

डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) आदित्य कुमार ने 15 मार्च को डीजीपी यूपीपी को लिखे पत्र (सं.-सी/ 422/ टिकट जांच/ ट्रेन मैनिंग/ 2022) में दो घटनाओं का जिक्र किया है। पहली घटना 10 मार्च की है। भागलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस (15097) के एसी कोच में गोखपुर-लखनऊ के बीच बिना टिकट यात्रा कर रहे पुलिस कर्मियों द्वारा चेकिंग स्टॉफ टीटीई के साथ मारपीट की गई। दूसरी घटना 15 मार्च की है। डीआरएम ने बताया है कि गोरखधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12555) में बस्ती-गोंडा के बीच जीआरपी पोस्ट बस्ती के एसएचओ अरविंद शर्मा एसी कोच के ऑन ड्यूटी कण्डक्टर पर बिना टिकट सीट उपलब्ध कराने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर झूठे आरोप में गिरफ्तार कर जेल में बंद करने की धमकी दी गई। वहीं बातचीत में एसएचओ जीआरपी ने आरोपों को निराधार बताया है।

# थानाध्यक्ष छावनी व विवेचक से सीडब्ल्यूसी ने मांगा स्पष्टीकरण

- नाबालिग को 17 दिन बाद भी न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत न करने का मामला
- बालिका के संबंध में छावनी थाने में दर्ज है केस, सीओ हर्रैया कर रहे हैं विवेचना

बस्ती, निज संवाददाता। नाबालिग बालिका और उससे सम्बन्धित प्रपत्र न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत नहीं करने के मामले में बाल कल्याण समिति ने थाना प्रभारी छावनी और विवेचक से स्पष्टीकरण मांगा है।

छावनी क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग लड़की के साथ हुई घटना की रिपोर्ट मुकामी थाने में दर्ज कराई है। मुकदमें की पीड़िता को थाने के उप निरीक्षक ने सात मार्च को अवकाश होने के नाते न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा के आवास पर प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। न्याय पीठ के अध्यक्ष ने मुकदमे की स्थिति को देखते हुए बालिका का मेडिकल कराने और आवश्यक प्रपत्रों के साथ अगले कार्य दिवस में न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। विवेचक की लापरवाही के चलते बालिका को 17 दिन बाद भी न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय, मंजू त्रिपाठी ने थाना प्रभारी, विवेचक और थाने के बाल कल्याण अधिकारी को पत्र भेज कर 27 मार्च तक मामले में हुई लापरवाही के संबंध में जबाव मांगा है।

# विवेचनाओं का समय से करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीआइजी

## सिद्धार्थनगर के सदर सर्किल के थाना प्रभारियों का किया अर्दली रूम, थाना प्रभारियों को विवेचना की स्थिति में सुधार लाने का निर्देश

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज द्वारा सिद्धार्थनगर जनपद के सदर सर्किल के क्षेत्राधिकारी व थानों सिद्धार्थनगर, उसका बाजार, लोटन, मोहाना व कपिलवस्तु के थाना प्रभारियों व पुलिसकर्मियों के साथ अर्दली रूम (बैठक) किया गया। आइजी ने अपराध रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों, लंबित विवेचना, प्रारंभिक जांच आदि की गहनता से समीक्षा की। निर्देश दिया कि विवेचनाओं का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

आइजी ने क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देशित किया कि सर्किल स्तर पर महीने में दो बार अर्दली रूम (बैठक) किया जाए। प्रत्येक विवेचना के हर बिंदु पर अर्दली रूम किया जाए। विवेचना पर्यवेक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

आइजी ने थाना प्रभारियों को विवेचना निस्तारण के प्रतिशत को सुधारने के लिए निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान आइजीआरएस पर की गई शिकायतों के निस्तारण की स्थिति काफी खराब मिली। गुणात्मक सुधार के लिए निर्देशित किया गया। प्रारंभिक जांच व सामान्य जांच को अति शीघ्र निस्तारण करने के लिए क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देशित किया गया।

- आइजीआरएम पर की गई शिकायतों के निस्तारण में सुस्ती
- पासपोर्ट जांच में भी स्थिति खराब मिली, सुधारने का निर्देश



सिद्धार्थनगर के सदर सर्किल के थानों का अर्दली रूम मे पूछताछ करते आइजी बस्ती रेंज आरके भारद्वाज •सौ. पुलिस विभाग

आइजी ने सीसीटीएनएस के बारे में पूछे जाने पर कर्मचारियों को पूरी जानकारी न होने पर नाराजगी जताई। पब्लिक अप्रूवल सिस्टम (पीएएस) में रेटिंग खराब होने पर सभी प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष को रेटिंग ठीक करने का निर्देश दिया।

पासपोर्ट जांच में भी स्थिति संतोषजनक न होने पर आइजी ने नाराजगी व्यक्त किया।

### असलहों को खोलने व बंद करने का कराया गया अभ्यास

**जासं, कप्तानगंज, बस्ती:** पुलिसकर्मियों को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए शुक्रवार की सुबह कप्तानगंज थाना परिसर में पुलिसकर्मियों की परेड कराई गई। थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने परेड का निरीक्षण कर आरक्षियों के वर्दी, बाल, दाढ़ी, नाखुन आदि को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों को शस्त्र खोलने और बंद करने की प्रक्रिया भी बताई।

पुलिस अधिकारियों के निर्देश के क्रम में शुक्रवार की सुबह कप्तानगंज थाने में परेड का आयोजन करने के साथ ही असलहों को खोलने और बंद करने के तरीके भी बताए गए। लगभग दो घंटे तक चले इस अभ्यास में पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। राइफल के साथ-साथ रिवाल्वर और पिस्टल को खोलने, मैगजीन लोड करने का अभ्यास कराया गया। कुछ पुलिसकर्मियों को असलहे खोलने तक में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, ऐसे में उनका सहयोग उनके सीनियर्स ने किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिसकर्मियों पर सबकी सुरक्षा का जिम्मा होता है। उन्हें असलहों को चलाने, खोलने और बंद करने की जानकारी जरूर होनी चाहिए।



कप्तानगंज थाने पर असलहो को खोलते व बांधते पुलिस कर्मी •जागरण

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती :** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सरैया निवासी रामधनी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षी ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके बेटे को अपशब्द कहा, मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित रामू निवासी सरैया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# खेलते समय वाद विवाद को लेकर मारपीट

बस्ती : नगर थाने के बक्सर गांव निवासी रिंटू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षीगण द्वारा खेलते समय बाद विवाद को लेकर उन्हें अपशब्द कहा। विरोध करने पर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर रितिक व प्रिंस निवासी बक्सर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# बाल अधिनियम के उल्लंघन पर न्याय पीठ ने मांगा स्पष्टीकरण

## छावनी थानाध्यक्ष व विवेचक ने न्याय पीठ के सामने प्रस्तुत नहीं किए नाबालिग बालिका के प्रपत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** नाबालिग बालिका और उससे संबंधित प्रपत्र न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत नहीं करने के मामले में न्याय पीठ बाल कल्याण समिति ने थाना प्रभारी छावनी और मुकदमे के विवेचक से स्पष्टीकरण तलब किया है।

उल्लेखनीय है कि छावनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने अपनी नाबालिग लड़की के साथ हुई वारदात की रिपोर्ट क्षेत्र के थाने में दर्ज कराई है। मुकदमे की वादी पीड़िता को थाने के उप निरीक्षक ने सात मार्च को अवकाश होने के नाते न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा के आवास पर प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया था।

**सात मार्च को एक गांव निवासी ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ हुई वारदात की रिपोर्ट कराई थी दर्ज**

न्याय पीठ के अध्यक्ष ने मुकदमे की वस्तुस्थिति को देखते हुए बालिका की चिकित्सकीय जांच कराने और आवश्यक प्रपत्रों के साथ अगले कार्य दिवस में न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश विवेचक को दिया था, लेकिन विवेचक की लापरवाही के चलते बालिका को 17 दिन बाद भी प्रस्तुत नहीं किया गया है। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी हरैया कर रहे हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी ने थाना प्रभारी, विवेचक और थाने के बाल कल्याण अधिकारी को पत्र भेज कर 27 मार्च तक मामले में हुई लापरवाही का जवाब मांगा है। बाल कल्याण के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने कहा कि मामला बाल हित से जुड़ा हुआ है। बाल हित को लेकर न्याय पीठ सजग रहती है, इसलिए जवाब मांगा गया है। बालिका के सर्वोच्च हित के लिए समिति कई स्तर पर प्रयास करती है। इसे प्रस्तुत न करने पर बालिका का बाल हित प्रभावित होता है।

# चोरी के तीन आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बानपुर, बस्ती:** लालगंज पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने चोरी व चोरी का माल खरीदने के तीन आरोपितों को शुक्रवार 6.15 बजे गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने की एक अंगूठी व सोने के तीन चेन बरामद किए हैं।

लालगंज थाने पर पंजीकृत चोरी के मुकदमे से संबंधित दो आरोपितों व देवरिया के रामपुर कारखाना थाना में दर्ज मुकदमे से संबंधित एक आरोपित को शुक्रवार को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में सुरेंद्र जायसवाल निवासी थूनी बाजार थाना झंगहा जनपद गोरखपुर, कैलाश वर्मा निवासी सहजनवा थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर व धनंजय मद्धेशिया निवासी व थाना तरकुलवा जनपद देवरिया शामिल हैं। सुरेंद्र जायसवाल पर लालगंज, गौर वाल्टरगंज जनपद बस्ती में पांच जबकि देवरिया के रामपुर कारखाना व कोतवाली गोरखपुर में एक-एक आपराधिक मुकदमा दर्ज है।

एसओजी प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कैलाश वर्मा पर चोरी के जेवर खरीदने का आरोप है। सुरेंद्र को लालगंज थाने के भरवलिया तिराहे से जबकि दो अन्य को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया है।

थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह, शशिकांत, रामभवन आदि थे।

# कार्ड बदलकर उड़ाए 2.35 लाख रुपये

**जासं, छावनी, बस्ती :** छावनी थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजों ने एक व्यक्ति के खाते से 2.35 लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित को इसकी जानकारी तब हुई जब वह कार्ड से रकम निकालने गया और रकम नहीं निकली।

थाना क्षेत्र के प्रतापगढ़ कला गांव निवासी त्रिवेणी मिश्र पुरोहित का कार्य करते हैं। 20 दिन पहले अपने भाई जगदम्बा प्रसाद मिश्र के एटीएम कार्ड से रुपये निकालने छावनी कस्बे के एक एटीएम पर आए थे। रुपये न निकलने पर एटीएम रूम में मौजूद एक युवक ने उनकी मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदल लिया।

# डीएम और एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



धरमूपुर स्थित ऐडी एकेडमी विद्यालय में मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेतीं डीएम प्रियंका निरंजन साथ में एसपी व अन्य अधिकारी ●जागरण

**जासं, दुबौलिया, बस्ती:** दुबौलिया विकास क्षेत्र के धरमूपुर स्थित एडी एकेडमी में 28 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी और अन्य अधिकारियों के साथ विद्यालय पहुंची। वहां मंच, हेलीपैड आदि व्यवस्था का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता केशव लाल से सुरक्षा के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए हेलीपैड बनाने व अन्य जरूरी संसाधनों को देखने का निर्देश दिया। विद्यालय परिसर में मंच बनाने का कार्य शुरू हो गया है। विद्यालय के निदेशक इं. श्वेतांक शेखर सिंह के अनुसार मुख्यमंत्री द्वारा विद्यालय परिसर में स्थापित पूर्व एमएलसी स्व. डा. वाईडी सिंह के प्रतिमा का अनावरण एवं पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है। इस दौरान एडीएम कमलेश चंद्र, एएसपी दीपेंद्र चौधरी, उप जिलाधिकारी हर्रैया गुलाबचंद्रा, सीओ कलवारी विनय चौहान, प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया विनय कुमार पाठक, दिनेश सिंह, अनिल सिंह, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# शराब का अधिक मूल्य लेने पर मारपीट

## कप्तानगंज थानाक्षेत्र के फेरसहन की घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज (बस्ती)। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के फेरसहन गांव में शुक्रवार देर रात शराब का अधिक दाम लेने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। लाठी डंडे से मारपीट कर मनबढ़ों ने एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के फेरसहन गांव में सरकारी देशी शराब की दुकान है। मुंबई रहने वाले इसी थाना क्षेत्र के महुलानी निवासी अमित कुमार शुक्रवार रात अपने भाई राजेश के साथ शराब लेने फेरसहन (पंडुलघाट) चौराहे की दुकान पर गये थे। वहां पर सेल्समैन मोनू जायसवाल ने 50 रुपये की जगह 55 रुपये मांगा। इसे लेकर अमित और सेल्समैन में विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि सेल्समैन पक्ष के लोग उग्र होकर लाठी डंडे से अमित और उसके भाई को दौड़ाकर पिटाई करने लगे। उनकी मोबाइल और बाइक भी तोड़ दिया। आरोप है कि साथ ही गले में पहनी चेन भी छीन लिए। इस दौरान पूरे बाजार में खलबली मच गई। कप्तानगंज के एसओ रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले में जानकारी ली जा रही है।

# आभूषण चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## लालगंज पुलिस ने एसओजी टीम के साथ की कार्रवाई

**बस्ती।** थाना लालगंज पुलिस ने एसओजीटीम के संयुक्त प्रयास से चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से सोने की एक अंगूठी व तीन चेन बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपी में गोरखपुर के खजनी थानाक्षेत्र के सहजूपुर निवासी सुरेंद्र जायसवाल भी शामिल हैं।

जिसे 2022 में गौर थाने की पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। उस पर बभनान कस्बे के स्वर्ण व्यावसायी की पत्नी को चकमा देकर जेवरात लेकर फरार होने का आरोप था। इस पर वाल्टरगंज, देवरिया के रामपुर कारखाना सहित अन्य थानों में कुल सात केस दर्ज हैं। पुलिस कार्यालय के अनुसार पकड़े गए अन्य आरोपियों में कैलाश वर्मा निवासी सहजनवां थाना जनपद गोरखपुर और धनंजय मद्धेशिया निवासी तरकुलवा थाना तरकुलवा जनपद देवरिया शामिल हैं। कैलाश वर्मा और धनंजय मद्धेशिया पर चोरी का माल खरीदने का आरोप है। इनके कब्जे से बरामद एक चेन और अंगूठी के बारे में पुलिस ने बताया कि इसे लालगंज थानाक्षेत्र के देईसांड़ कस्बे से बृहस्पतिवार को चोरी किया गया था।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-03-2023

# तस्करी रोकने के लिए समन्वयय जरूरी

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। खुनुवा पुलिस चौकी पर पुलिस, एसएसबी व प्लान इंडिया के द्वारा -आटो ड्राइवर, वेंडर व अन्य संस्थाओ को बार्डर क्षेत्र में बाल तस्करी रोकने के लिए जागरूक किया गया।



चौकी प्रभारी महेंद्र चौहान ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति पर संशय हो तो वह तत्काल पुलिस एसएसबी या लोकल संस्थाओ को सूचित करे , पुलिस इन मुद्दों पर सहयोग करेगी । एस एस बी 43 वी बटालियन से दर्शनलाल ने मानव तस्करी की वर्तमान स्थिति साझा की। प्लान इंडिया ने सभी को प्रोटेक्ट प्रोजेक्ट के बारे में बताया । हेल्पलाइन सुविधाओं 112, 139, 1098, 1090,1930, 1903 के बारे में बताया, इसके साथ अगर कोई बच्चा घर से पलायन करके आता है, मिसिंग हो जाता है तब उसे कैसे सहायता प्रदान की जाएगी । इसके बाद नेपाल से आयी सुनीता के सी ने बताया कि भारत में बहुत से लोग काम का लालच देकर लायें जाते है, जिनका शोषण भी होता है। कुछ अटो ड्राइवरो ने बताया की कभी कभी बच्चे बिना बताये घर से निकल आते है। लेकिन हमे ये जानकारी नहीं थी कि उसकी मदद कैसे करे। बैठक में नेपाल संस्था (पी आर सी) से सुनीता के सी , प्रधान खुनुवा संजय कुमार, प्लान इंडिया से प्रसून शुक्ल, हरिकेश दुबे, रूपा उमर व अटो ड्राइवर तिलकराम, दिलीपकुमार, बब्लू, बेचन शामिल हुए।

# अभियान चलाकर 29 वाहनों का किया चालान

**जासं,सिद्धार्थनगर:** यातायात पुलिस ने शुक्रवार को साड़ी, हाइडिल तिराहा आदि स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। बिना हेलमेट व सीटबेल्ट लगाए चल रहे 29 वाहनों का चालान किया। शमनशुल्क के रुप में 32500 रुपये की वसूली की गई। प्रभारी यातायात अमरेश यादव ने लोगों से हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के बाद ही वाहन चलाने की अपील की।

# न्यायालय ने दो अभियुक्तों को संदेह का लाभ दे किया दोषमुक्त

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। गम्भीर रूप से मारपीट, दलित उत्पीड़न एवं जानमाल की धमकी देने के मामले में विशेष अपर सत्र न्यायाधीश एससी एसटी चंद्रमणि नें दो अभियुक्तों दिवाकर मणि एवं शशिकांत मणि को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया।

मामला इटवा थानाक्षेत्र का है, जो वर्ष 2007 में घटित हुआ था।जिसमें न्यायालय के आदेश से थाने पर मुकदमा दर्ज हुआ था। वादी मुकदमा अनूचित जाति का व्यक्ति है जिसने न्यायालय में आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि 11 जुलाई 2007 को वह दिनेश त्रिपाठी के घर अपनी बकाया मजदूरी माँगने जा रहा था।करीब 8 बजे सुबह जब वह धोवहा चौराहे पर पहुँचा तो उधर से दिनेश त्रिपाठी अपनी जीप से लड़के के साथ आते दिखे। रास्ते में रोककर जब उसने मजदूरी माँगी तो दिनेश त्रिपाठी व उनके लड़के प्रवीण कुमार, श्रीकान्त, दिवाकर व शशिकान्त उसे भद्दी-भद्दी गालियाँ व जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लाठी व फैंट से मारे पीटे जिससे उसके जबड़े में चोट लगी व दाँत टूट गया। रोने चिल्लाने पर चौराहे पर उपस्थित विकास मणि त्रिपाठी, जगदेव सिंह व अन्य तमाम लोग मौके पर आ गये और घटना को देखे तथा बीच बचाव किये। जब वह घटना की सूचना थाना इटवा पर दिया लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं किया और न ही उसका डाक्टरी परीक्षण करवाया। डाक्टरी मुआयना करवाकर जब वह दूसरे दिन थाने गया तब भी पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया।

**मामला इटवा थानाक्षेत्र का है, जो वर्ष 2007 में घटित हुआ था**

घटना की लिखित सूचना एसपी देकर वह न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसपर न्यायालय ने इटवा थाने की पुलिस को आदेश दिया कि वह एफआईआर दर्ज कर विवेचना करे। सीओ इटवा ने विवेचना करके अभियुक्तगण दिनेश त्रिपाठी, प्रवीण कुमार, श्रीकान्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया तथा दिवाकर व शशिकांत की घटना में संलिप्तता न पाकर उनके विरुद्ध अंतिम रिपोर्ट भेजा। न्यायालय ने विचारण के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर वादी मुकदमा के आवेदन से दिवाकर त्रिपाठी व शशिकान्त त्रिपाठी को भी विचारण हेतु तलब किया। न्यायालय द्वारा तलबशुदा अभियुक्तों के जमानत पश्चात न्यायालय ने उनका भी विचारण प्रारम्भ किया और विचारण पूर्ण होने पर अभियोजन पक्ष अभियुक्तगण के विरुद्ध लगाये गये आरोप को अपने साक्ष्यों के माध्यम से सन्देह से परे साबित करने में पूर्णतया असफल रहा तथा अभियुक्तगण की घटना के समय मौके पर उपस्थिति भी संदिग्ध पायी गयी। ऐसी स्थिति में अभियुक्तगण दिवाकर वं शशिकांत को सन्देह का लाभ देते हुये वादी द्वारा लगाये गये आरोपों से दोषमुक्त करार दिया। अभियुक्तगण की पैरवी अधिवक्ता रमेश कुमार पांडेय ने किया।

# विद्यालय पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद

जासं, सिद्धार्थनगर : मंडलायुक्त बस्ती के फर्जी हस्ताक्षर से सीबीएससी बोर्ड की मान्यता लेने के मामले में सेन्ट्रल एकेडमी पकड़ी के प्रबंधक जेपी तिवारी ने विद्यालय पर लगाए गए आरोपों को खारिज किया है। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि बीते 28 जनवरी को उन्हें पत्र भेजकर अवगत कराया गया है कि फर्जी एनओसी से विद्यालय की मान्यता ली गयी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को मान्यता सीबीएससी के पूर्व नियम के तहत मिली हुई है। जब मान्यता मिली तो उसे वक्त एनओसी जरूरी नहीं थी। नये नियम के तहत अभी उन्होंने एनओसी के लिए आवेदन ही नहीं दिया है। ऐसे में फर्जी हस्ताक्षर की बात पूरी तरह से निराधार है। विद्यालय मानक के अनुरूप चलाया जा रहा है।

# पुलिस कर्मियों ने किया श्रमदान, की साफ-सफाई

- कार्यालयों के साथ ही सामानों की हुई सफाई
- सीओ कार्यालय से लेकर चौकी व थाने की सफाई

सिद्धार्थनगर।स्वच्छता अभियान के तहत जनपद के सभी थानों, चौकियों व पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई का कार्य शुक्रवार को किया गया।

एसपी अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में समस्त थानों, चौकियों, पुलिस कार्यालय, सभी क्षेत्राधिकारी कार्यालयों एवं पुलिस लाइन्स परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में परेड ग्राउंड, फैमिली क्वार्टर्स के आसपास, बैरकों के अंदर व छतों पर साफ सफाई की गई। अभियान के तहत सभी क्षेत्राधिकारी कार्यालयों व थानों में सफाई अभियान चलाया। कार्यालयों, कम्प्यूटरों, टेबलों, आलमारियों और सभी इलेक्ट्रानिक उपकरणों की साफ-सफाई की गयी। सभी बैरकों, कूलरों एवं परिसरों के आसपास कचरे को हटाया गया।

# मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जासं,कपिलवस्तु : आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में धांधली की शिकायत करना बजहां गांव निवासी शौकत अली पर भारी पड़ गया। शिकायतकर्ता को चिल्हिया थाना क्षेत्र के बजहां स्थित पेट्रोल पंप के पास कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के निवर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अली ने विकास खंड बर्डपुर के ग्राम पंचायत बजहा के टोला नरखोरिया में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र में गड़बड़ी की शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। थाना प्रभारी चिल्हिया शिवधारी सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तबारक पुत्र चुलहई, लल्लू और अजहर निवासी बजहां के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट के मामले में तीन वर्ष की सजा

जासं,सिद्धार्थनगर : मारपीट के मामले में सिविल जज जूनियर डिवीजन की कोर्ट ने शुक्रवार को मारपीट के मामले में तीन लोगों को सजा सुनाई है। एक आरोपित चिल्हिया थाना क्षेत्र के केशारा गांव निवासी भग्गन को तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये का जुर्माना सुनाया है। इसके अलावा दो अन्य आरोपितों उजागिर व भगेलू को एक-एक वर्ष कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# फ्लैग मार्च कर पुलिस ने कराया सुरक्षा का एहसास

बिस्कोहर। नवरात्र, रामनवमी और रमजान के मद्देनजर त्रिलोकपुर थाना पुलिस ने गुरुवार सायं नगर पंचायत बिस्कोहर में सीओ डुमरियागंज राणा महेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में नगर के बस अड्डा, पश्चिम मोहल्ला, शाह मोहल्ला, मुख्य कस्बा व परशुराम तिराहा आदि मोहल्लों का भ्रमण किया। जगह-जगह व्यापारियों, राहगीरों से वार्ताकर उनकी परेशानियों के बारे में पूछा।

त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की। मार्च के दौरान पुलिस ने कई संदिग वाहनों की भी चेकिंग की। इस मौके पर थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर सूर्य प्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी बिस्कोहर राकेश त्रिपाठी, सिपाही जय हिंद राजभर, अर्जुन, आशीष आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# गलत मुकदमा दर्ज करने का आरोप

सिद्धार्थनगर। संयुक्त शिक्षा निदेशक को दिए गए पत्र में सेंट्रल एकेडमी के संचालक जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि उनके खिलाफ गलत तरीके से मान्यता लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है, जो निराधार है। मान्यता नियम के तहत मिला था। उन्होंने मामले की जांच कर न्याय की मांग की। संवाद

# धमकी देने के मामले में दो अभियुक्त दोषमुक्त

सिद्धार्थनगर। गंभीर रूप से मारपीट, दलित उत्पीड़न एवं जानमाल की धमकी देने के मामले में दो अभियुक्तों को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है।

मामला इटवा थानाक्षेत्र में वर्ष 2007 में घटित हुआ था, जिसमें न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज हुआ था।

पथरा बाजार थाना क्षेत्र के अल्लापुर निवासी दिनेश त्रिपाठी व उनके पुत्र प्रवीण कुमार, श्रीकांत, दिवाकर व शशिकांत पर आरोप था कि उन्होंने 11 जुलाई 2007 को मजदूरी मांगने पर रास्ते में मारापीटा व जातिसूचक गालियां दी।

पुलिस के केस दर्ज नहीं करने पर न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत दिया, जिस पर कोर्ट ने इटवा पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। सीओ इटवा ने विवेचना न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। संवाद

# संदेह का लाभ देकर न्यायालय ने दो आरोपितों को किया दोषमुक्त

**धोबहा में वर्ष 2007 में मजदूरी मांगने को लेकर दो पक्षों में हुआ था विवाद**

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** मारपीट और दलित उत्पीड़न के मामले में कोर्ट के आदेश पर इटवा पुलिस ने वर्ष 2007 में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने संदेह का लाभ देते हुए दो आरोपित दिवाकर मणि व शशिकांत मणि को आरोपों से मुक्त कर दिया। जबकि दिनेश त्रिपाठी, प्रवीण कुमार, श्रीकान्त को कोर्ट पूर्व में ही सजा सुना चुकी है।

विशेष अपर सत्र न्यायाधीश एससी एसटी चंद्रमणि की कोर्ट में सुनवाई के दौरान पीड़ित झिनकु ने कहा कि वह अनुसूचित जाति-जनजाति का व्यक्ति है। 11 जुलाई 2007 को वह धोबहा चौराहे के पास खड़े थे। तभी दिनेश त्रिपाठी अपनी जीप से लड़के के साथ आए और रास्ता रोककर उसने मजदूरी मांगी तो दिनेश व उनके लड़के प्रवीण कुमार, श्रीकान्त, दिवाकर व शशिकान्त उसे अपशब्द एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी व हाथ से मारपीट कर घायल कर दिया। रोने चिल्लाने पर चौराहे के आसपास उपस्थित विकास मणि त्रिपाठी, जगदेव सिंह आदि लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव किया। कोर्ट के आदेश पर इटवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। सीओ ने विवेचना के बाद दिनेश त्रिपाठी, प्रवीण कुमार, श्रीकांत के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। तीनों आरोपितों को तीन-तीन वर्ष की सजा हुई। मामला हाईकोर्ट में लंबित है। पुलिस ने दिवाकर व शशिकांत की घटना में संलिप्तता न पाकर उनके विरुद्ध अंतिम रिपोर्ट भेजा। न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेकर जमानत के पश्चात उक्त दोनों आरोपितों के विरुद्ध विचारण प्रारम्भ किया। सुनवाई के पश्चात प्रर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर कोर्ट ने संदेह का लाभ देते हुए दोनों को आरोपों से बरी कर दिया। बचाव पक्ष की ओर से मामले की पैरवी रमेश चंद्र पांडेय ने किया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-03-2023

# एसपी ने मातहतो को दिया 25 हजार का इनाम

धनघटा (एसएनबी)। लगातार दो वर्ष से पुलिस पकड़ से फरार चल रहे धनघटा थाना क्षेत्र के मैली गांव निवासी इनामी गोवध के अपराधी को बीते दिनों गिरफ्तार करने पर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता शुक्रवार को अपने कार्यालय में इन्सपेक्टर धनघटा जयवर्धन सिंह समेत उनके मातहतों को ₹ 25 हजार नकदी बतौर पुरस्कार देकर मनोबल बढ़ाया है। विदित हो कि धनघटा थाना क्षेत्र के मैली गांव निवासी दिलदार उर्फ सोनू पेशेवर गो तस्तर है। उसके विरूद्ध वर्ष 2021 में धनघटा थाने पर अपराध संख्यां 406 /2021 धारा 3 /5ए/ 8 गोवध अधिनियत तथा वर्ष 2022 में अपराध संख्या 733 /2022 धारा 323,506,506 दर्ज हुआ था। उक्त दोनों मुकदमों में पुलिस विवेचना पूरी करके अभियुक्त दिलदार उर्फ सोनू के विरूद्ध आरोपपत्र न्यायालय भेज चुकी है लेकिन पुलिस अभी तक अभियुक्त दिलदार उर्फ सोनू को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी करने के बाद भी उक्त अभियुक्त पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पा रहा था। अभियुक्त दिलदार उर्फ सोनू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा ₹ 25000 का इनाम भी घोषित किया गया था। इनाम घोषित होने के बाद धनघटा पुलिस दिलदार की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी और उसकी लोकेशन बताने के लिए पुलिस ने मुखबिर लगा दिया था। बीते 17 मार्च को मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने हमराही पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक अनुज कुमार यादव व कां. विशाल सिंह और कां. शैलेन्द्र यादव के साथ थाना क्षेत्र के डिहवा बाजार में घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। इनामी दिलदार उर्फ सोनू को गिरफ्तार के बाद शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तारी में शामिल उक्त सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस कार्यालय पर बुलाया और अपने हाथों से प्रभारी निरीक्षक धनघटा को ₹ 10 हजार नकदी तथा हमराही उपनिरीक्षक अनुज कुमार यादव को ₹ 7 हजार नकदी, कां, विशाल सिंह और कां. शैलेन्द्र यादव को चार-चार हजार नकदी बतौर पुरस्कार देकर उक्त सभी पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया है।

# गैर इरादतन हत्या का केस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थानान्तर्गत राम-जानकी मार्ग पर रामपुर-बारहकोनी बाजार के समीप शादी की बारात से वापस घर जाने के दौरान अज्ञात डम्फर की ठोकर से बोलेरो सवार दो लोगों की हुई मौत की घटना में मृतक के बेटे की तहरीर पर शुक्रवार को धनघटा पुलिस ने बोलेरो के चालक के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। धनघटा पुलिस को दी गई तहरीर में महुली थाना क्षेत्र के नैनाझाला गांव निवासी लवकुश यादव पुत्र जगदीश ने बताया कि बोलेरो नम्बर यूपी 58 टी 4316 में सवार होकर उसके 61 वर्षीय पिता जगदीश पुत्र रामरूप तथा गांव निवासी अनन्त पाल पुत्र जगदीश बुरी तरह से घायल हो गए थे जिनको घायलावस्था में सीएचसी हैंसर बाजार पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। तहरीर में बोलेरो चालक महुली थाना क्षेत्र के नैनाझाला गांव निवासी अनिल गुप्ता पुत्र लक्खू गुप्ता के उपर लापरवाहीपूर्वक बोलेरो वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए उसे दुर्घटना की जिम्मेदार ठहराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल उक्त बोलेरों के चालक अनिल गुप्ता के विरूद्ध आईपीसी की धारा 279 व 304 ए के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल बोलेरों समेत चालक को गिरफ्त में लेकर कार्रवाई की जाएगी।

# गैंगस्टर एक्ट, दुष्कर्म, धोखाधड़ी के 13 आरोपियों पर पुरस्कार घोषित

संतकबीरनगर (एसएनबी)। गैंगेस्टर एक्ट, दुष्कर्म, धोखाधड़ी आदि संगीन आपराधिक मामलों में संलिप्त वांछित/फरार 13 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु इनाम घोषित किया गया है। ये सभी अपराधी आपराधिक गतिविधियों में अलग-अलग प्रकरणों में शामिल हैं और इन वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए इन पर इनाम भी घोषित किया गया है। ये जानकारी शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दी है।

उन्होंने बताया कि इन अपराधियों के संबंध में जो कोई व्यक्ति पुलिस को सूचना देगा या दस्तयाब कराने में पुलिस का सहयोग करेगा, उस व्यक्ति को वांछित अपराधी के नाम के अनुसार नगद राशि पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति की गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त सौरभ राय पुत्र राजीव निवासी बड़गो थाना

**अपराधियों के संबंध में सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखते किया जाएगा पुरस्कृत : एसपी**

धनघटा, अभियुक्त मो. असलम पुत्र रफीक, अभियुक्त अमहद पुत्र मो. असलम, अभियुक्ता रूबीना पत्नी अकबर अली, अभियुक्त सफात अली उर्फ लल्लन पुत्र मो. असलम निवासीगण भैंसहिया थाना कोतवाली खलीलाबाद पर धनराशि 10-10 हजार ₹ पुरस्कार घोषित किया गया है।

थाना बखिरा पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त राजू पुत्र रशीद, मुश्ताक पुत्र अब्दुल हमीद एवं अभियुक्त रियाज पुत्र नाटे उर्फ इम्तियाज निवासीगण दुर्गजोत थाना बखिरा, अभियुक्त मुस्तफा पुत्र मो. हनीफ निवासी लेडुआ महुआ थाना बखिरा पर धनराशि 10-10 हजार ₹ तथा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त सरवरे पुत्र समशीर-आलम निवासी अमवा थाना नौतनवा जनपद महराजगंज, थाना बखिरा पर पंजीकृत दुष्कर्म व पाक्सों एक्ट में वांछित अभियुक्त निलेश पुत्र मोतीलाल निवासी कस्बा बखिरा पश्चिम टोला थाना बखिरा पर घोषित पुरस्कार की धनराशि 15-15 हजार ₹ और थाना महुली पर पंजीकृत धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त सेराज अहमद पुत्र रफीउल्लाह खान निवासी छितही थाना महुली एवं थाना दुधारा पर पंजीकृत धोखाधड़ी के मामले के अभियुक्त मो. आरिफ पुत्र मो. अमीन निवासी पकडी अराज़ी थाना दुधारा पर धनराशि 20-20 हजार ₹ का इनाम घोषित किया गया है।

# पुलिस लाइन में चला सामूहिक सफाई अभियान

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने निरीक्षण करके संबंधित को दिशा निर्देश दिया गया। वहीं रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में सामूहिक साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। जिसमें सभी ने पुलिस लाइन्सं परिसर की साफ सफाई की। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। उन्होंने द्वारा परेड के उपरान्त पुलिस मेस, डायल-112 के वाहनों व उनके उपकरणों आदि का निरीक्षण करते हुए पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। परेड के उपरान्त पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर की साफ सफाई की गयी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्थ थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

# अज्ञात बाइक चालक के विरूद्ध मुकदमा

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थानान्तर्गत राम-जानकी मार्ग पर पूर्व में हुई दो बाइकों की टक्कर में एक वाइक सवार की हुई मौत की घटना में मृतक के पत्नी की तहरीर पर धनघटा पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाइक सवार के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानवीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के नकहा गांव निवासी सुन्दरी निषाद पत्नी प्रेमचन्द ने बताया कि बीते 15 दिसम्बर 2022 की शाम करीब नौ वजे उसके पति प्रेमचन्द बाइक नम्बर यूपी 58 एक्स 3751 से शनिचरा बाजार कुछ जरूरी कार्य से गए थे। काम को समाप्त कर वह राम-जानकी मार्ग से होते हुए वापस घर आ रहे थे। रास्ते में निहैला गांव के समीप अज्ञात बाइक चालक बाइक नम्बर यूपी 58 जेड 8990 से तेज रफ्तार से पहुंचा और पति की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पति बुरी तरह लहूलुहान होकर गिर पड़ें साथ ही बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। दुर्घटना के वाद पहुंचे लोगों द्वारा पति को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार पहुंचाया गया जहां पति को डाक्टरो ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्घटना में शामिल बाइक नम्बर यूपी 58 जेड 8990 के चालक नाम-पता अज्ञात के विरूद्ध आईपीसी की धारा 279,427,304ए के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानवीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि जल्द ही वाइक चालक की पहचान की बाइक समेत चालक को गिरफ्त में ले लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# फरार अभियुक्त के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**धनघटा (एसएनबी)**। अधिवक्ता के साथ मारपीट करने के आरोप में गंभीर धाराओं में नामजद होने के बाद लगातार फरार चल रहे धनघटा थाना क्षेत्र के सिरसी गांव निवासी एक नामजद अभियुक्त के घर शुक्रवार को खलीलावाद कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर कोर्ट के निर्देश पर कुर्की की नोटिस चस्पा की है। इससे पूर्व पुलिस ने अभियुक्त के गांव सिरसी में डुग्गी-मुनादी भी कराई है। विदित हो कि जिला मुख्यालय में बतौर अधिवक्ता कार्य करने वाले धनघटा थाना क्षेत्र के सिरसी गांव निवासी अधिवक्ता राम अनुज राय की तहरीर पर खलीलावाद कोतवाली पुलिस ने अपराध संख्या 116/2023 धारा 323, 342, 504, 506, 427, 505, 332 के तहत सिरसी गांव के ही निवासी अवधराज यादव के विरूद्ध बीते दिनो मुकदमा पंजीकृत किया था जिसकी जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही नामजद आरोपी अवधराज यादव पुलिस पकड़ से लगातार फरार चल रहा है। सम्बन्धित न्यायालय ने फरार अभियुक्त अवधराज यादव के विरूद्ध पहले गैर जमानती वारंट जारी कर कोतवाली पुलिस को उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था लेकिन उसके बाद भी गिरफ्तारी न होने पर न्यायालय ने अभियुक्त अवधराज के विरूद्ध धारा 82 सीआरपीसी की नोटिस जारी करते हुए कोतवाली पुलिस को नोटिस अभियुक्त के घर चस्पा करने का आदेश बीते 15 मार्च को जारी कर दिया था। आदेश के अनुपालन में कोतवाली पुलिस शुक्रवार को सिरसी गांव पुहंची और डुग्गी-मुनादी करा कर अभियुक्त अवधराज यादव के घर पहुंचकर पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी नोटिस को चस्पा कर दिया।

# सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग न करने पर हो कार्रवाई : डीएम

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए



जिलाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि जनपद के मुख्य चौराहों पर यातायात के समुचित व्यवस्था हेतु ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था करायी जाय और सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेंहदावल बाईपास का चौड़ीकरण किया जाय। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ब्लैक स्पाट पर टेबल टॉप रम्बल स्ट्रिप बनाया जाय एवं सीट बेल्ट व हेलमेट का पालन करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाय तथा सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग न करने वालों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई भी की जाय। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिरुद्ध कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद रमेश चंद्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात अंबरीश भदौरिया, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. आन्जनेय सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा, सहायक अभियन्ता (पीडब्ल्यूडी), अधिशाषी अभियन्ता (नेशनल हाईवे), अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनय कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी एवं यातायात निरीक्षक परमहंस आदि उपस्थित रहे।

# एक नामजद समेत तीन अज्ञात पर केस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थानान्तर्गत तेजपुर गांव में वीते 18 मार्च को सब्जी के फसल की रखवाली करने के दौरान आधी रात को लोहे की सरिया, सब्वल और चाकू से हमला कर युवक को मरणासन्न करने की घटना को लेकर घायल युवक के परिजन की तहरीर पर शुक्रवार को धनघटा पुलिस ने एक नामजद समेत तीन अज्ञात के विरुद्ध मारपीट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर वाजार भेज दिया है।

घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के तेजपुर गांव निवासी शिवरतन पुत्र रामधारी ने वताया कि वीते 18 मार्च की रात में जंगली जानवरों से बचाने के लिए उसका पोता रामशेख पुत्र चन्द्रवली खेत में रहकर फसल की रखवाली कर रहा था। उसी दौरान रात करीव एक वजे गांव निवासी जालन्धर पुत्र मोलहू अपने साढ़ू नाम-पता अज्ञात समेत दो अन्य अज्ञात व्यक्ति लोहे की

**धनघटा थानान्तर्गत तेजपुर गांव में सब्जी के फसल की रखवाली करने के दौरान युवक के उपर हुए प्रांणघातक हमले की है घटना**

सरिया, सब्वल और चाकू लेकर खेत में पहुंच गए और पोते के उपर जानलेवा हमला कर दिया। उक्त सभी ने पोते की पिटाई कर उसे मरणासन्न कर दिया साथ ही चाकू से हमला कर पोते की आंख को भी फोड़ने का असफल प्रयास किया।

हमले में पोते की जवड़ा और दांत टूट गया साथ ही उसके शरीर में गंभीर चोटे आ गयी। अगले दिन सुवह खेत में परिवार के लोग सरसो के फसल कर कटाई करने पहुंचे तव पोते को मरणासन्न हाल में खेत में पड़ा देखा तव जाकर घटना की जानकारी हो सकी। तहरीर में बताया कि घटना के वाद पोते का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है जहां आज कल में उसके जवड़े का आपरेशन भी होना है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर जालन्धर समेत उसके साढ़ू और दो अन्य अज्ञात के विरूद्ध आईपीसी की धारा 308, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानवीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि जल्द ही अज्ञात हमलावरों को चिन्हित करके सभी आरोपियों को गिरफ्त में ले लिया जाएगा और सभी के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# दुर्घटना वादों को विशेष लोक अदालत आज

संतकबीरनगर (एसएनबी)। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी आशीष जैन की अध्यक्षता में विशेष लोक अदालत का आयोजन 25-03-2023 को किया गया है। यह जानकारी पीठासीन अधिकारी ने दी है। श्री जैन द्वारा बताया गया कि पक्षकारों को नोटिस का तामीला कराया जा चुका है एवं दुर्घटना वादों से संबंधित समस्त मामले कल विशेष लोक अदालत 25 मार्च 2023 को लगाए जाएंगे। पक्षकारों से अपील है कि लोक अदालत में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ प्रतिभाग करके मामलों का निस्तारण कराएं।

# मार्ग दुर्घटना में घायलों को भेजवाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पीआरवी 1489 को थाना महुली क्षेत्र के महुली से कालर ने मार्ग दुर्घटना में कृष्णचन्द पुत्र भिखारी निवासी करीं थाना महुली व सोनू यादव पुत्र रणजीत यादव निवासी डुहियाकला थाना धनघटा के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। घटनास्थल पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी नाथनगर पहुंचवाकर घटना के सम्बन्ध में थाना महुली पुलिस को सूचना दी।

# शांतिभंग में आधा दर्जन का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विभिन्न मामले में आधा दर्जन आरोपितों को दबोचकर उनके विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के धर पकड़ के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो, महुली एक और थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने तीन आरोपितों को पकड़कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।



शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड के बाद निरीक्षण करते एसपी सत्यजीत गुप्ता।

# एसपी ने उच्च क्वालिटी की वर्दी पहनने के दिए निर्देश

- एसपी ने सलामी लेकर किया निरीक्षण
- जवानों का टर्न आउट चेक कर दिया निर्देश

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्न आउट को चेककर ड्यूटी के दौरान उन्हें उच्च कोटि की वर्दी पहनने एवं लोगों के बीच मधुर संबंध बनाने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के बाद एसपी ने पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया। परेड के बाद पुलिस अस्पताल, भोजनालय, शस्त्रागार, पुलिस लाइन्स स्टोर, क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आदेश दिए। यूपी-112 का निरीक्षण कर पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को रखने के संबंध में कर्मियों को निर्देश दिया। पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को जरूरी आदेश दिए। इसके अलावा ज़िले के सभी थाना पर भी एसपी के निर्देश के बाद आयोजित परेड में पुलिस टीम ने हिस्सा लिया।

शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगाने के साथ ही अन्य अभ्यास किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव, सीओ धनघटा दीपांशी राठौर समेत रिजर्व पुलिस लाइन सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले के समस्त थानों पर भी परेड का आयोजन हुआ।

# 13 बदमाशों पर पुलिस ने घोषित किया इनाम

- गैंगस्टर, पॉक्सो एक्ट व धोखाधड़ी में हैं आरोपित
- 10 से 20 हजार तक का इनाम घोषित

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले के फरार 13 वांछित अभियुक्तों को इनामिया घोषित हुआ है। सभी आरोपित गैंगस्टर, पाक्सो एक्ट, धोखाधड़ी समेत अन्य मामले में आरोपित हैं। जो काफी लंबे समय से फरार चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुरस्कार देने की घोषणा की है।

जनपद में गैंगिस्टर एक्ट, दुष्कर्म, धोखाधड़ी आदि संगीन आपराधिक मामलों में संलिप्त वांछित व फरार 13 आरोपित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया गया है। एसपी ने बताया कि थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत गैंगिस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त सौरभ राय पुत्र राजीव निवासी बड़गो थाना धनघटा की गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है। थाना कोतवाली खलीलाबाद में गैंगिस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त मोहम्मद असलम पुत्र रफीक, अमहद पुत्र मोहम्मद असलम, रूबिना पत्नी अकबर अली, सफात अली उर्फ लल्लन पुत्र मोहम्मद असलम निवासीगण भैसहिया कोतवाली खलीलाबाद के गिरफ्तारी पर दस-दस हजार का पुरस्कार घोषित है। सरवरे पुत्र समशीर आलम निवासी अमवा थाना नौतनवा जनपद महराजगंज के गिरफ्तारी पर 15 हजार रूपए का इनाम रखा गया है। थाना दुधारा पर पंजीकृत धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद अमीन निवासी पकड़ी अराजी की गिरफ्तारी पर 20 हजार रूपए का पुरस्कार है। थाना बखिरा पर पंजीकृत दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त निलेश पुत्र मोतीलाल निवासी कस्बा बखिरा पश्चिम टोला पर 15 हजार रूपए, गैंगिस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण राजू पुत्र रशीद, मुस्ताक पुत्र अब्दुल हमीद, रियाज पुत्र नाटे उर्फ इम्तियाज निवासी दुर्गजोत एवं मुस्तफा पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी लेडुआ महुआ के गिरफ्तारी अथवा सूचना पर दस-दस हजार का पुरस्कार घोषित है।

> “ पुरस्कार घोषित अपराधियों के संबंध में जो कोई व्यक्ति पुलिस को सूचना देगा या गिरफ्तार कराने में पुलिस का सहयोग करेगा, उस व्यक्ति को वांछित अपराधी के नाम के अनुसार नगद राशि पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति की गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।
>
> सत्यजीत गुप्ता, एसपी, संतकबीरनगर

# चौराहों पर करें ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था

**सड़क सुरक्षा**



कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते डीएम। • हिन्दुस्तान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने मुख्यालय की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने का निर्देश दिया।

डीएम संदीप कुमार ने कहा कि जनपद के मुख्य चौराहों पर यातायात के समुचित व्यवस्था के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक लाईट की व्यवस्था जल्द से जल्द कराया जाए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेंहदावल बाईपास का चौड़ीकरण किया जाएगा। अवैध कब्जों को हटवाने का निर्देश एसडीएम को दिया। सीएमओ डॉ. अनिरुद्ध कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद रमेश चंद्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात अंबरीश भदौरिय आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों में मारपीट, एससीएसटी मामले में केस

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के बगहिया चौराहा पर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एससीएसटी समेत अन्य धारा में केस दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि बगहिया चौराहा निवासी बलवंत ने अपनी शिकायत में बताया कि गांव के राजू, घनश्याम व विशाल अनायास जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देते हुए लात घूंसा और लाठी डंडा से मारने पीटने लगे।



25 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार करने पर पुरस्कृत पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

# इनामिया को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कार

**सम्मान**

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** जिले में 25 हजार का इनामिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली धनघटा पुलिस टीम को शुक्रवार को पुरस्कृत किया गया। एसपी कार्यालय पर सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस टीम में शामिल एसओ जयवर्धन सिंह समेत एक एसआई व दो कांस्टेबल को नकद इनाम देकर पुरस्कृत किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि क्षेत्राधिकारी धनघटा दीपांशी राठौर के पर्यवेक्षण में वांछित, इनामिया अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को निर्देशित किया गया था। इसके तहत चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गोवध निवारण अधिनियम समेत अन्य मामले में 25,000 रुपए के पुरस्कार घोषित आरोपित अभियुक्त दिलावर उर्फ सोनू पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम मैली थाना धनघटा को दिनांक 17 मार्च को समय 10.35 बजे क्षेत्र के डिहवां बाजार सड़क के पास से गिरफ्तार किया था। उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद पुलिस कार्यालय पर थाना धनघटा के प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह को 10,000, एसआई अनुज कुमार यादव को 7,000, कांस्टेबल विशाल सिंह व शैलेन्द्र यादव को चार-चार हजार (कुल घोषित पुरस्कार राशि 25,000 रूपए) नकद पुरस्कार दिया गया।

# कठिनइयां नदी में मिली बाइक

कांटे। चौकी क्षेत्र के बुधा खुर्द के कठनईया नदी में शुक्रवार की शाम को मछली पकड़ते समय कुछ लोगों नदी के अंदर पानी में एक बाइक पड़ी देखा। इसकी जानकारी थोड़े देर में पुरे चौराहे पर फैल गई। जैसे-जैसे ग्रामीणों को जानकारी मिली तो गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। बाईक की जानकारी की सूचना पर पुलिस कर्मी उदय सिंह को मिली। वे मौके पर पहुंचे और लोगों की सहायता से नदी से बाइक को बाहर निकाला गया।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन जांच के दौरान यातायात नियम तोड़ने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों को लेकर जांच अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 115 वाहनों के चालकों से एक लाख 13 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दहेज हत्या मामले के वांछित को गिरफ्तारकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की। टीम ने वांछित आरोपित अभियुक्त मोहम्मद शाहिद पुत्र सुखारी उर्फ वाहिद अली निवासी नाथनगर पुरानी बाजार को दबोचा। उक्त आरोपित अभियुक्त वादी की पुत्री से दहेज के रूप में मोटर साइकिल की मांग लगातार कर रहा था। मांग पूरी न करने पर उसने तीन जुलाई वर्ष 2022 को वादी की पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

# अवैध पिस्टल रखने के आरोपित की जमानत खारिज

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जिला व सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को अमेरिका निर्मित नाइन एमएम की पिस्टल अवैध तरीके से रखने के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद के शुगर मिल नगर पालिका पार्क के पास मुकेश कुमार गुप्ता को नाइन एमएम पिस्टल के साथ पकड़ा गया था। आरोपित के पास बरामद पिस्टल आटोमेटिक था और उसके कबर पर मेड इन यूएसए तथा नाल पर ओनली आर्मी सप्लाई लिखा हुआ था। पुलिस ने पिस्टल को कब्जे में लेकर आरोपित मुकेश कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित ने जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। आरोप की गंभीरता को देखते हुए सत्र न्यायाधीश ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

**विशेष लोक अदालत में आज निस्तारित किए जाएंगे मामले** : संतकबीर नगर : पीठासीन अधिकारी आशीष जैन की अध्यक्षता में शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें मोटर दुर्घटना के सभी दावों का निस्तारण किया जाएगा। पीठासीन अधिकारी ने बताया कि पक्षकारों को नोटिस भेज दी गयी है। पक्षकार इसमें स्वयं अथवा अधिवक्ता के साथ पहुंचकर शत-प्रतिशत मामलों का निस्तारण कराने में सहयोग करें।

# तीन बार रिमाइंडर के बाद भी पुलिस नहीं दे रही रिपोर्ट

- एक बुजुर्ग व्यक्ति के बंदूक का निरस्त नहीं हो पा रहा है लाइसेंस
- थाना व कलेक्ट्रेट का चक्कर लगाकर थका, अव्यवस्था से नाराज

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद के एकमा गांव के एक बुजुर्ग कई माह से थाना और कलेक्ट्रेट का चक्कर लगा रहे हैं। पुलिस जांच कर रिपोर्ट नहीं दे रही है। इसकी वजह से उनके बंदूक का लाइसेंस निरस्त नहीं हो पा रहा है। जबकि कलेक्ट्रेट से पुलिस को तीन बार रिमाइंडर भी भेजा जा चुका है।

वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के पूर्व कोतवाली खलीलाबाद के एकमा गांव के 76 वर्षीय रामशंकर पांडेय की एक नाली लाइसेंसी बंदूक थाने में जमा कर ली गयी थी। चुनाव खत्म होने के बाद इन्होंने तत्कालीन डीएम दिव्या मित्तल को प्रार्थना पत्र देकर लाइसेंस निरस्त करने की मांग की। इस पर जिला प्रशासन के स्तर से थाने में पत्र भेजकर जांच रिपोर्ट मांगी गयी। पुलिस ने यह रिपोर्ट अब तक नहीं दी। इससे उनका लाइसेंस निरस्त नहीं हो पाया है। इनकी शिकायत पर जिला प्रशासन ने अब तक तीन बार रिमाइंडर भेजा लेकिन पुलिस इस पर कोई पहल नहीं कर रही है। इसकी वजह से यह बुजुर्ग व्यक्ति थाना व कलेक्ट्रेट का चक्कर लगाने को विवश हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने कहा कि प्रकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करके वह उचित पहल करेंगे।

# एसपी ने पुलिस टीम को किया पुरस्कृत

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को इनामी आरोपित की गिरफ्तारी करने पर धनघटा थाने के प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह और उनकी टीम को पुरस्कृत किया। धनघटा पुलिस ने पिछले दिनों 25,000 रुपये के पुरस्कार घोषित आरोपित दिलावर उर्फ सोनू निवासी ग्राम मैली थाना को गिरफ्तार किया था।

# 20 लोगों ने एक को पीटा, मारपीट का मुकदमा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर कस्बे में 20 लोगों ने मिलकर सहजनवां थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस मामले में पांच नामजद समेत 20 पर बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ।

सहजनवां थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर के तबारक अली ने कोतवाली खलीलाबाद में तहरीर दी कि उनका पुत्र जब्बार अली घर से मगहर सामान खरीदने आया था। मुंशी निषाद, मदन, अमित कुमार, गोलू निषाद व सोनू निषाद के साथ 15 अज्ञात लोगों ने डंडों से पीटा तथा उसका मोबाइल छीन लिया। इस मामले में पुलिस ने 20 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगवाएं

## ब्लैक स्पाट पर रंबल स्ट्रिप लगाएं, सीट बेल्ट व हेलमेट न लगाने पर होगी कार्रवाई

जासं, संतकबीर नगर : डीएम संदीप कुमार ने कहा कि जिले के मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगवाएं। खलीलाबाद बाईपास का चौड़ीकरण किया जाना जरूरी है। इस पर वह पहल कर रहे हैं। प्रत्येक ब्लैक स्पाट पर टेबल टाप रंबल स्ट्रिप लगाया जाए। सीट बेल्ट व हेलमेट पहनने के लिए लोगों को जागरूक करें। जो लोग इसका पालन न करें, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

डीएम ने यह बातें शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कही। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षित जिंदगी के लिए प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। इसके लिए औरों को भी प्रेरित किया जाना चाहिए। सड़क दुर्घटना में कमी



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम के साथ मौजूद अधिकारी • जागरण

लाने के लिए सभी को सार्थक पहल करनी होगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिरुद्ध कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी-खलीलाबाद रमेश चंद्र, क्षेत्राधिकारी यातायात अंबरीश भदौरिया, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डा. आन्जनेय सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता-राष्ट्रीय राजमार्ग, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद खलीलाबाद विनय मिश्र, यातायात निरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सैनिकों व उनके आश्रितों का हर संभव सहयोग करें अधिकारी

संतकबीर नगर : डीएम संदीप कुमार ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी भूतपूर्व व सेवारत सैनिकों की समस्याओं का गुणवत्ता के साथ समय से निस्तारित करें। इन्हें व उनके आश्रितों का हर संभव सहयोग करें। देश की सेवा करने वाले इन सैनिकों की सेवा में सदैव तत्पर रहें।

डीएम ने यह बातें शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला सैनिक बंधु की बैठक में कही। धनघटा तहसील के घोरांग गांव निवासी सेवानिवृत्त सैनिक जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि उनके गांव के शहीद सत्यवान सिंह की प्रतिमा व स्मारक लगाई जाए।

# शराब की दुकान हटाने की बुनकर नेता ने की मांग

जासं, संतकबीर नगर: बुनकर नेता के नेतृत्व में बखिरा क्षेत्र के लोग शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम संदीप कुमार से मिले। उन्होंने डीएम से जनहित में शराब की दुकान हटाने की मांग की। उन्होंने इस पर उचित पहल किए जाने का आश्वासन दिया।

बुनकर नेता इमामुद्दीन अंसारी ने कहा कि बखिरा के भंगेश्वरनाथ मंदिर के उत्तर दिशा में पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर शराब की दुकान है। यहां पर लोग शराब के नशे में अक्सर अपशब्द कहते हुए मारपीट करते रहते हैं। गांव के बच्चे सरस्वती मेमोरियल एकेडमी में पढ़ने जाते हैं। शराबियों के उत्पात के चलते महिलाओं, स्कूल के बच्चों व अन्य लोगों को रोजाना आवागमन में परेशानी हो रही है। कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, ओम प्रकाश मिश्र, विनोद कुमार गुप्त, संतोष, कई लोग उपस्थित रहे।

# तीन आरोपितों पर एससी-एसटी मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को पिता पुत्र समेत तीन के विरुद्ध मारपीट तथा जाति सूचक शब्द कहने के आरोप में एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। शहर के बगहिया चौराहा निवासी बलवंत ने तहरीर में लिखा है कि राजू, विशाल और घनश्याम ने बिना किसी बात के गाली देने लगे। जब मैंने विरोध किया तो आरोपितों ने पीटना शुरू कर दिया।

# मुख्य चौराहों पर लगाएं ट्रैफिक लाइट : डीएम

## कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

संतकबीरनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें यातायात नियमों के पालन व प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर रणनीति बनी।

डीएम संदीप कुमार ने कहा कि जनपद के मुख्य चौराहों पर यातायात के समुचित संचालन के लिए ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था कराई जाए। इसके साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेंहदावल बाईपास का चौड़ीकरण किया जाए।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर टेबल टॉप रम्बल स्ट्रिप बनाया जाए एवं सीट बेल्ट व हेलमेट का इस्तेमाल करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए।

सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग न करने वालों पर विधिक कार्रवाई भी की जाए। सीएमओ डॉ. अनिरुद्ध कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह, एसडीएम रमेश चंद्र, सीओ यातायात . अंबरीश भदौरिया, एआरटीओ डॉ. आंजनेय सिंह, डीआईओएस मनमोहन शर्मा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका विनय कुमार आदि मौजूद थे। संवाद

# पिस्टल रखे था जमानत अर्जी निरस्त

संतकबीरनगर। सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने अमेरिका निर्मित अवैध पिस्टल रखने के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि शुगर मिल नगर पालिका पार्क के पास से मुकेश कुमार गुप्ता को पुलिस ने देसी नौ एम एम पिस्टल के साथ पकड़ा था। बरामद पिस्टल ऑटोमेटिक था और उसके कवर पर मेड इन यूएसए तथा नाल पर ओनली आर्मी सप्लाई लिखा हुआ था।

पुलिस ने पिस्टल को कब्जा में लेकर आरोपी मुकेश कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया था। उसकी जमानत का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। आरोप की गंभीरता को देखते हुए सत्र न्यायाधीश ने जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संतकबीरनगर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने दुष्कर्म के आरोपी युवक की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद ख़ारिज कर दी।

विशेष लोक अभियोजक सत्य प्रकाश ने बताया कि पीड़िता के पिता ने मेंहदावल थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी बेटी पांच मार्च 2020 को 10 बजे दिन में उनकी बेटी लापता हो गई। उसी दिन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया। उस समय जन्म से संबंधित प्रमाण पत्र नहीं थे।

**किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोप में केस**

बाद में हाई स्कूल का प्रवेश पत्र मिला। उसमें जन्मतिथि के आधार पर बेटी नाबालिग है। बाद में पता चला कि आरोपी चार लोगों की साजिश के तहत उसकी बेटी को बहला-फुसला कर कहीं लेकर चला गया था। मेंहदावल पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

आरोपी ने कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की और कहा कि वह और पीड़िता बतौर पति-पत्नी साथ रहते हैं। कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। संवाद

# आरोपी को पकड़ने वाली टीम को दिया 25,000 का इनाम

संतकबीरनगर। पूर्व में पुरस्कार घोषित आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली धनघटा पुलिस की टीम को एसपी ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में 25,000 रुपये का इनाम दिया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि गोवध के मामले में फरार दिलावर उर्फ सोनू निवासी मैली थाना धनघटा पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। 17 मार्च को पुलिस टीम ने डिहवां बाज़ार के पास से फरार ईनामी को पकड़ा था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल एसओ जयवर्धन सिंह को 10,000 रुपये, एसआई अनुज कुमार यादव को 7,000 रुपये, आरक्षी विशाल सिंह और शैलेंद्र यादव को चार-चार हजार रुपये का ईनाम दिया गया। संवाद

# पकड़ में नहीं आए 13 आरोपी, इनाम घोषित

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसपी ने पुलिस की पकड़ से दूर 13 आरोपियों को चिह्नित कराया है। इनमें ऐसे आरोपी हैं, जो दुष्कर्म, गैंगस्टर एक्ट व धोखाधड़ी के मामले में लंबे समय से फरार हैं। एसपी ने इन आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। एसपी ने एलान किया है कि इनामी आरोपियों को पकड़वाने में पुलिस की मदद करने वालों को घोषित इनाम की धनराशि दी जाएगी।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट, दुष्कर्म, धोखाधड़ी आदि संगीन आपराधिक मामलों में संलिप्त 13 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया गया है।

कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट में फरार आरोपी सौरभ राय निवासी बड़गों थाना धनघटा पर 10,000 रुपये, मोहम्मद असलम निवासी भैंसहिया कोतवाली पर 10,000 रुपये, अमहद निवासी भैंसहिया कोतवाली पर 10,000 रुपये, रुबीना पत्नी अकबर अली निवासी भैंसहिया कोतवाली पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

इसी तरह कोतवाली में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट में फरार सफात अली उर्फ लल्लन निवासी भैंसहिया

## एसपी का एलान, पकड़वाइए इनामी, पाइए इनाम, गुप्त रखा जाएगा नाम

कोतवाली पर 10,000 रुपये, सरवरे निवासी अमवा थाना नौतनवा जनपद महराजगंज पर 15,000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया है।

दुधारा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी मोहम्मद आरिफ निवासी पकडी अराजी, थाना दुधारा पर 20,000 रुपये, बखिरा थाने में दर्ज दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित आरोपी निलेश, निवासी कस्बा बखिरा, पश्चिम टोला पर 15,000 रुपये, बखिरा में ही दर्ज गैंगस्टर एक्ट में वांछित राजू निवासी दुर्गजोत पर 10,000 रुपये का इनाम है।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित मुस्ताक निवासी दुर्गजोत पर 10,000 रुपये, आरोपी रियाज निवासी दुर्गजोत पर 10,000 रुपये, मुस्तफा निवासी लेडुआ महुआ पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित हुआ है। महुली थाने में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में आरोपी सेराज अहमद निवासी छितही पर 20,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है। एसपी ने बताया कि इन इनामी आरोपियों के संबंध में जो कोई व्यक्ति पुलिस को सूचना देगा, उसको पुरस्कार की धनराशि मिलेगी।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-03-2023

# मारपीट में सात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

वजीरगंज। थाना क्षेत्र में आबादी की भूमि में विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में रंजीत सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी टिकरी, बकरीदी पुत्र समीम, जमाल पुत्र जमीर निवासी ग्राम दुर्जनपुर घाट, गुरदयाल कोरी पुत्र रामधन कोरी, बृजेश कुमार कोरी पुत्र रामधन कोरी, गुल्ली दीन कोरी पुत्र राममिलन कोरी, आलोक कुमार कोरी पुत्र गुल्ली दिन कोरी निवासी खानपुर को गिरफ्तार किया है। एसओ प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय रवाना किया गया।

# मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली के उपनिरीक्षक रणजीत यादव टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना पर बड़गाव पुल के नीचे आरोपी मोहम्मद इमरान उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 356 नशीली गोलियां बरामद की गई है। नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया आरोपी को न्यायालय भेजा गया है।

# सरयू पुल की मरम्मत का काम पूरा, ट्रायल आज से

## वाहनों का आवागमन होगा बहाल, 30 मार्च से फर्राटा भरने लगेंगे मालवाहक वाहन



गोंडा में करनैलगंज स्थित सरयू पुल पर की गई बैरीकेडिंग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

करनैलगंज (गोंडा)। सरयू पुल के मरम्मत का कार्य पूर्ण होने के बाद शनिवार से उसका ट्रायल शुरू होगा। 30 मार्च तक पुल पर पूरी तरह आवागमन बहाल हो जाएगा। दो माह से पुल पर बंद लोडिंग व बड़े वाहनों के आवागमन को बहाल करने की कवायद शुरू हो गई है। पहले चरण में छोटे लोडिंग वाहन, फिर मझोले उसके बाद बड़े चलाए जाएंगे।

करनैलगंज के सरयू पुल की मरम्मत को लेकर 30 जनवरी को यातायात बंद कर दिया गया था। छोटी कार व बाइक के लिए आवागमन बहाल था। बाकी सभी प्रकार के वाहनों को प्रतिबंधित किया गया था। बड़े वाहन कैसरगंज, हुजूरपुर, भगड़वा होकर करनैलगंज आते-जाते थे। पुल के पिलर को मजबूत करने के लिए कंक्रीट जाम किया गया है। जिसकी मजबूती का इंतजार है।

पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इस पुल पर आवागमन बहाल करने के लिए कंक्रीट मजबूत होने का इंतजार कर रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अनिल यादव ने बताया कि पुल की मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है। बेरिंग लगाई जा चुकी है।

दोनों तरफ से कंक्रीट का पत्थर जमाया गया है जो लगभग मजबूत हो चुका है। बताया कि 25 मार्च से पुल से धीरे-धीरे वाहन निकाले जाएंगे। पहले छोटे लोडिंग वाहनों को फिर मझोले और उसके बाद बड़े लोडिंग वाहन को पुल से रवाना किया जाएगा।

# चोरी के माल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार हुए

तरबगंज,संवाददाता। तरबगंज पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

उपनिरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि विपिन बिहारी डिग्री कालेज थाना मोड़ मार्ग से दो अभियुक्त को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी 17 मार्च को झामपुरवा में स्थित सर्राफा व्यवसाई अनिल कुमार व सीमेंट मोरंग व्यवसाई सूर्यकांत मिश्रा निवासीगण धौरहरा घाट की दुकान का ताला तोड़कर ज्वेलरी और ड्रिल मशीन समेत अन्य सामान उठा ले गए थे। वही चंदीपुर निवासी रघुराज सिंह ने क्षेत्र में नल और मोटर समेत विभिन्न चोरियो का हवाला देते हुए जिला स्तरीय समाधान दिवस में शिकायत की थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने चोरी के माल के साथ दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमे राजेन्द्र सिंह पुत्र गजई सिंह चन्दीपुर व बुधई पुत्र रामचन्द्रर नरायनपुर को पांच जोडी विछीया, दो अदद गुल्ली दो अदद लाकेट, छः अदद आरटीफीसीयल माला, 5 एचपी का मोटर, दो अदद गैस सिलेण्डर व दो अदद एल्युमिनियम का भगोना बरामद किया है।

## मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा

परसपुर (गोंडा)। ग्राम सकतपुर निवासी नवमी लाल गौतम ने मुकदमा दर्ज कराया है। कहा कि बृहस्पतिवार की देररात 11 बजे गांव के ही तीन लोग उसके घर आए और अभद्रता कर लाठी-डंडा से पिटाई करने लगे। शोर करने पर लोगों ने बीचबचाव कराया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि नवमी लाल गौतम की तहरीर पर हेमराज गौतम, रोहित गौतम व पुत्ती लाल गौतम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। संवाद

# एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

गोण्डा। अधीक्षक आकाश तोमर ने शुक्रवार का पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैरक, वर्दी स्टोर, लाइन परिसर, आवासीय परिसर में जाकर व्यवस्थाओं को देखा और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्वय श्रमदान भी किया। उसके बाद संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों के देख-रेख एवं कुशल संचालन के लिए निर्देशित भी किया। एएसपी शिवराज, सीओ सदर शिल्पा वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# अवैध खनन करते जेसीबी मशीन पकड़ी

कटरा बाजार। अवैध रूप से मिट्टी खनन कर रही जेसीबी मशीन को खनन अधिकारी ने जब्त कर कार्यवाही के लिए स्थानीय पुलिस के हवाले किया। खनन अधिकारी एसपी जायसवाल ने बताया कि मंगुरही गांव के पास अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची टीम को खनन करते हुए मौके पर से एक जेसीबी मशीन मिली। जिसको लाकर कटरा बाजार थाने में सुपुर्द किया गया है। कार्यवाही के लिए जिला खनन अधिकारी ने अभी कोई रिपोर्ट नहीं दी है।

# आलू लदा डीसीएम पलटा, चालक जख्मी

संवाद न्यूज एजेंसी

**नवाबगंज/तरबगंज।** थाना क्षेत्र के लौव्वावीरपुर गांव के समीप शुक्रवार की भोर आलू लदे एक डीसीएम को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। जिससे डीसीएम पलट गया। इस हादसे में चालक घायल हो गया। डीसीएम के टकराने से बिजली का खंबा और तार टूट गए। इससे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। हालांकि, देर शाम विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई।

प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि शुक्रवार की भोर तकरीबन तीन बजे एक डीसीएम आलू लादकर रामनगर गोरखपुर जा रहा था। नवाबगंज-तरबगंज मार्ग पर लौव्वावीरपुर गांव के साधन सहकारी समिति के पास ट्रक को सामने से आ रहे ट्रेलर ने साइड से टक्कर मार दी। जिससे डीसीएम अनियंत्रित होकर विद्युत पोल को तोड़ते हुए पलट गया। हादसे में डीसीएम चालक मोहित 25 घायल हो गया। उसका निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराया गया। गांववालों ने बताया कि डीसीएम पलटने से बिजली का खंबा और तार टूट गए। जिससे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

## छेड़खानी का केस

**रुपईडीह (गोंडा)।** कौड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने तीन लोगों के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने कहा कि शौच के लिए जा रही थी कि गुरुप्रसाद, श्रीकृष्ण व राम उजागर ने छेड़खानी की नीयत से हाथ पकड़ लिया और खींचने लगे। थानाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय ने बताया कि जांच की जा रही है। संवाद

## तीन पर मुकदमा

**रुपईडीह (गोंडा)।** कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छिरास निवासी पूनम शुक्ला ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि 10 वर्ष पहले उसके पति की मौत हो चुकी है। ससुराल वाले मारते-पीटते हैं। पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय ने बताया कि रामछवि शुक्ला, प्रेमकली व गुड़िया के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। संवाद

# 'ट्रैकसूट' में अचानक पुलिस लाइन पहुंच गए कप्तान



गोंडा के पुलिस लाइंस में निरीक्षण करते एसपी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। पुलिस कप्तान आकाश तोमर शुक्रवार की सुबह नीले 'ट्रैकसूट' में अचानक पुलिस लाइन आ धमके। उनके दाएं-बाएं एएसपी शिवराज और सीओ (सदर) शिल्पा वर्मा सफेद रंग के 'ट्रैकसूट' में नजर आए। पता चला मौका श्रमदान दिवस का है।

एसपी ने मातहतों संग पुलिस लाइन परिसर में श्रमदान भी किया। उससे पूर्व निरीक्षण में प्रतिसार निरीक्षक को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्देशित किया। पुलिसकर्मियों ने अफसरों संग मिलकर पुलिस लाइन में साफ-सफाई की। पुलिस कप्तान ने यहां क्वार्टर गार्ड, बैरक,

## निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों के साथ किया श्रमदान

मोटर वाहन शखा, रेडियो शाखा, जीडी कार्यालय, भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया। प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक एवं एसआई (एमटी) महेंद्र यादव को शस्त्रागार में रखे शस्त्रों को समय-सयम पर आरमोरर से सफाई कराने के निर्देश दिए। कहा कि भंडारण कक्ष में सामान को सलीके से रखवाने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने टीम के साथ आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण कर आवासों में रह रहे पुलिसकर्मियों को अपने आवास के आस पास साफ-सफाई रखने का सुझाव दिया।

# दहेज उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा

**खोड़ारे (गोंडा)।** केशवनगर ग्रंट पूर्वी ददरा निवासी बबली तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 19 फरवरी 2022 को नवाबगंज के सिरसा कालोनी में हुआ था। दहेज की मांग को लेकर पति के अलावा जेठ समीर शुक्ला, जेठानी सुधा शुक्ला, सास संतोषी शुक्ला, ननद वंदना ने मारपीट करते हुए घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# खनन निरीक्षक ने पकड़ी जेसीबी

**कटरा बाजार (गोंडा)।** खनन अधिकारी एसपी जायसवाल ने खनन करते हुए मौके पर से एक जेसीबी मशीन को पकड़ कर कटरा बाजार पुलिस के हवाले किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि खनन अधिकारी द्वारा मैजापुर चीनी मिल के पास मंगुरही गांव के किनारे खनन करते हुए जेसीबी को पकड़ कर लाई है। संवाद

# चोरी के माल के साथ दो गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** पुलिस ने चोरी के माल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि राजेंद्र सिंह निवासी चंदीपुर व बुधई निवासी नरायनपुर थाना तरबगंज को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से आर्टिफिशियल ज्वैलरी, गैस सिलिंडर, बिजली की मोटर, बर्तन बरामद हुआ। संवाद

# साइबर सेल ने ठगी गई रकम कराई वापस

**गोंडा।** महिला के खाते से निकले तीन हजार रुपये साइबर सेल की टीम ने रकम को होल्ड कराकर वापस करा दिया। कोतवाली देहात क्षेत्र के खदरनपुरवा खरगूचांदपुर गांव निवासी प्रेमा देवी पत्नी सिपाही लाल ने बताया कि उनके मोबाइल फोन पर कॉल आई थी। उक्त व्यक्ति ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताकर खाता का डिटेल पूछ लिया। इसके बाद उसके खाता से तीन हजार रुपये निकलने का मैसेज आ गया। महिला ने कोतवाली देहात पुलिस एवं 1930 पर कॉल कर साइबर सेल को तत्काल सूचना दी। संवाद

# मारपीट में व तोड़फोड़ में चार नामजद

**परसपुर (गोंडा)।** कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर निवासी अरुन कुमार सिंह ने केस दर्ज कराया है। कहा कि थाना परसपुर के ग्राम सभा बरदहा में श्रीपाल व राम जियावन ग्राम बरतरा से जमीन का बैनामा लिया था। लेखपाल ने पैमाइश कर उसे कब्जा दिला दिया था। जिस पर वह मिट्टी पटाई कर निर्माण कार्य करवा रहा था। शुक्रवार को अचानक चार लोग आकर उससे अभद्रता करते हुए लात-घूंसा से पिटाई करने लगे। टीन शेडों को तोड़ने लगे। उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि अरुन कुमार सिंह की तहरीर पर ग्राम बरदहा निवासी रोहित तिवारी, मोहित तिवारी, राहुल तिवारी व हरी शंकर तिवारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। संवाद

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-03-2023

# पॉक्सो एक्ट के दोषी को पांच साल सजा

बलरामपुर। पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को न्यायालय ने पांच साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही हजार रुपए का अर्थदंड भी दिया है। वर्ष 2017 में जगदंबा प्रसाद थाने में तहरीर देकर सफीउल्लाह रायनी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। केके यादव व विशेष रूप आयोजक पवन कुमार शुक्ला ने प्रभावी पैरवी की जिस पर न्यायालय ने सजा सुनाई है।

# महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जिले के विभिन्न थानों में एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला भी पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल की ओर से मिशन अभियान के तहत महिलाओं एवं छात्राओं को जागरूक किया गया।

# एसपी ने शिकायती पत्रों का किया निस्तारण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने अपने कार्यालय में शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया। लगभग दर्जनभर से अधिक लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी बात कही। व्यक्ति ने संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करें।

# आज दिव्यांगों को दी जाएगी ई-ट्राई साइकिल

बलरामपुर, संवाददाता। जिले के प्रभारी मंत्री व उत्तर प्रदेश शासन के आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल आज बलरामपुर में होंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 12 बजे जनप्रतिनिधियों के साथ सरकार के एक साल पूरा होने पर पत्रकारों से वार्ता करेंगे। 12 :30 बजे प्रभारी मंत्री विकास भवन में दिव्यांगजनों को ई-ट्राई साइकिल का वितरण करेंगे।

# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया

बलरामपुर। ललिया थाना पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया था। थाना प्रभारी जयहरि मिश्रा ने बताया कि भरहापारा निवासी मालिकराम मोरिया के विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया था।

# हत्या के मामले में दस को आजीवन कारावास

**अदालत से**

बलरामपुर, संवाददाता। हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अभिनंतम उपाध्याय ने दस लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों को 25-25 हजार रुपए अर्थदंड भी अदा करना होगा।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि ललिया थाना क्षेत्र के राजपुर सिरसिहिया गांव निवासी भुर्रे ने 24 जुलाई 1995 को ललिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि गांव के ही 16 लोगों ने उसके भाई छोटकऊ की हत्या कर दी है। साथ ही परिवार के चार अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल भी कर दिया।

मामले को लेकर पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान छह अभियुक्तों की मृत्यु हो जाने से उनके नाम पत्रावली से हटा दिए गए।

इसके बाद सरकारी अधिवक्ता ने सात गवाहों का बयान कराया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों सुनने के बाद राम नरायन, चौधरी यादव, रामबरन, श्यामता, छोटकऊ, राम घिराऊ, निबरे, जयजय राम, कुन्ने व अशर्फी को हत्या का दोषी करार देते आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## मारपीट में तीन दोषियों को तीन-तीन वर्ष की कैद

बलरामपुर। विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट विनोद कुमार ने दलित उत्पीड़न व मारपीट के मामले में तीन लोगों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक रणधीर सिंह ने बताया कि ग्राम बरूवारीजोत निवासी फुल्लुर ने 15 सितंबर 2005 को रेहरा बाजार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि 14 सितंबर 2005 को ग्राम रूधौली निवासी राममिलन सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह व संदीप कुमार सिंह ने जातिसूचक गालियां देने के साथ उन्हें मारापीटा। सरकारी अधिवक्ता विजय आर्या ने आठ गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने राममिलन, वीरेंद्र बहादुर व संदीप कुमार को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष के कैद व 7500-7500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को साढ़े तीन- साढ़े तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# जमीन विवाद में मारपीट में दर्जनभर घायल, केस दर्ज

- थानाक्षेत्र ललिया के इमलिया गांव की घटना
- सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा

ललिया, संवाददाता। जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठियां चली जिसमें लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना थाना ललिया के इमलिया गांव में शुक्रवार सुबह की है। सभी घायलों का इलाज संयुक्त जिला चिकित्सालय में चल रहा है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

शुक्रवार को विश्नु कसौंधन ने थाना ललिया में तहरीर दिया कि जमीन व घर के विवाद को लेकर शिव शंकर, कृष्ण कुमार, संजय, श्याम सुंदर, राम सूरत सहित अन्य दो लोगों ने घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिसमें लल्लू, शिव कुमार, अमित कुमार, सूरज, रामावती, प्रीती व मिथलेश आदि घायल हो गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ भी की है। बताया कि आनन-फानन में ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा पहुंचाया। जहां पर घायलों का प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए सभी को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। इस संबंध में ललिया थानाध्यक्ष जय हरी मिश्र ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि विश्नु कसौंधन की तहरीर पर घर में घुसकर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने यातायात संबंधी निर्देश

बलरामपुर। एसपी ने बुधवार को नगर स्थित यातायात कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों के सुरक्षित यातायात संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि देवीपाटन जा रहे श्रद्धालुओं के यातायात को सुगम बनाना होगा।

# पुलिस लाइन में चला स्वच्छता अभियान

बलरामपुर। शुक्रवार को पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पुलिसकर्मियों ने पुलिस कार्यालय, अभियोजन कार्यालय व न्यायालय सुरक्षा कार्यालयों की सफाई की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव, राधा रमन सिंह, उदय राज सिंह आदि मौजूद रहे।

# भूमि विवाद में मारपीट में सात घायल, केस दर्ज

**संसू, ललिया,** : भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठियां चली। इसमें सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना थाना ललिया के इमलिया गांव में शुक्रवार सुबह की है। विष्णु कसौधन ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि जमीन व मकान के विवाद को लेकर शिव शंकर, कृष्ण कुमार, संजय, श्याम सुंदर, राम सूरत सहित अन्य दो लोगों ने घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इसमें लल्लू, शिव कुमार, अमित कुमार, सूरज, रामावती, प्रीती व मिथलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि विष्णु कसौधन की तहरीर पर घर में घुसकर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। दूसरे पक्ष की तहरीर की जांच कराकर विधिक कार्रवाई होगी।

## सीमा क्षेत्र का निरीक्षण

**बलरामपुर :** पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल गोंडा अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने नेपाल सीमा का निरीक्षण किया। सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों से संवाद कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। दोनों देशों की सीमा पर कोयलाबास के पास लगे बैरियर का भी निरीक्षण किया। (संसू)

## नकदी के साथ एक को पकड़ा

**सादुल्लाहनगर :** पुलिस ने चोरी के मोबाइल व 1500 नकदी के साथ चोर को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि सादुल्लाहनगर निवासी गौस रजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। (संसू)

## पाक्सो एक्ट के वांछित को किया गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा :** पुलिस ने पाक्सो एक्ट के वांछित को जेल भेज दिया है। ललिया थानाध्यक्ष जयहरि मिश्र की टीम ने महराजगंज तराई कस्बा से ग्राम पिपरहवा निवासी आलोक दूबे को गिरफ्तार कर लिया गया है। (संसू)

# चोरी की दो बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**बलरामपुर :** गैंसड़ी कोतवाली की पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि आरोपित ने चोरी की बाइकों के नंबर प्लेट फेंक देने और टंकी व टायर पर पेंट करने की बात स्वीकार की है। दोनों बाइक आरोपित के घर के बगल बने हाता से बरामद की गई है। आरोपित को जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# भैंस चोरी के मामले में 33 साल बाद मिला न्याय

**शारद वर्मा, बलरामपुर :** जी हां, भैंस चोरी के मामले में 33 साल बाद न्याय मिला। मामला ललिया के कोड़ही गांव निवासी स्वामी दयाल, शांति व अनोखी लाल का है। 28 मई 1988 को वादी स्वामी दयाल, शांति व अनोखी लाल की भैंस श्याम मनोहर व चंद्रेश्वर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने 28 जून 1988 को दोनों आरोपितों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया। विवेचक के न परीक्षित होने पर न्यायालय ने थाने में तैनात हेड कांस्टेबल मोहम्मद इदरीश का द्वितीयक साक्ष्य कराकर कोरम पूरा किया। 33 साल चले इस मुकदमे में आरोपित वृद्ध हो गए। आरोपितों ने दलील दिया कि वादी की भैंस चरने गई थी रंजिशन मुकदमा लिखा। न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजुला मिश्रा ने दस्तावेजों व बरामदगी के दृष्टिगत मामला संदेह से परे मानते हुए अभियुक्त श्याम मनोहर को एक वर्ष कारावास के साथ एक हजार अर्थदंड लगाया। दूसरे आरोपित को दोषमुक्त कर दिया।

## पाक्सो व छेड़खानी में पांच साल कारावास

**संसू, बलरामपुर :** विशेष लोक अभियोजन पवन शुक्ल ने बताया कि थान तुलसीपुर में 28 फरवरी 2017 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई कि क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को नई बाजार निवासी सफीउल्ला राइनी छेड़खानी करके परेशान करता है। अभियोजन की ओर से पांच गवाहों का बयान अंकित कराया गया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को पांच साल कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

## मारपीट में तीन अभियुक्तों को तीन-तीन साल का कारावास

**संसू, बलरामपुर :** विशेष लोक अभियोजक रणधीर सिंह ने बताया कि थाना रेहरा बाजार के ग्राम बरुवारीजोत निवासी फुल्लुर ने 15 सितंबर 2005 को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई कि ग्राम रुधौली निवासी राम मिलन सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह व संदीप कुमार सिंह ने जाति सूचक शब्द कहते हुए मारा पीटा। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद तीनों आरोपितों को कैद के साथ ही 7500-7500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## हत्या के मामले में 10 अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश अभिनीतम उपाध्याय ने हत्या के मामले में 10 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है। ललिया थाना क्षेत्र के लालपुर सिरहिया के भुर्रे ने 24 जुलाई 1995 को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई कि गांव के राम नरायन, चौधरी यादव, राम बरन, श्यामता, छोटकऊ, राम घिराऊर, निबरे, जय जयराम, कुन्ने व अशरफी व अन्य छह लोगों ने आपसी रंजिश को लेकर भाई छोटकऊ की हत्या कर दी थी। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद 10 अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए 25-25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# 10 हत्यारों को आजीवन कारावास

## ललिया के राजपुर सिरहिया गांव में 1995 में हुई थी हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। वर्ष 1995 में हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को न्यायालय ने दस लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोषियों पर 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि ललिया के राजपुर सिरहिया गांव निवासी भुर्रे ने 24 जुलाई 1995 को ललिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि गांव के ही 16 लोगों ने हमला करके उसके भाई छोटकऊ की हत्या कर दी है। हमले में परिवार के चार अन्य लोग घायल भी हो गए थे। पुलिस ने विवेचना कर सभी 16 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

सत्र परीक्षण के दौरान छह अभियुक्तों की मृत्यु हो जाने से उनका नाम पत्रावली से हटा दिया गया। सरकारी अधिवक्ता ने सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया।

अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अभिनंतम उपाध्याय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद राम नारायण, चौधरी यादव, रामबरन, श्यामता, छोटकऊ, राम घिराऊ, निबरे, जयजय राम, कुन्ने व अशर्फी को हत्या का दोषी करार देते आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## दलित उत्पीड़न व मारपीट के तीन दोषियों को तीन साल का कारावास

बलरामपुर। न्यायालय ने दलित उत्पीड़न व मारपीट के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया है। तीन लोगों को तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक एससी/एसटी एक्ट रणधीर सिंह ने बताया कि ग्राम बरूवारीजोत निवासी फुल्लुर ने 15 सितंबर 2005 को रेहरा बाजार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि 14 सितंबर 2005 को ग्राम रूधौली निवासी राममिलन सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह व संदीप कुमार सिंह ने जातिसूचक गालियां देते हुए पिटाई कर दी। सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता विजय आर्या ने आठ लोगों की गवाही कराई। विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट विनोद कुमार ने राममिलन सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह व संदीप कुमार सिंह को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष की कैद व 7500-7500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को साढ़े तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। (संवाद)

## महिलाओं व बेटियों को किया जागरूक

बलरामपुर। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। नगर के आंबेडकर तिराहा समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों व चौराहों पर एंटी रोमियों टीम ने महिलाओं व बेटियों को शासन की तरफ से संचालित हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 108, यूपी-112 व 1098 आदि की जानकारी दी। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि महिलाएं व बेटियां इन नंबरों पर फोन करके कभी भी सहायता प्राप्त कर सकती हैं। (संवाद)

# नाबालिग से छेड़खानी के दोषी को कैद

बलरामपुर। नाबालिग से छेड़खानी करने के अभियुक्त को न्यायालय ने शुक्रवार को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की कैद व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि थाना तुलसीपुर में एक व्यक्ति ने 28 फरवरी 2017 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ रेलवे क्रॉसिंग के पास एक व्यक्ति ने छेड़खानी की है। पुलिस ने विवेचना कर आरोपी सफीउल्ला के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

सरकारी अधिवक्ता ने चार गवाहों का बयान कराया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट जहेंद्र पाल सिंह ने सफीउल्ला को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की कैद व 10 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। (संवाद)

# थानों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

बलरामपुर। पुलिस लाइन व थानों में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। एसपी केशव कुमार रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके अतिरिक्त पुलिस कार्यालय, अभियोजन कार्यालय, न्यायालय सुरक्षा व पुलिस लाइन में तैनात अधिकारियों व कर्मियों ने परिसर व आवासीय परिसर के आसपास साफ-सफाई की। सभी 15 थानों में भी अभियान चलाया गया।

इसमें एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, सीओ ललिया व लाइन राधारमण सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दरवेश कुमार, क्षेत्राधिकारी उतरौला उदयराज सिंह, यातायात ज्योतिश्री, प्रतिसार निरीक्षक किशनलाल गौतम मौजूद रहे। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-03-2023

# रेप और पॉक्सो में तीन को आजीवन कारावास

- दोष सिद्ध अपराधियों में प्रत्येक पर 1.17 लाख का जुर्माना
- जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष की काटनी होगी अतिरिक्त सजा

बहराइच, संवाददाता। अपर जिला सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट के जज वरुण मोहित निगम ने किशोरी के अपहरण, रेप व पाक्सो एक्ट मामले में दोषसिद्ध पाए जाने पर तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक दोषसिद्ध अपराधी 1.17 का अर्थदंड लगाया है।

विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि नानपारा कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति की 14 वर्षीय बालिका का 22 मई 2013 को अपहरण हो गया। बालिका की तलाश की गई, पता न चलने पर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। 30 मई 2013 को नानपारा कोतवाली के दो सिपाहियों ने अपहृत के पिता को ग्राम प्रधान के आवास पर बुलाया। वहां उसकी डरी सहमी बेटी बैठी थी। वहां प्रधान ने सादे कागज पर पीड़ित पिता व उसकी मां से अंगूठा लगवाकर मौजूद बालिका को परिजनों को सौंप दिया।

इस मामले में कोई शिकायत कहीं नहीं करने को कहा। पीड़ित पुत्री को लेकर पुलिस कप्तान के कार्यालय गया। एसपी को हुई वारदात की जानकारी दी।

कोई कार्रवाई न होने पर सीजेएम कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट के आदेश पर नानपारा कोतवाली में 12 जून 2013 को पुलिस ने अपहरण, गैंगरेप, धमकी व पाक्सो एक्ट केस दर्ज हुआ। खैरीघाट थाने के टिकानपुरवा निवासी दीपक पुत्र भगतराम वर्मा, नानपारा कोतवाली के बनकटवा निवासी पन्ना लाल पुत्र सूरज लाल, कप्तान, उर्फ बहिर उर्फ सफीक पुत्र नामदार को नामजद किया गया।

# अधिवक्ता पर हमला व लूट में दो गिरफ्तार

बहराइच, संवाददाता। अवैध अतिक्रमण उन्मूलन कराए जाने की पुरानी रंजिश को लेकर छह दिन पूर्व मुवक्किलों से मिलकर शहर आ रहे अधिवक्ता पर दशहरा बाग के पास कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमलावर उन्हें वाहन में लादकर पीटते हुए संजय सेतु तक लाए।

बेहोश अधिवक्ता को नदी किनारे फेंक कर फरार हो गए थे। आरोप है कि दस्तावेज फाड़कर जेब में रखी नकदी भी लूट ली थी। इस मामले में दर्ज केस के दो नामजदों को पुलिस ने गुरुवार की देर शाम को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले से जिला बार एसोसिएशन मे काफी आक्रोश है। जरवल रोड थाने के बसहिया पाले गांव निवासी राजित राम पाल पुत्र अमरिका

> “ गुरुवार को दो नामजदों शब्बीर व जाबिर को गिरफ्तार कर लिया गया है । पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है । अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है ।
>
> राजेश कुमार सिंह, एसएचओ

लाल अधिवक्ता माल कचेहरी में वकालत करते हैं। वह 19 मार्च को जरवलरोड इलाके के दो मुवक्किलों से मुकदमें के सम्बन्ध में बातचीत को गए थे। उसी दिन रात नौ बजे वहां से शहर को चले। जरवलरोड के दशहरा बाग के पास हमलावरों ने उन पर घात लगाकर हमला कर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाईं। राजित राम ने बताया कि वह घायल होकर गिर पड़े, इसके बावजूद हमलावरों ने उन्हें वाहन से घूंसे बरसाते हुए संजय सेतु पुल की ओर ले गए, इस बीच वह बेहोश हो गए। जब होश आया तो वह पुल के नीचे नदी किनारे पड़े थे। जेब से दस हजार से अधिक की रकम व दस्तावेज गायब थे। वह किसी प्रकार शहर आए। निजी क्लीनिक पर इलाज कराया। 21 मार्च को जरवलरोड में कमलाकांत सिंह सहित चार नामजद सहित सात पर बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल करने, क्षति पहुंचाने व लूट की धाराओं में केस दर्ज कराया था। जिला बार एसो. अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्र व महामंत्री पुष्पांजलि मिश्रा ने मामला संज्ञान में आने पर 24 मार्च को बैठक की। अधिवक्ताओं ने बार एसोसियेशन के आह्वान पर दो दिन कार्य बहिष्कार भी रखा।

हिन्दुस्तान

# डीएम, एसपी ने कुरीतियों पर वार का लिया संकल्प

बहराइच, संवाददाता। शहर का किसान पीजी कॉलेज तराई में बाल विवाह की कुरीति व कुपोषण से निजात के शंखनाद का शुक्रवार को साक्षी बना। इन कुरीतियों से बेटियों को मुक्ति दिलाने संग उनकी शिक्षा, सुरक्षा व पोषण को लेकर जब डीएम डॉ. दिनेश चंद्र, एसपी प्रशांत वर्मा, सीएमओ डॉ. एसके सिंह ने संकल्प लिया। कहा कि इस कलंक को मिटाने के लिए प्रशासन हर स्तर पर लीक से हटकर काम करने के साथ ही सद्भावना संस्था के प्रयासों को फलीभूत करने को हर संभव कदम भी उठाएगा।



जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र को गदा भेंट करते संस्थाध्यक्ष।

सामाजिक संस्था सद्भावना की ओर से किशोरी सदन का आयोजन किया गया था। इस सदन का मुख्य विषय तराई में बाल विवाह व कुपोषण जैसी विभीषिका से जूझ रहीं बेटियों को मुक्ति दिलाना रहा। डीएम ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से विवाह के लिए आयु निर्धारित कर दी गई है। नियमों की अनदेखी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। हर स्तर पर इसके पालन को लेकर कदम उठाए जाते हैं, लेकिन समाज व उससे जुड़े लोगों का साथ मिलने पर इससे जड़ से मिटाने में कामयाबी मिलती है। संस्था की ओर से किए जा रहे प्रयासों से जिले को बाल विवाह की प्रथा से मुक्त कराने के लिए प्रशासन हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। एसपी ने कहा कि बाल विवाह अपराध है। बेटी का ब्याह के बजाय शिक्षा देकर मजबूत करें। बेटियां दो घरों का चिराग होती हैं।

योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि बाल विवाह न केवल अभिशाप है, बल्कि समाज व परिवार के लिए कलंक है। इसे मिटाने के लिए संस्था का हर कार्यकर्ता मजबूती के साथ खड़ा है।

# आरोपित बैंक मित्र के खिलाफ जांच शुरू

बहराइच। जरवल कस्बे में संचालित इंडियन बैंक ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक के खिलाफ बैंक ने जांच शुरू कर दिया है। जांच होने तक केंद्र का बंद कर दिया गया है। एलडीएम ने बताया कि सेवा केंद्र से एक दिन में 20 हजार रुपये जमा व अधिकतम 10 हजार रुपये ही निकासी का प्रावधान है। इन केंद्रों पर बैंक का सीधे नियंत्रण भी नहीं होता है। ऐसे में व्यक्तिगत लेन-देन पर ही बैंक मित्र दो करोड़ रुपये ठगी कर सकता है।

# मैत्री बस में चरस संग दो गिरफ्तार

रुपईडीहा। नेपाल से रुपईडीहा पहुंच मैत्री बस से गुरुवार की रात चरस की खेप संग दो लोगों को एसएसबी ने पकड़ा है। दोनों चरस की खेप दिल्ली पहुंचाने के लिए मैत्री बस पर सवार हुए थे। रुपईडीहा बीओपी के इंस्पेक्टर मनोहर सिंह ने बताया कि नेपाल से आ रही बस को बीओपी पर यात्रियों को उतार कर जांच की जा रही थी। इस दौरान महिला समेत दोनों लोगों के पास से सात किलो 750 ग्राम चरस बरामद हुई है। इनकी पहचान 48 वर्षीय दुर्गा प्रसाद कामी निवासी गुल्मी व 26 वर्षीया आशा रोका वार्ड नं. दो गांव सभा भूमि जिला रुकुम के रूप में हुई है। दो मोबाइल सेट व 1700 रुपये भी बरामद हुए हैं।

# डीएम, एसपी ने कुरीतियों पर वार का लिया संकल्प

बहराइच, संवाददाता। शहर का किसान पीजी कॉलेज तराई में बाल विवाह की कुरीति व कुपोषण से निजात के शंखनाद का शुक्रवार को साक्षी बना। इन कुरीतियों से बेटियों को मुक्ति दिलाने संग उनकी शिक्षा, सुरक्षा व पोषण को लेकर जब डीएम डॉ. दिनेश चंद्र, एसपी प्रशांत वर्मा, सीएमओ डॉ. एसके सिंह ने संकल्प लिया। कहा कि इस कलंक को मिटाने के लिए प्रशासन हर स्तर पर लीक से हटकर काम करने के साथ ही सद्भावना संस्था के प्रयासों को फलीभूत करने को हर संभव कदम भी उठाएगा।



जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र को गदा भेंट करते संस्थाध्यक्ष।

सामाजिक संस्था सद्भावना की ओर से किशोरी सदन का आयोजन किया गया था। इस सदन का मुख्य विषय तराई में बाल विवाह व कुपोषण जैसी विभीषिका से जूझ रहीं बेटियों को मुक्ति दिलाना रहा। डीएम ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से विवाह के लिए आयु निर्धारित कर दी गई है। नियमों की अनदेखी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। हर स्तर पर इसके पालन को लेकर कदम उठाए जाते हैं, लेकिन समाज व उससे जुड़े लोगों का साथ मिलने पर इससे जड़ से मिटाने में कामयाबी मिलती है। संस्था की ओर से किए जा रहे प्रयासों से जिले को बाल विवाह की प्रथा से मुक्त कराने के लिए प्रशासन हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। एसपी ने कहा कि बाल विवाह अपराध है। बेटी का ब्याह के बजाय शिक्षा देकर मजबूत करें। बेटियां दो घरों का चिराग होती हैं।

योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि बाल विवाह न केवल अभिशाप है, बल्कि समाज व परिवार के लिए कलंक है। इसे मिटाने के लिए संस्था का हर कार्यकर्ता मजबूती के साथ खड़ा है।

# जवानों संग सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया

श्रावस्ती। एसपी ने पुलिस जवानों श्रमदान कर परिसर को साफ किया। साथ ही लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसी तरह सभी थानों में भी साफ सफाई की गई।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से शुक्रवार सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान एसपी ने पुलिस जवानों के साथ पुलिस लाइन में परिसर की साफ सफाई की ओर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। एसपी के निर्देशानुसार सभी थानों में भी सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। इसके अलावा एसपी ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित तालाब का निरीक्षण किया। रेन वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक का प्रयोग कर जल संरक्षण करने के संबंध में प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिससे पक्षियों के विचरण में सुविधा हो व मत्स्य पालन भी किया जा सके। एसपी ने कहा कि स्वच्छता से ही अनेकों बीमारियांदूर हो जाती हैं।साथ ही स्वच्छता होने से कार्यालय समेत पास पड़ोस स्वच्छ रहता है। लोगों को प्रतिदिन साफ सफाई के लिए श्रमदान ककरना चाहिए।

## फरार आरोपित को पकड़ा

**मोतीपुर/मिहींपुरवा** : मुर्तिहा कोतवाल शशि कुमार राणा के नेतृत्व में गठित की गई टीम के उप निरीक्षक हरीश सिंह, कांस्टेबल अशोक यादव, साबिर हुसैन ने वांछित मनोज कुमार शुक्ल उर्फ गुड्डू निवासी अमृतपुर पुरैना को बोझिया पुल से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। (संसू)

## पुलिस ने चस्पा की नोटिस

बौंडी : थानाध्यक्ष बौंडी गणनाथ प्रसाद ने बताया कि बुधवार को खैरीघाट के बरुही टेपरी गांव में विक्रम व गुड्डू के घर पर 82 की नोटिस चस्पा की गई। एसओ ने बताया कि दोनों गैंगस्टर के आरोपित हैं। गांव में मुनादी भी कराई गई है। (संसू)

# कुपोषण, बाल विवाह समाज का कलंक

जागरण संवाददाता, बहराइच: सामाजिक संस्था सद्भावना ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के साथ मिल कर कुपोषण एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ मुहिम छेड़ी तो उसे प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा आम जनता का भी साथ मिला।

किसान महाविद्यालय में आयोजित मातृ एवं किशोरी सदन की बैठक में जिलाधिकारी ने लोगों को बाल विवाह किसी भी दशा में न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। कुपोषण तथा बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए बालिका शिक्षा का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने कहा कि गरीबी, कुपोषण जैसी समस्या का सबसे बड़ा कारण बाल विवाह है। आयोजक सद्भावना संस्था के अध्यक्ष योगेंद्रमणि त्रिपाठी ने बाल विवाह रोकने के लिए शपथ दिलाई। जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओं शकीना, रुधि श्रीवास्तव, शहनूर, दीपा, दीपमाला की गोद भराई की। पांच बच्चों सत्यम, हार्दिक, आयुष, आराध्या व अखतर जहां का अन्नप्राशन कराया गया। इस दौरान जिलाधिकारी को संतोष सिंह वालिया ने तलवार तथा योगेंद्रमणि त्रिपाठी ने राजस्थानी पगड़ी व गदा भेंट कर स्वागत किया। आयोजन में संस्था के उत्तम वर्मा, विमल श्रीवास्तव, गुफरान बरकाती, महेंद्र अवस्थी, जया त्रिवेदी, प्रमोद तिवारी, सतीश त्रिपाठी, सनत पाठक, विनय सिंह गुड्डू, अनिल लोधी, कमला सोनी, विशुनदयाल थारू सक्रिय रहे। चुनरी और तिलक से विभूषित 500 पियर एजुकेटर किशोरियों की शंख ध्वनियों और पुष्प वर्षा के मध्य डीएम ने महाआरती की। कुछ कन्याओं को माला पहनाकर स्वागत किया।



किसान महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डीएम डा. दिनेश चंद्र को सम्मानित करते योगेंद्र मणि • जागरण

# फरार बैंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के खिलाफ जांच शुरू

संसू, जरवलरोड (बहराइच) : फरार इंडियन बैंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के खिलाफ बैंक अधिकारियों ने जांच शुरू की है। टीम ने शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए। एक सप्ताह पूर्व इंडियन बैंक ग्राहक सेवा केंद्र मुहल्ला चौक के संचालक अभिजीत गुप्त ग्राहकों का करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गया था।

एलडीएम अमित गौरव ने बताया कि इंटिग्रा कंपनी की ओर से संचालित इंडियन बैंक ग्राहक सेवा केंद्र कार्यालय पर ताला लगा है। वित्तीय लेनदेन में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर शाखा प्रबंधक ने सेवा केंद्र को पहले ही बंद करा दिया था। प्रकरण की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र एग्रीमेंट के तहत चलाए जाते हैं। इन सेंटरों पर ग्राहक 20 हजार रुपये तक जमा और दस हजार रुपये तक की निकासी कर सकते हैं। प्राथमिक जांच के दौरान पता चला कि कुछ ग्राहकों ने केंद्र संचालक के साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी लेन-देन किए हैं।

# अमृतपाल की तलाश तेज सीमा पर बढ़ी चौकसी

संवाद न्यूज एजेंसी

## अमृतपाल व अतीक के शूटरों के शक में बढ़ी चेकिंग



सीमा पर चेकिंग करते एसएसबी के जवान। -संवाद

**रूपईडीहा(बहराइच)।** भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। पहले माफिया अतीक के शूटरों के नेपाल भागने का शक और अब पंजाब के फरार आरोपी अमृतपाल के पोस्टर चस्पा होने के बाद एसएसबी व स्थानीय पुलिस और सक्रिय हो गई है। सीमा पर आने व जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की चेंकिग की जा रही है।

जिले में नेपाल की खुली सीमा करीब 105 किलोमीटर है। ऐसे में अपराधी प्रवृत्ति के लोग आसानी से सीमा पार कर नेपाल भाग जाते हैं। बीते दिनों प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी अतीक के पुत्र व उसके शूटरों के बहराइच में एक होटल में रुकने और फिर नेपाल भागने की बात सामने आई थी। इसके बाद एसटीएफ ने नेपाल से एक व बहराइच शहर से दो संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की थी। वहीं बीते सप्ताह शहर से ही शाइन सिटी घोटाले के एक आरोपी को भी कानपुर पुलिस ने पकड़ा था।

बृहस्पतिवार को पंजाब के खालिस्तान समर्थक फरार आरोपी अमृतपाल व अन्य कुछ लोगों के फोटो भी चस्पा किए गए थे। इन सब मामलों के सामने आने के बाद एसएसबी के जवानों व स्थानीय पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। एसएसबी कमांडेंट तपनदास व रूपईडीहा कोतवाल श्रीधर पाठक सीमा क्षेत्र में लगातार संदिग्धों पर नजर रख रहे है।

# कुरीतियों के खात्मे को शिक्षा जरूरी

## राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत जिले में 20 मार्च से 03 अप्रैल तक आयोजित होने वाले पोषण पखवाड़ा के तहत किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आईसीडीएस व सामाजिक संस्था सद्भावना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने लोगों को कुपोषण व बाल विवाह समेत अन्य कुरीतियों के खात्मे में शिक्षा के अहम योगदान के बारे में बताया। साथ ही इनके खात्मे की शपथ दिलाई।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा सद्भावना संस्था की ओर से मातृ एवं किशोरी सदन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, पीयर एजूकेटर तथा बालिकाओं द्वारा बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने मुख्य अतिथि तथा पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम के दौरान पखवाड़ा अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ मिलेट्स एवं पौष्टिक अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी. सवा, कोदों आदि के पोषक तत्वों तथा उनसे तैयार उत्पादों की उपयोगिता के प्रचार प्रसार, स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा, सक्षम आंगनवाडी केन्द्र तथा बाल विवाह पर चर्चा हुई। डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने कुपोषण से बचाव एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही सभी ग्राम स्तरीय कार्मिकों को निर्देशित किया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान परिवारों को बालिका शिक्षा, कुपोषण से बचाव तथा बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए लोगो को जागरूक करें।



केडीसी में कुरीतियों के खात्मे की शपथ दिलाते डीएम व एसपी। -संवाद

विशिष्ट अतिथि एसपी प्रशान्त वर्मा ने कहा कि कुपोषण एवं बाल विवाह एक दूसरे से जुड़ी हुई समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि कुपोषण व बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर प्रभावी अंकुश के लिए समाज का जागरूक होना जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान संदभावना संस्था के योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने बाल विवाह रोकने के लिए मौजूद लोगों को शपथ दिलायी। जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने कुपोषण से बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान डीएम व एसपी ने गर्भवती महिलाओं शकीना पत्नी अब्दुल, रूधि श्रीवास्तव पत्नी रितेश श्रीवास्तव, शहनूर पत्नी समसाद अली, दीपा पत्नी कुलजीत, दीपमाला पत्नी कृष्णा की गोद भराई तथा सत्यम, हार्दिक, आयुष, आराध्या व अखतर जहां का अन्नप्राशन भी कराया गया।

कार्यक्रम में डीएम को सरदार संतोष सिंह वालिया ने तलवार तथा सद्भावना संस्था के योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने राजस्थानी पगड़ी व गदा भेंट की। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. एसके सिंह, डीडी कृषि टीपी शाही आदि मौजूद रहे।

# इस थाने के पुलिस कर्मी पशु प्रेमी

**मोतीपुर (बहराइच)।** मोतीपुर थाना परिसर में तीन दर्जन के करीब खरगोश पले हुए हैं। इन की



देखरेख थाने के प्रभारी निरीक्षक पशु प्रेमी मुकेश कुमार सिंह कर रहे हैं। दो जोड़ी खरगोश के साथ परिसर में पालन की शुरुआत हुई थी। प्रभारी निरीक्षक की देखरेख व अन्य पुलिस कर्मियों की बेहतर पालन-पोषण से कुनबे में बढ़ोतरी हुई है।

अब खरगोशों की संख्या 36 बताई जा रही है। कांस्टेबल विकास सिंह और पंकज पटेल ने बताया कि थाना परिसर में बनी फुलवारी के बीच उनके रहने की व्यवस्था है। खाने के लिए हरी घास, पत्ता गोभी, गाजर व उनके अन्य पसंदीदा भोजन की व्यवस्था की जाती है। संवाद

# मैत्री बस से फिर चरस बरामद

## पौने चार किलो चरस के साथ नेपाल की महिला व युवक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**रूपईडीहा(बहराइच)।** भारत व नेपाल के बीच चलने वाली मैत्री बस सेवा में एक बार फिर से पौने चार किलो चरस बरामद की गई है। एसएसबी व रूपईडीहा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक महिला व युवक को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि चरस नेपाल से दिल्ली ले जाई जा रही थी।

नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 42वीं वाहिनी के कमांडेंट तपन कुमार दास ने बताया कि बृहस्पतिवार रात सीमा पर चेकिंग अभियान चल रहा था तभी भारत-नेपाल मैत्री बस में चेकिंग के समय पीछे की सीट के नीचे बैग से चरस बरामद हुई।



**एसएसबी की गिरफ्त में तस्कर।** -संवाद

इस दौरान एक महिला व युवक को गिरफ्तार किया गया। तस्करों ने पुलिस को बताया कि चरस नेपाल से दिल्ली ले जा रहे थे। युवक की पहचान दुर्गा प्रसाद व महिला की पहचान आशा रोका निवासी नेपाल के रूप में हुई है। इनके पास से तीन किलो 750 ग्राम चरस बरामद हुई है। साथ ही दो मोबाइल व 1700 रुपये मिले हैं। कोतवाल रुपईडीहा श्रीधर पाठक ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि चरस मिलने के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

### एक सप्ताह में मिल चुकी 70 किलो चरस

रूपईडीहा के पास नेपाल सीमा पर बीते एक सप्ताह में एसएसबी व स्थानीय पुलिस की सक्रियता से करीब 70 किलो चरस बरामद की जा चुकी है। वहीं तीन आरोपी पकड़े जा चुके हैं। चार दिन पहले भी मैत्री बस में चरस की बरामदगी हो चुकी है। इससे साफ है कि तस्कर बस के रास्ते काले कारोबार को अंजाम दे रहे है। इस वजह से पुलिस अधिकारी काफी परेशान हैं। अब पुलिस इसके पीछे छिपे मुख्य लोगों के बारे में भी पता लगाने का प्रयास कर रही है।

**विस्फोटक के साथ गिरफ्तार नेपाली युवक की पुलिस रिमांड मंजूर**

**बहराइच।** सीमा पर विस्फोटक पदार्थो के साथ गिरफ्तार नेपाली युवक हरिबहादुर रावत से पूछताछ के लिए शुक्रवार को सीजेएम न्यायालय से सात दिन की पुलिस रिमांड मंजूर हो गई।

# बालक की गला रेतकर हत्या

## नानपारा कोतवाली क्षेत्र के परसा गांव की वारदात, घर से एक किमी. दूर खेत में पड़ा मिला शव

संवाद न्यूज एजेंसी

**नानपारा/ अगैय्या (बहराइच)।** आठ साल के बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। नानपारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसा में हुई इस वारदात से लोगों में गुस्सा है। बृहस्पतिवार रात हुई घटना की जानकारी पर एसपी प्रशांत वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। साथ ही खुलासे के लिए तीन टीमें का गठित की गईं हैं। ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम परसा अगैया निवासी किशुन वर्मा बृहस्पतिवार रात पत्नी व बड़े बेटे विशाल वर्मा (14) के साथ मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर पर उनका आठ वर्षीय बेटा विवेक ताऊ रामकिशुन, चचेरे भाई अनूप व बहन पूजा के साथ था।

रात नौ बजे कार्यक्रम से लौटने के बाद विवेक परिजनों को नहीं दिखा। इसके बाद विवेक की खोज शुरू हुई। घर से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर गेहूं के खेत में

**परिवारवालों ने किसी भी तरह की रंजिश से किया इंकार**

**ग्रामीणों में गुस्सा, एहतियातन पुलिस बल तैनात**



**नानपारा कोतवाली क्षेत्र के परसा गांव में विवेक (इनसेट में) की हत्या के बाद घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी।** -संवाद

विवेक का शव दिखा। देखने पर पता चला कि धारदार हथियार से विवेक का गला रेतकर हत्या कर दी गई है। उसके सिर पर भी हमले के निशान मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच की। किशुन ने बताया कि उनकी किसी से रंजिश नहीं है। समझ में नहीं आ रहा कि किसने बेटे की जान ले ली। उनकी तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दोपहर में परीक्षा देकर लौटा था

विवेक दो भाइयों में छोटा था। वह प्राथमिक विद्यालय परसा में कक्षा चार का छात्र था। बृहस्पतिवार को दिन में दो बजे विवेक परीक्षा देकर लौटा था। उसके पिता के पास पांच बीघा जमीन है और वह आटा चक्की चला कर परिवार पालते हैं।

■ ***करीबियों पर घूमी शक की सुई :*** आठ साल के बालक की हत्या जिस तरह से की गई है उससे यह लगता है कि परिवार से किसी की पुरानी रंजिश रही है। हालांकि, विवेक के परिजन रंजिश न होने की बात कह रहे है। हालांकि, पुलिस इसी बिंदु पर जांच कर रही है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है।

“ गला रेतकर बालक की हत्या की गई है। खुलासा करने के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गईं हैं। जल्द ही घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। -**प्रशांत वर्मा,** एसपी

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-03-2023

# पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने को टोलीवार ड्रिल कराया। इसके साथ ही पुलिस लाइन का निरीक्षण कर निर्देश दिया।

# जवानों संग सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया

श्रावस्ती। एसपी ने पुलिस जवानों श्रमदान कर परिसर को साफ किया। साथ ही लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसी तरह सभी थानों में भी साफ सफाई की गई।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से शुक्रवार सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान एसपी ने पुलिस जवानों के साथ पुलिस लाइन में परिसर की साफ सफाई की ओर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। एसपी के निर्देशानुसार सभी थानों में भी सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। इसके अलावा एसपी ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित तालाब का निरीक्षण किया। रेन वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक का प्रयोग कर जल संरक्षण करने के संबंध में प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिससे पक्षियों के विचरण में सुविधा हो व मत्स्य पालन भी किया जा सके। एसपी ने कहा कि स्वच्छता से ही अनेकों बीमारियांदूर हो जाती हैं।साथ ही स्वच्छता होने से कार्यालय समेत पास पड़ोस स्वच्छ रहता है। लोगों को प्रतिदिन साफ सफाई के लिए श्रमदान ककरना चाहिए।

# 34 वाहनों का चालान किया गया

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान 34 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया।

# ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग के अभिन्न अंग : एसपी



पुलिस लाइन में ग्राम प्रहरी को सम्मानित करतीं एसपी प्राची सिंह ( बाएं ) ● जागरण

**जासं, श्रावस्ती :** पुलिस लाइन सभागार शुक्रवार को ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसपी प्राची सिंह ने की। उन्होंने ग्राम प्रभारियों से कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं बारे में जानकारी ली। इस दौरान 44 ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया गया। एसपी ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग के अभिन्न अंग हैं।

एसपी ने कहा कि गांव स्तर पर बहुत सारी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ग्राम प्रहरी सतर्क रहकर तत्काल संबंधित थाने पर सूचित करें। सभी लोग थाना प्रभारी, बीट पुलिस अधिकारी समेत उच्चाधिकारियों के मोबाइल नंबर अपनी डायरी व मोबाइल फोन में अवश्य फीड करें। कोई समस्या हो तो अधिकारियों को तत्काल फोन करें। इस मौके पर 44 ग्राम प्रहरियों को टिफिन, छाता व टार्च भेंट की। सोनवा क्षेत्र के ग्राम प्रहरी प्रेम कुमार ने शानदार गीत प्रस्तुत किया।

# शांतिभंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बृहस्पतिवार रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नौ लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई। संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# 34 वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार को नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच अभियान चलाया। पुलिस ने 34 वाहनों का ई-चालान किया। साथ ही 66500 रुपये जुर्माना भी वसूला। संवाद

# एसपी ने सुरक्षा को लेकर फ्लैग मार्च किया

गिरंटबाजार। त्योहारों को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार शाम को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने नवरात्र पर्व व माहे रमजान के मद्देनजर हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के बदला चौराहा, गिरंट बाजार, मिर्जापुर चौराहा पर पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया। इस दौरान एसपी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

# एसपी ने भी किया श्रमदान



**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। पुलिस कर्मियों के साथ एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने श्रमदान किया। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है, ऐसे में स्वच्छता जरूरी है। इससे जहां मच्छरों का प्रकोप कम होगा और लोग संक्रामक रोग की चपेट में आने से बचेंगे। इसके लिए सभी लोग श्रमदान करे, इससे उनका शारीरिक श्रम भी होगा जो सेहत के लिए जरूरी है। इस दौरान एसपी ने एएसपी प्रवीण कुमार यादव व आरआई विनोद कुमार सिंह सहित पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस लाइन परिसर में बने तालाब की सफाई की। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक का प्रयोग कर जल संरक्षण करने व तालाब में मत्स्य पालन करने की सलाह दी। इस दौरान कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

# पुलिस लाइन की सफाई पर दें ध्यान

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में शुक्रवार को एसपी ने रैतिक परेड की सलामी ली। उन्होंने पीआरवी वाहनों सहित पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों को दुरुस्त करने के लिए आरआई को निर्देश दिए। एसपी प्राची सिंह ने परेड की सलामी लेकर उसका बारीकी से निरीक्षण किया।

शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उन्होंने ड्यूटी के दौरान सभी कर्मचारियों को वर्दी में रह कर अपना कर्तव्य निर्वहन करने व जनता के साथ मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, डीसीआर, बैरिक, शौचालय आदि का भी निरीक्षण किया। कमियों को दुरुस्त करने व सफाई-व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ इकौना संतोष कुमार, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

# 44 ग्राम प्रहरियों को एसपी ने किया सम्मानित



**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें एसपी ने 44 ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया।

एसपी प्राची सिंह ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग के अभिन्न अंग है। गांव स्तर पर बहुत सारी समस्याएं होती हैं। इसकी तत्काल संबंधित थाने पर सूचना दें। सभी लोग अपने पास थाना प्रभारी, बीट पुलिस अधिकारी सहित उच्चाधिकारियों के मोबाइल नंबर डायरी व मोबाइल में अवश्य फीड करें। जिससे कोई समस्या हो तो तत्काल फोन कर अपने अधिकारियों को समय से अवगत कराया जा सके।

अवैध शराब व क्षेत्र में माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों व चोरी करने वालों की तत्काल पुलिस को सूचना दें। इस दौरान उन्होंने भिनगा कोतवाली के सात, सिरसिया के पांच, गिलौला के आठ, सोनवा के पांच, इकौना के पांच, नवीन मॉडर्न थाना के चार, गिरंट के पांच व मल्हीपुर के पांच ग्राम प्रहरी को टिफिन, छाता व टॉर्च प्रदान किया। इस दौरान सोनवा क्षेत्र के ग्राम प्रहरी प्रेम कुमार ने गीत भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर आरआई विनोद कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद